दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — धान खरीदी : 12 दिन शेष है, लक्ष्य...
4 अभिव्यक्ति — चौधरी ब्रह्म प्रकाश चुने गए थे दिल्ली के...
9 मनोरंजन/व्यापार — वर्तमान समाज का आइना दिखायेगी थप्पड़...
11 खेल — पृथ्वी और मयंक करेंगे ओपनिंग, राहुल...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 5 फरवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-295 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सर्फ एक्सल के गंदगी फैलाने वाले विज्ञापन- दाग अच्छे हैं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा देनी चाहिए। इस विज्ञापन का दुष्परिणाम राजनीति में साफ दिख रहा है। सभी राजनीतिक दलों के लिए दाग अच्छे हो गए है। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी सभी राजनीतिक दलों ने दिल खोलकर दागियों को दंगल में उतारा है। आम आदमी पार्टी के 51 प्रतिशत, भाजपा के 20 प्रतिशत और कांग्रेस के 15 प्रतिशत प्रत्याशी दागी है। बीएसपी और एनसीपी इस मामले में चौथे और पांचवे स्थान पर है। ये सभी दागी जीत गए जो दिलवालों की दिल्ली दागवालों की दिल्ली बन जाएगी।

हाथियों से लोगों की जान बचाने वाले नाथूराम को दंतेलों ने ही कुचला

■ कई लोगों की जान बचा चुके थे 28 साल के नाथूराम

■ घटना के बाद विभाग गंभीर, हत्यारे दंतेल को लगा सकते हैं कॉलर आईडी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। वन मंडल कटघोरा में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। रोज किसी न किसी इलाके से हाथियों की वजह से अनहोनी की खबरें आती ही रहती हैं। ताजा मामला केंदई रेंज कोरबी इलाके का है। सोमवार की रात यहां के लाद गांव में खूंखार हो चुके दंतेल (लोनर) हाथी ने अब हाथी मित्र दल के नाथूराम (28) को ही मार डाला, जिससे उनकी मौत हो गई। ये वही नाथूराम हैं, जिन्होंने जंगली हाथियों से कई लोगों की जान बचाई। नाथूराम की मौत से वनविभाग सकते में है। विभाग के अफसरों की मानें तो अब इस हाथी पर नकेल कसने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। कटघोरा वनमंडल के डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इसके तहत दंतेल हाथी को कॉरल आईडी भी लगाया जाएगा। वहीं अन्य जंगली हाथियों से ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वनमंडल के सभी रेंज के गांवों के लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

कटघोरा में पश्चिम बंगाल से बुलाए जाएंगे एक्सपर्ट

डीएफओ उपाध्याय के मुताबिक जंगली हाथियों से ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम बंगाल से एक्सपर्ट्स को बुलाया जाएगा। ये विशेषज्ञ कटघोरा वनमंडल के सभी रेंज अंतर्गत गांवों के लोगों को हाथियों का मिजाज भांपने के गुर सिखाएंगे। इस प्रशिक्षण से ग्रामीण हाथियों के आने पर अपनाई जाने वाली गतिविधि से रूबरू हो सकेंगे, जिससे हाथी उग्र नहीं होंगे और लोगों की जान भी बचाई जा सकेगी।

कॉलर आईडी लगाने वन विभाग को भेजेंगे प्रस्ताव

खूंखार हो चुके दंतेल हाथी को कॉलर आईडी लगाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि इस हाथी की लोकेशन का पता चल सके। कॉलर आईडी लगाने पर उसकी मूवमेंट का पता चलता रहेगा। उसके रिहायशी इलाके की ओर बढ़ने पर उसे रोका जा सकेगा।

जितेंद्र उपाध्याय, डीएफओ, कटघोरा वनमंडल

केंद्रीय मंत्री हेगड़े के बयान को लेकर लोकसभा में तीखी नोकझोंक

बापू पर विवादित बयान से भंग हुई सदन की शांति

कांग्रेस समेत विपक्षी दलों का बहिर्गमन

नई दिल्ली वार्ता। भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री अनंत कुमार हेगड़े द्वारा महात्मा गांधी के संबंध में दिये गये विवादित बयान को लेकर लोकसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जिसके बाद कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने सदन से बहिर्गमन किया। इस मुद्दे पर सुबह प्रश्नकाल के दौरान ही हंगाम के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। जिसके बाद दोपहर 12 बजे जब कार्यवाही दुबारा शुरू हुई तो कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया।

भाजपा नेताओं द्वारा महात्मा गांधी को कहे जा रहे अपशब्द : अधीर रंजन

अधीर रंजन ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अपशब्द कहे जा रहे हैं। उनके सत्याग्रह को 'नौटंकी' बताया जा रहा है। रंजन ने भी रावण से जोड़ते हुये भाजपा के सदस्यों के लिए कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की। उनके इतना कहते ही सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े हो गये और आपत्ति करने लगे। इसी बीच कांग्रेस के सदस्य हाथों में तख्तियां लिये सदन के बीचो-बीच आ गये और 'महात्मा गांधी अमर रहे' के नारे लगाने लगे।

मंत्री जोशी ने कहा- भाजपा सदस्य ने ऐसा बयान दिया ही नहीं

संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भाजपा के जिस सदस्य की विपक्ष बात कर रहा है उन्होंने ऐसा कोई बयान देने की बात से इनकार किया है। जोशी ने कहा कि भाजपा के सदस्य महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी हैं और उनकी 150वीं जयंती वर्ष पर सबने 150 किलोमीटर की पदयात्रा की है। उन्होंने कांग्रेस के सदस्यों के बारे में कहा 'ये नकली गांधी - सोनिया गांधी और राहुल गांधी- के अनुयायी हैं। इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने भी आपत्ति जताई। कांग्रेस सदस्य 'प्रधानमंत्री सदन में आओ' और 'प्रधानमंत्री जवाब दो' के नारे लगाने लगे।

सीएए नागरिकता देता भी है और लेता भी है। असम में पांच लाख मुस्लिमों के नाम नहीं आए, लेकिन असम के बंगाली हिंदुओं को नागरिकता देना चाहते हैं। मैं घुसपैठिया नहीं, घुसपैठियों का बाप हूं। एनपीआर और एनआरसी एक ही है।

असदुद्दीन ओवैसी सांसद

सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के साथ सत्ता में आये सत्ता पक्ष ने गैरकानूनी गतिविधि निरोधक कानून, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन कानून, नागरिकता संशोधन कानून, सदन में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर को लेकर दिये गये बयानों से बड़ी मुश्किल से हासिल आज़ादी को खतरे में डाल दिया है।

शशि थरूर, कांग्रेस नेता

निर्भया : दोषियों को जल्द फांसी देने की मांग उठी राज्यसभा में

नई दिल्ली (वार्ता)। पूरे देश को दहला देने वाले निर्भया सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्याकांड के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी देने के लिए व्यवस्थात खामियों को दूर करने की मांग करते हुए मंगलवार को राज्यसभा में कहा गया कि इस पर राजनीतिक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए। सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सदन की चिंताओं से सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि कानूनी प्रक्रियाओं में सभी को समान अवसर उपलब्ध होते है लेकिन इनका बेजा फायदा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने वालों को 8 को सिखाएं सबक

दिल्ली चुनाव: द्वारका रैली में फिर गरजे पीएम मोदी

नई दिल्ली ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को द्वारका की चुनावी रैली में अरविंद केजरीवाल सरकार पर जमकर हमला बोला। चुनाव के ऐलान के बाद दिल्ली में अपनी दूसरी रैली में पीएम ने राष्ट्रवाद के मुद्दे को भी धार दी। पीएम ने कहा कि दिल्ली को दोष देने वाली नहीं, दिशा देने वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटिंग से 4 दिन पहले बीजेपी के पक्ष में ऐसा माहौल कई लोगों की नींद उड़ा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने जहां अपनी सरकार की उपलब्धियों का जमकर बखान किया, वहीं केजरीवाल सरकार पर दिल्ली के विकास की राह में रोड़ा अटकाने का आरोप लगाया। पीएम ने अरविंद केजरीवाल बयानों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'बीजेपी के पक्ष में माहौल से कई लोगों की नींद उड़ी'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कल पूर्वी दिल्ली में और आज यहां द्वारका में यह साफहो गया है कि 11 फरवरी को क्या परिणाम आने वाले हैं। दिल्ली को बढ़ाने के लिए, राष्ट्रहित के भाव को बुलंद रखने के लिए आपके इस जोश और जुनून को मैं आदरपूर्वक नमन करता हूं। दिल्ली का यह चुनाव इस दशक का पहला चुनाव है। यह दशक भारत का दशक होने वाला है और भारत की प्रगति उसके आज लिए गए फैसले पर निर्भर करेगी। आज एक तरफइन फैसलों को लेने वाला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में 477 संशोधन

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 477 संशोधनों की मांग की है। उपसभापति हरिवंश ने मंगलवार को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने सभी सदस्यों के नाम पुकारते हुए बताया कि किस सदस्य ने कितने संशोधन दिए हैं। इन संदस्यों में कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य हैं जिनमें सर्वश्री मोतीलाल वोरा, दिग्विजय सिंह, सुब्बारामी रेड्डी, मधुसूदन मिस्त्री, डेरेक ओ ब्रायन, तिरुचि शिवा, वाइको, टी रंगराजन के. के. रागेश, विनय विस्वाम आदि शामिल हैं।

किसान कर रहे हैं आत्महत्या, सरकार को सुध नहीं: प्रियंका

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्ज के कारण किसानों की आत्महत्या को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि उसके दावों की पोल खोलने वाली इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रह है। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट किया जब भाजपा सरकार बजट में किसानों के हितों की खोखली बातें कर रही थी,उसी समय उत्तर प्रदेश के बांदा में किसान आत्महत्या की घटना सरकार के दावों की पोल खोल रही थी। बुदेलखंड में कर्ज के चलते किसान आत्महत्याओं की घटनाएं रुक नहीं रही हैं लेकिन भाजपा ने इसकी कभी सुध नहीं ली। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है कि बैंक और साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या।

जिला पंचायत सुकमा में फिर कांग्रेस का कब्जा

■ मंत्री कवासी लखमा के पुत्र कवासी हरीश बनेंगे अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

सुकमा। जिला पंचायत सुकमा में कांग्रेस नें 11 में से 09 सीट पर जीत हासिल की है। जिला पंचायत अध्यक्ष कवासी हरीश मंत्री कवासी लखमा के पुत्र का पुनः जिला पंचायत सुकमा के अध्यक्ष बनना तय है।

जगरगुंडा में कांग्रेस की जीत पर इस पर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि सत्ता में हमारी सरकार आते ही हमने सबसे पहले जगरगुंडा में सालो से बंद पड़ी स्कूल को खुलवाया है। इसके बाद यहां पर सरकारी भवनों को ठीक कराया गया और जगरगुंडा को उपतहसील का दर्जा दिलाया। सरकार के इस काम को लोगों ने खूब प्रशंसा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा को तीन सीट भी नहीं मिलेगी : सीएम भूपेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने दिल्ली रवाना होने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार तथा भाजपा पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अपनी जमीन खो चुकी भाजपा को तीलन सीट भी नसीब नहीं होने वाली। मुख्यमंत्री 3 दिनों के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। दिल्ली जाने के पूर्व श्री बघेल ने कहा कि वे दिल्ली में कांग्रेस के पक्ष में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने के लिए जा रहे हैं। राहुल गांधी के साथ ही प्रियंका गांधी के साथ वे कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करेंगे। शाहीन बाग प्रकरण को लेकर उन्होंने कहा कि जिस तरह से वहां महिलाएं एकत्रित हैं, प्रदर्शनकारियों पर जिस तरह से व्यवहार किया जा रहा है, यह गलत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के पक्ष में आमसभाएं और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जाकिया जाफरी की याचिका पर टली सुनवाई, 14 अप्रैल को होगी

नयी दिल्ली वार्ता। उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों की जांच करने वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी एवम् अन्य को क्लीनचिट देने के खिलाफ याचिका की सुनवाई 14 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। गोधरा काण्ड के बाद हुए दंगों में कांग्रेस के पूर्व नेता एहसान जाफ्री मारे गए थे। उनकी पत्नी जकिया जाफ्री ने एसआईटी द्वारा मोदी को क्लीनचिट देने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की पीठ के समक्ष मंगलवार को जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया, वकील अपर्णा भट ने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अनुपस्थित रहने की बात कही है इसलिए उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए दूसरी तारीख देने का अनुरोध किया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पति-पत्नी के विवाद में महिला ने अपने दो मासूम बेटों की गला दबाकर कर दी हत्या

■ तीसरे बच्चे की हत्या की बना रही थी योजना

■ हत्या के बाद बच्चों की लाश दफना दी थी पड़ोसी के सेप्टिक टैंक में

जांजगीर (नवप्रदेश)। जांजगीर जिले के ग्राम बिरगहनी में आज एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने अपने दो मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी। व तीसरे बच्चे की हत्या करने की योजना बना रही थी तभी घटना की जानकारी परिवार वालों को हो गई व महिला को पुलिस के हवाले कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा स्थित ग्राम बिरगहनी में सोमवार की रात्रि अनीता यादव का किसी बात को लेकर अपने पति बलराम यादव के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद आवेश में आकर महिला ने अपने दो बेटे व एक बेटी की हत्या का योजना बनाकर डेढ़ साल के बेटे व दो माह के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। लाश को पड़ोसी के घर शौचालय में छुपा दिया। वही अपने 6 साल की मासूम बेटी की हत्या करने की योजना बनाते समय घटना के बारे में परिवारजनों को पता चल गया व सारा मामला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बदलाव | मिली शिकायत तो परिवहन मंत्री ने किया ऐसा इंतजाम

वक्त पर मिलेगा यात्री बसों को परमिट

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में सोमवार को इन्द्रावती भवन नवा रायपुर में परिवहन विभाग के अधिकारियों और बस संचालकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। श्री अकबर ने बैठक में डिवीजनल आयुक्त कार्यालय में बस परमिट जारी करने, नवीनीकरण संबंधित शिकायतों को ध्यान में रखते हुए परिवहन आयुक्त कार्यालय से बस परमिट जारी करने का बड़ा निर्णय लिया है। अब संपूर्ण छत्तीसगढ़ को एक क्षेत्र मानते हुए यात्री बस परमिट डिवीजनल आयुक्त कार्यालय के बजाय अब परिवहन आयुक्त कार्यालय से नवीन बस परमिट, अनुज्ञापत्रों का नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापना संबंधी प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा मोटर अधिनियम 1988 की धारा 68 के प्रयोजन हेतु संपूर्ण छत्तीसगढ़ को एक क्षेत्र घोषित करते हुए एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का गठन किया जाकर परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ को एकल क्षेत्रीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एकल परमिट शुरु, यहां दुकानदारी बंद

एकल प्रक्रिया के तहत यात्री बस परमिट जारी होने से बस संचालकों को समय-सीमा में बस परमिट मिल सकेगा और आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी। प्रदेश में पांच क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय-रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर डिवीजनल कार्यालय है। जहां यात्री बस परमिट जारी किए जाते हैं। अब इन डिवीजनल कार्यालयों में बस परमिट जारी नहीं होगा।

शाहीन बाग प्रदर्शन : सुको का याचिकाकर्ता को निर्देश

मैंशनिंग रजिस्ट्रार के पास जाएं

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राजधानी के शाहीन बाग में चल रहे धरना प्रदर्शन को हटाने संबंधी याचिका पर महत्वपूर्ण निर्देश दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह त्वरित सुनवाई के आग्रह को लेकर मैंशनिंग रजिस्ट्रार के पास जाएं। याचिकाकर्ता नंद किशोर गर्ग की ओर से मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष याचिका का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

याचिका में ये हैं मांगें

याचिका में मांग की गई है कि शाहीनबाग में जारी प्रदर्शन को हटाया जाए, ताकि कालिंदी कुंज और शाहीनबाग का रास्ता फिर से खुल सके। इसके लिए न्यायालय केंद्र सरकार और संबंधित विभाग को आदेश दे। याचिका में यह भी मांग की गई है कि सार्वजनिक स्थलों पर धरना प्रदर्शन को प्रतिबंधित करने के लिए न्यायालय केंद्र सरकार को दिशा निर्देश जारी करने का आदेश दे।

रोज वैली स्कैम: गौतम कुंडू ने सेंट जेवियर्स कॉलेज को दिया था 96 लाख रुपये डोनेशन

- रोज वैली स्कैम में एक और बड़ा खुलासा सामने आ रहा है
- ईडी ने सेंट जेवियर्स कॉलेज के तीन बैंक खातों को किया है अटैच
- बताया जा रहा है कि रोज वैली के संस्थापक गौतम कुंडू ने बेटे के ऐडमिशन के नाम पर 96 लाख का डोनेशन दिया था

कोलकाता(ए.)। रोज वैली स्कैम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की गई कार्रवाई में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी के अफसर ने बताया कि रोज वैली के संस्थापक गौतम कुंडू ने बच्चे के एडमिशन के नाम पर सेंट जेवियर्स कॉलेज को 96 लाख रुपये डोनेशन के रूप में दिए थे। रोज वैली स्कैम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज और शाहरुख खान की कंपनी कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े संस्थाओं की संपत्तियों को अटैच कर लिया है। अटैच की गई संपत्तियों में मल्टीपल रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सेंट जेवियर्स कॉलेज कोलकाता, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों के 16.20 करोड़ रुपये शामिल हैं।

ये संपत्तियां हुईं अटैचईडी की ओर से अटैच की गई संपत्तियों में न्यू कोलकाता में एक एकड़ का प्लॉट और एयरपोर्ट के पास वीआईपी रोड पर होटल शामिल है। साथ ही रामनगर और पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर स्थित महिषदल में 24 एकड़ जमीन को भी जब्त किया गया है। ईडी के अफसरों ने बताया कि इसके अलावा मुंबई में 53.9 करोड़ रुपये के होटल को भी अटैच किया गया है।

सेंट जेवियर्स कॉलेज के उन तीन बैंक खातों को भी अटैच किया गया है, जिसमें गौतम कुंडू ने बेटे ऐडमिशन के नाम पर 96 लाख रुपये डोनेशन किया था। इस पूरे मसले पर टाइम्स ऑफ इंडिया ने केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर का पक्ष जानने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया। वहीं सेंट जेवियर्स कॉलेज के प्रिंसिपल डोमनिक सोवियो से संपर्क नहीं हो पाया है।

शाहरुख की पत्नी की बढ सकती है मुश्किलें

कोलकाता नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स में अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी और अभिनेत्री जूही चावला के पति जय मेहता डायरेक्टर हैं। अब ये दोनों भी रोज वैली ग्रुप के साथ स्पॉन्शरशिप डील को लेकर ईडी के निशाने पर हैं। अधिकारी ने बताया कि आईपीएल के 5वें और छठे सीजन में केकेआर के मुख्य स्पॉन्सर रहे रोज वैली के संस्थापक गौतम कांडू साल 2015 से जेल में हैं। रोज वैली ने टी20 फ्रेंचाइजी को 2013 और 2013 में 11.8 करोड़ रुपये दिए थे।

कांग्रेस को एक और झटका, जनार्दन द्विवेदी के बेटे बीजेपी में शामिल

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर है। एक तरफ सभी नेता और कार्यकर्ता अपनी पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं, तो कुछ नेता बागी होकर दूसरी पार्टी का दामन थाम रहे हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता जनार्दन द्विवेदी के बेटे समीर द्विवेदी ने बीजेपी का दामन थाम लिया है।

बेटे के बीजेपी में जाने को लेकर जनार्दन द्विवेदी ने कहा कि मुझे इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। अगर वह बीजेपी को ज्वाइन कर रहे हैं, तो यह उनका निजी फैसला है। यह चौंकाने वाला है कि कांग्रेस के इतने बड़े नेता को यह मालूम नहीं है कि उनका बेटा बीजेपी में शामिल होने जा रहा है।

इससे पहले महाबल मिश्रा के बेटे ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ दिया था। पूर्व सांसद महाबल मिश्रा के बेटे विनय मिश्रा जनवरी महीने में आम आदमी पार्टी (AAP) में शामिल हो गए थे। विनय मिश्रा 2013 में कांग्रेस के टिकट पर पालम विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुके थे, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस

अदालत ने सुरक्षित किया फैसला 11 फरवरी को सजा का ऐलान

- 2018 में मुजफ्फरनगर के बालिका गृह में 34 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था

नई दिल्ली/पटना(ए.)। बिहार के चर्चित मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस में 11 फरवरी को सजा का ऐलान किया जाएगा। इस मामले में दिल्ली की विशेष अदालत ने मंगलवार को 19 दोषियों की सजा पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। इस मामले में सीबीआई के वकील ने अदालत से दोषियों को अधिकतम सजा देने की अपील की है। पूर्व में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ कुलश्रेष्ठ की अदालत ने मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर समेत 19 लोगों को 1045 पन्नों के अपने आदेश में दोषी ठहराया था। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया था।

मंगलवार को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए सीबीआई से यह पूछा है कि फिलहाल शेल्टर होम में कितनी लड़कियां मौजूद हैं। इसके अलावा अदालत ने अपने घर पर मौजूद लड़कियों के बारे मे भी सीबीआई से जानकारी मांगी है। इन दोनों जानकारियों को दो हफ्ते के भीतर अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है।

दोषियों को आजीवन कारावास की मांग

एक ओर जहां सीबीआई ने दोषियों को आजीवन कारावास देने और पीड़ित लड़कियों को मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। वहीं बचाव पक्ष ने कोर्ट से सजा में थोड़ी राहत देने की मांग की है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा है कि जिन दोषियों को सजा दी गई है, उसमें एक विधवा महिला है। इस महिला पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी है और उसकी एक 18 साल की बेटी है। इसके अलावा दोषी विजय के परिवार की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए भी कम सजा देने की मांग की गई है।

34 छात्राओं से हुआ था यौन उत्पीड़न

गौरतलब है कि मुजफ्फरनगर के बालिका गृह में 34 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था। मेडिकल टेस्ट में तकरीबन 34 बच्चियों के यौन शोषण की पुष्टि हुई थी। सुनवाई के दौरान पीड़ितों ने यह भी खुलासा किया कि उन्हें नशीला दवाएं देने के साथ मारा-पीटा जाता था, फिर उनके साथ जबरन यौन शोषण किया जाता था।

सामाजिक कल्याण विभाग के अफसर भी थे शामिल

केस में सीबीआइ की चार्जशीट के मुताबिक मुजफ्फरपुर शेल्टर होम कांड कर्मचारी भी शामिल थे। वे भी मासूम बच्चियों को दरिंदगी का शिकार बना रहे थे। यह भी आरोप है कि बिहार सरकार के सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारी भी बच्चियों के साथ गलत काम में संलिप्त थे।

भारत खरीद रहा इजरायली 'चीता', पीओके में आतंकियों का 'काल' बन करेगा सर्जिकल स्ट्राइक!

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान और चीन से बढ़ते ड्रोन खतरे और आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की जरूरत से निपटने के लिए भारत ने अपनी तैयारी को तेज करना शुरू कर दिया है। भारत लखनऊ में होने जा रहे डिफेंस एक्सपो में इजरायल की मदद से बेहद घातक हेरोन टीपी ड्रोन बनाने के लिए डील करने जा रहा है। आइए जानते हैं क्या है हेरोन टीपी ड्रोन और क्यूं यह है दुश्मनों का काल....

'प्रॉजेक्ट चीता' के लिए डील

भारत पहली बार प्रॉजेक्ट चीता के तहत अत्याधुनिक इजरायली मानवरहित लड़ाकू ड्रोन विमान हेरोन टीपी खरीदने जा रहा है। ये ड्रोन विमान इजरायल की कंपनी आईएआई से खरीदे जाएंगे लेकिन उनका निर्माण भारत में होगा।

36 घंटे तक भर सकता है उड़ान

हेरोन टीपी ड्रोन मध्यम ऊंचाई (45000 फीट) पर उड़ते हुए करीब 36 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है। इसका कुल वजन 5670 किलोग्राम है और लंबाई 14 मीटर है। इसमें 1200 हार्स पावर के शक्तिशाली इंजन लगे हैं।

बम और मिसाइलों से लैस हेरोन

हेरोन टीपी ड्रोन लेजर गाइडेड बम और हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। यह ड्रोन विमान करीब 1000 किमी तक मार करने की क्षमता रखता है। इसकी स्पीड 220 नॉट है। इसमें अत्याधुनिक संपर्क प्रणाली और जीपीएस लगा है।

बेहद खास है हेरोन टीपी ड्रोन

हेरोन टीपी ड्रोन विमान बारिश, ठंड, गर्मी किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम है। इसमें अपने दुश्मनों और मित्रों को पहचाने की हाइटेक तकनीक लगाई गई है। हेरोन टीपी कई मिशन को एक साथ बेहद सटीक तरीके से अंजाम दे सकता है।

आतंकियों का 'काल' है हेरोन टीपी

भारत पहली बार हमलावर ड्रोन विमान खरीदने जा रहा है जिसका इस्तेमाल भारत के अंदर और पीओके में आतंकवाद निरोधक अभियानों में आसानी से किया जा सकता है। इस ड्रोन के जरिए पहाड़ों पर स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट किया जा सकता है।

लंबी दूरी तक मार कर सकेगा भारत

रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक हेरोन टीपी ड्रोन के आने से एयरफोर्स लंबी दूरी तक मार सकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अमेरिका ने पाकिस्तानी में अलकायदा के ठिकानों को बर्बाद किया, वैसे ही भारत में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर सकता है।

सुलेमानी जैसे हमले में सक्षम होगा भारत

हेरोन टीपी ड्रोन के आने के बाद भारत किसी भी वांछित आतंकी का पीछा कर उसे मार गिराने में सक्षम हो जाएगा। यह कुछ उसी तरह से होगा जैसे अमेरिका ने इराक के अंदर ईरानी सैन्य जनरल कासिम सुलेमानी को मार गिराया था।

अमेरिका, चीन के क्लब में शामिल होगा भारत

हेरोन टीपी ड्रोन के आने के बाद अब उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा जो हमलावर ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। अभी तक अमेरिका, इजरायल, ब्रिटेन, चीन जैसे कुछ चुनिंदा देश ही हथियारों से लैस ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं।

पश्चिम बंगाल: 16 घंटे बाद कमरे से निकल पाईं प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय की कुलपति

- अधिकारी ने बताया कि कुलपति ठीक हैं, काफी समय से अंदर बंद होने के कारण थोड़ी तनाव में हैं

कोलकाता(वार्ता)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय की कुलपति अनुराधा लोहिया को छात्रों के प्रदर्शन की वजह से करीब 16 घंटे तक अपने कक्ष में बंद रहना पड़ा। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि लोहिया सुबह छह बजे दूसरे दरवाजे से बाहर निकलीं, जबकि छात्रों का एक धड़ा अब भी उनके कार्यालय के बाहर धरना दे रहा है। घर जाने के बाद भी कुलपति ने मीडियाकर्मियों से बात नहीं की।

अधिकारी ने बताया कि कुलपति ठीक हैं, हालांकि काफी समय से अंदर बंद होने के कारण थोड़ी तनाव में हैं।

'हम पूरा हिंदू हॉस्टल वापस चाहते हैं'

छात्र 130 साल पुराने हिंदू हॉस्टल के पांच वार्डों में से तीन में मरम्मत कार्य बिना किसी देरी के पूरा करने और आठ बर्खास्त हॉस्टल कर्मचारियों को तुरन्त बहाल किए जाने की मांग कर रहे हैं। इंडिपेंडेंट कंसोलिडेशन (आईसी) और एसएफआई से जुड़े छात्र हाथ में तख्तियां लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, जिन पर लिखा था, 'हम पूरा हिंदू हॉस्टल वापस चाहते हैं' और 'छात्रों और कर्मचारियों के खिलाफ कोई भी कठोर कदम ना उठाएं।'

मैंने महात्मा गांधी या पंडित नेहरू के खिलाफ कोई गलत शब्द नहीं कहा: अनंद कुमार हेगड़े

- बीजेपी सांसद हेगड़े ने कहा कि यह अनावश्यक विवाद है और मीडिया में आई सभी खबरें झूठी हैं

बेंगलुरु(ए.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उपवास और सत्याग्रह को 'ड्रामा' करार देने के बयान पर बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के सख्त रुख अपनाने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता और कर्नाटक से सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने अब सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी महात्मा गांधी या पंडित नेहरू के बारे में कोई गलत शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा कि यह अनावश्यक विवाद है और मीडिया में आई खबरें झूठी हैं।

अनंत कुमार हेगड़े ने मंगलवार को कहा, 'मेरा भाषण सार्वजनिक है। यदि कोई देखना चाहता है तो यह ऑनलाइन और मेरी वेबसाइट पर मौजूद है। मैंने कभी भी महात्मा गांधी या पंडित नेहरू के बारे में कुछ भी नहीं कहा। मैं केवल अपने स्वतंत्रता संघर्ष के बारे में चर्चा कर रहा था।

बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व को भेजी सफाई

हेगड़े ने कहा, 'इससे जुड़ी सभी मीडिया रिपोर्ट झूठी है। जिस पर इतनी चर्चा हो रही है, उसके बारे में मैंने कुछ नहीं कहा था। यह अनावश्यक विवाद है।' इस बीच सूत्रों के मुताबिक हेगड़े ने बीजेपी आलाकमान के पास अपनी सफाई भेज दी है जिसे पार्टी ने अनुशासन समिति के पास भेज दिया है। अनुशासन समिति को अब हेगड़े पर फैसला लेना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए 45000 करोड़ रुपये का फंड

- चीन को मात देने की तैयारी

नई दिल्ली(ए.)। सरकार अगले पांच वर्षों में देश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की योजना पर काम कर रही है, इससे चीन और वियतनाम को कड़ी टक्कर दी जा सकेगी। सरकार चाहती है कि फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन जैसी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग फर्मों के अलावा ऐपल, सैमसंग, हुआवे, ओपो और वीवो जैसी बड़ी कंपनियां अपनी ग्लोबल सप्लाई चेन इंडिया में शुरू करें। यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार 45,000 रुपये करोड़ का फंड बना रही है। एक सीनियर अधिकारी ने ईटी को बताया, 'इस मामले में एक इंटर-मिनिस्ट्रियल नोट जारी हो चुका है।' इस राशि में से लगभग 41,000 करोड़ रुपये प्रॉडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव के आधार पर कंपनियों को दिए जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल पर गिरिराज सिंह का हमला

वोट बैंक के लिए मस्जिद के इमामों के दे रहे हैं वेतन

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। बीजेपी ने आज दिल्ली के सीएम पर एक और हमला बोलते हुए उनपर दिल्ली को कट्टरपंथियों का गढ़ बनाने का आरोप लगा डाला। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के कारण केजरीवाल मस्जिद के इमामों के वेतन दे रहे हैं लेकिन मंदिर के पुजारी उनका हिस्सा नहीं हैं।

आखिर पुजारियों से क्या है बैर?: केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मस्जिदों के मौलिवियों को वेतन देने पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर दिल्ली के मंदिरों के पुजारियों को भी यह क्यों नहीं मिल रहा है? सीएम केजरीवाल पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'केजरीवाल ने तुष्टिकरण से दिल्ली को कट्टरपंथियों का गढ़ बना दिया।

दिल्ली चुनाव में 370 सांसद उतारेगी बीजेपी, संसद के बाद झुग्गियों में जाएंगे

- लोकसभा और राज्यसभा, दोनों के सांसद करेंगे चुनाव प्रचार

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही हैं। भारतीय जनता पार्टी भी अपने स्टार प्रचारकों के साथ हर रोज रैलियां और जनसभाएं कर रही हैं। गृह मंत्री अमित शाह प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। बीजेपी चीफ जेपी नड्डा मैदान में हैं। उधर, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। इस बीच, बीजेपी अब और बड़े प्लान के साथ प्रचार में उतर रही है। बीजेपी ने प्रचार के लिए अपने 370 सांसदों (लोकसभा और राज्यसभा दोनों) को उतार दिया है। जानकारी के मुताबिक, अगले 4 दिनों तक रोज संसद की कार्यवाही खत्म होने के बाद ये 370 सांसद रात में दिल्ली की झुग्गी झोपड़ियों में जाएंगे।

अनोखी शादी | गुजरात के एक विवाह समारोह में इस कानून के समर्थन का अनोखा दृश्य देखने को मिला है

गाय को साक्षी मानकर विवाह, हाथ में सीएए समर्थन की मेहंदी लगाकर पहुंचा दूल्हा

सूरत (वार्ता)। देश के अलग-अलग हिस्सों में लोग नागरिकता संशोधन कानून का कई तरीकों से विरोध और समर्थन कर रहे हैं। सड़क पर सीएए के समर्थन और विरोध की तस्वीर आने के बाद गुजरात के एक विवाह समारोह में इस कानून के समर्थन का अनोखा दृश्य देखने को मिला है। गुजरात के शहर सूरत में एक दूल्हा अपने हाथ पर सीएए के समर्थन की मेहंदी लगाकर अपनी शादी में पहुंचा। दूल्हे रोहित ने कहा कि चूंकि देश में राष्ट्र विरोधी तत्व सीएए के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने जागरुकता के लिए अपनी मेहंदी के जरिए ऐसा प्रयास किया है।

खास बात यह की इस शादी में वर पक्ष के लोग एक गाय और बछड़े को भी बाराती के रूप में लेकर पहुंचे। इसी गाय को साक्षी मानकर वर वधू ने शादी की रस्मों को पूरा किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूरत के रहने वाले रोहित और वेसू की अभिलाषा 3 फरवरी को विवाह के बंधन मे बंधे।

बारात से पहले गाय और बछड़े ने किया प्रवेश

रोहित के विवाह स्थल पर भी गाय और उसके बछड़े को बारात से पहले प्रवेश कराया गया। इसके बाद 31 ब्राह्मणों ने गाय को साक्षी मानकर रोहित और अभिलाषा के विवाह की रस्में पूरी कीं। परिवार के मुताबिक, सभी ने सर्वसम्मति से यह फैसला भी किया कि अभिलाषा को मुंह दिखाई में मिलने वाले पैसे लड़कियों की शिक्षा के लिए दान किए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

5 सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। 5 सूने मकानों का ताला तोड़कर कमरे में रखे लाखों रूपए के सामान चोरी करने की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्रनगर स्थित शांति रेसिडेंसी सोसायटी में चोरों ने पांच अलग-अलग सूने मकानों का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर लाखों रूपए के सामान चोरी कर लिए हैं। जिन मकानों को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है वह बैंक मैनेजर व डॉक्टर का होना बताया जा रहा है। मकान मालिक किसी निजी काम से घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। जब वापस आए तो घर का ताला टूटा देखकर कमरे में प्रवेश किया तो घर के सारे सामान बिखरे पड़े हुए थे। घटना की सूचना राजेन्द्रनगर थाने में मकान मालिकों दी है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फूटेज की जांच में जुटी हुई है।

मामूली विवाद पर पत्थर से मारा

रायपुर। आपसी विवाद में जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं पत्थर से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट महिला ने आजाद चौक थाने में दर्ज करायी है। रावण पट्टी रामकुंड आजाद चौक निवासी श्रीमती पार्वती जंघेल 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां के पति जितेंद्र जंघेल को आपसी विवाद में राहुल गड़रिया एवं विकास कुमार निषाद ने आपसी विवाद में जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया।

घरेलू विवाद में पिटाई, पति, सास, ससुर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर। घरेलू विवाद में सास, ससुर व पति ने महिला की पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। ग्राम आमनेर अभनपुर निवासी श्रीमती भारती चेलक 27 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि घरेलू विवाद पर पति सुरेंद्र कुमार चेलक व ससुर कुंभ कल्याण चेलक एवं सास अनुसुईया चेलक ने प्रार्थियां के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया।

युवक पर धारदार औजार से हमला

रायपुर। बेवजह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। न्यू पेंशनबाड़ा निवासी नरहरि नियाल 36 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 31 जनवरी को अरविंद नगर न्यू पेंशनबाड़ा में परमेश्वर बघेल 25 वर्ष ने बेवजह प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का व धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया।

धान खरीदी : 12 दिन शेष है, लक्ष्य 85 लाख मीट्रिक टन, 68.63 लाख की हुई खरीदी

- साढ़े 19 लाख किसानों में से 16 लाख बेच चुके धान
- अवैध धान परिवहन पर अब तक 4280 प्रकरण दर्ज
- खाद्य मंत्री ने कहा खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाएंगे

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। प्रदेश में धान खरीदी के लिए सिर्फ 12 दिन शेष बकाया हैं। ऐसे में रजिस्टर्ड 19 लाख 52 हजार 736 किसानों में से 16 लाख किसानों से 68.63 मीट्रिक टन धान खरीद लिया गया है। खाद्य विभाग के सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह ने बताया है कि प्रदेश में खरीदी लक्ष्य 85 लाख मीट्रिक टन धान का रखा गया है। इधर विभागीय मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्हों ने काम नहीं करने वाले अधिकारियों को भी तल्ख शब्दों में चेताया है कि वे ऐसे अफसरों को उल्टा लटका देंगे। उक्त वक्तव्य उन्हों ने सोमवार को बिलासपुर में मीडिया के सवालों के जवाब में दिया है।

इधर खाद्य सचिव कमलप्रीत सिंह ने पिछले वर्ष की तुलना करते हुए खरीदी के आंकड़ों का खुलासा किया। उन्हों ने बताया कि

खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में प्रदेश में पंजीकृत 19 लाख 52 हजार 736 किसानों में से अब तक 16 लाख किसान धान बेच चुके हैं। धान बेचने वाले किसानों में 13 लाख 20 हजार लघु एवं सीमांत किसान शामिल हैं। वर्ष 2018-19 में कुल 15 लाख 71 हजार किसानों द्वारा धान बिक्री की गई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष आज दिनांक तक ज्यादा किसानों से धान खरीदी कर ली गई है, जबकि धान खरीदी के लिए 12 दिन का समय अभी बाकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के छोटे किसानों का धान खरीदने में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि प्रदेश में 85 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 68 लाख 63 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। राज्य के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रहा है। वर्ष 2018-19 की तुलना में इस वर्ष दो लाख 56 हजार ज्यादा किसानों ने धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। राज्य के धान खरीदी केन्द्रों से पंजीकृत मिलरों द्वारा अब तक 32 लाख 60 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। एफसीआई द्वारा जनवरी 2020 तक राज्य का 3 लाख टन उसना चावल सेन्ट्रल पूल में लिया जा चुका है। इसी प्रकार नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा जनवरी 2020 तक 10 लाख टन अरवा चावल राज्य पूल में लिया गया। धान बेचने वाले किसानों को अब तक 11 हजार 973 करो रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया गया है।

लक्ष्य हासिल, अवैध पर भी रहे सख्त : कमलप्रीत

धान खरीदी लक्ष्य के साथ ही अवैध परिवहन पर भी प्रशासन की सख्ती रही। प्रदेश में अवैध धान परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की गई और 4 हजार 280 प्रकरण दर्ज कर 45 हजार 930 टन अवैध धान जब्त किया गया। धान परिवहन करने वाले 400 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से राज्य के बाहर से आने वाले अवैध धान एवं प्रदेश के भीतर अवैध रिसाईकलिंग पर प्रभावी नियंत्रण हुआ। इससे धान खरीदी का पूरा लाभ केवल राज्य के किसानों को मिला है।

पर्याप्त वक्त है, नहीं बढ़ेगी धान खरीदी की तारीख- मंत्री अमरजीत

- राजस्व विभाग के अफसरों से खफा बोले उल्टा लटकाउंगा

छत्तीसगढ़ के खाद्यमंत्री अमरजीत सिंह भगत ने धान खरीदी के तारीखों को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की तारीख नहीं बढाई जाएगी। राज्य सरकार के पास धान खरीदी के लिए अभी पर्याप्त समय है, और वैसे भी छोटे किसानों ने अपना धान बेच दिया है। अब बड़े ही किसान है जो धान बेचने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।

दरअसल आज सोमवार को खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह बिलासपुर शहर के प्रवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कही है। खाद्य विभाग के लापरवाह अफसरों को नसीहत देते हुए मंत्री अमरजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में काम नहीं करने वाले अधिकारियों को उल्टा लटका दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में अधिकारी और कर्मचारी जहां बरतेंगे कार्य में कोताही, वहीं करेंगे उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई। जब वे मीडिया में बयान दे रहें थे, तब कमरे में मौजद अधिकारी एक दूसरे के बगले झाँकने लगे थे कि मंत्री भगत किसको निशाना बना रहे हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी आड़े हाथों लेते हुए मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी...?

टूल्लू पंप चलाने वालों पर हो सख्त कार्यवाही-महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल सभाकक्ष में निगम जलविभाग अध्यक्ष सतनाम सिंह , अपर आयुक्त लोकेष्वर साहू, कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन यूके राठिया, कार्यपालन अभियंता जल बद्री चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता योजना राकेष गुप्ता सहित अमृत मिशन एवं जोनों के जल अभियंताओं की बैठक लेकर गर्मी के पूर्व गर्मी में राजधानी में सुगम जलापूर्ति सुनिश्चित करने तत्काल तैयारी प्रारंभ करने निर्देश देने आवश्यक बैठक ली। इस दौरान पार्षद प्रमोद मिश्रा, अनवर हुसैन, पूर्व पार्षद राधेष्याम विभार भी उपस्थित थे।

महापौर ढेबर ने सभी जोन के जलअभियंताओं को निर्देश दिये कि निगम द्वारा निर्धारित जुर्माना 5600 रू. प्रति हितग्राही लेकर अवैध नल कनेक्षनों को शत प्रतिशत संख्या में करारोपण करके करों की नियमानुसार कडाई के साथ वसूली निगम हित में प्राथमिकता बनाकर जोन स्तर पर राजस्व अमले के साथ अभियान चलाते हुए सभी वार्डो में सुनिश्चित करें। जलविभाग अध्यक्ष पनाग ने सभी जोनो के जलविभाग उपअभियंताओं को वार्डो में जलसंकट की षिकायत आने पर पानी को नल में टूल्लू पंप लगाकर निगम का पानी खींचने वाले लोगो के घरों में अभियान चलाकर टूल्लू पंप जोन स्तर पर सघनता से जप्त करना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये। अपर आयुक्त लोकेष्वर साहू ने महापौर एवं जलविभाग अध्यक्ष को बताया कि गर्मी में आवश्यकतानुसार टैंकर से जलपरिवहन करवाने शासन के निर्धारित नियम अनुसार ऑनलाईन टेण्डर जारी किये जायेंगे। महापौर ढेबर ने सभी अभियंताओं को वार्डो में तत्काल जल संकट ग्रस्त वार्डो के स्थानो को चिन्हित कर वहां पहले लोगो को गर्मी में जलउपलब्ध करवाने पेयजल टैंकर भेजना सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

ठेकेदार ने भेजे कम सफाई कर्मी, लगा 15 हजार का जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 के क्षेत्र में निगम के अनुबंधित सफाई ठेकेदार राजू कष्यप द्वारा ठेका पद्धति से जारी सफाई व्यवस्था के तहत वार्ड हेतु निर्धारित 30 सफाई कामगारों के बजाये एक सप्ताह में तीन चार दिन केवल 12 ठेका सफाई कामगार सुन्दरनगर वार्ड हेतु भेजे। 18 सफाई कामगार अनुपस्थित रहे।

यह स्थिति देखकर एवं इससे सफाई कार्य वार्ड में लगातार प्रभावित होते देखकर संबंधित सुन्दरनगर वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने सघन भ्रमण के दौरान 18 सफाई कामगार कम सप्ताह में तीन चार दिन देखकर इसे लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की एवं जोन 5 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी को नियमानुसार तत्काल सफाई ठेकेदार को नोटिस देकर जुर्माना करने के निर्देश दिये।

जोन स्वास्थ्य अधिकारी भूषण ठाकुर ने जोन स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल सुन्दरनगर के अनुबंधित ठेकेदार राजू कष्यप को नोटिस जारी कर निर्धारित से कम संख्या में ठेका सफाई कामगार उपलब्ध करवाने पर 15 हजार रू. का जुर्माना लगाया एवं अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य के लिये व्यवस्था सुधारने की चेतावनी जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी।

सर्द हवा से ठिठुरा उत्तरी छत्तीसगढ़

राजधानी में बूंदाबांदी से मौसम सर्द

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के उत्तरी भाग में यलो अलर्ट घोषित होने के बाद इधर कल दोपहर से राजधानी रायपुर में रूक-रूककर हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी है। इधर उत्तर से आ रही सर्द हवा के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उत्तर भारत की ओर से आ रही सर्द हवा के असर से राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अधिकांश प्रमुख शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इधर मौसम विभाग ने कल उत्तरी छत्तीसगढ़ के लिए यलो अलर्ट घोषित किया था। इसके तहत आने वाले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ में ओलावृष्टि तथा हल्की बारिश की संभावना जताई गई थी। इसके ठीक उलट राजधानी रायपुर में कल दोपहर से आसमान में छाए बादल के बीच हल्की बूंदाबांदी और हल्की बारिश ने मौसम को और ज्यादा सर्द कर दिया है। इधर उत्तर की सर्द हवा के असर से सरगुजा संभाग में एक बार फिर से जोरदार ठंड शुरू हो गई है।

सरगुजा संभाग में एक तरह से शीतलहर के हालात निर्मित हो गया है। अंबिकापुर में कल 7.1 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस समय मौसम का मिजाज किस तरह से बदल रहा है।

दिलचस्पी महंत तालाब में सफाई कराकर जलकुंभी हटाने के निर्देश, जारी विकास कार्यो को तेजी से पूर्ण करवाने कहा

कोटा स्कूल को आदर्श स्कूल बनाने महापौर ने दिखाई दिलचस्पी

- सामुदायिक भवन में वार्ड 20 में सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल बनाने के दिये निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने आज नगर निगम जोन 8 के तहत आने वाले रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 20 एवं शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड क्रमांक 23 का वार्ड पार्षदों, एमआईसी सदस्य कुमार मेनन, प्रकाश जगत सहित जोन 8 कमिश्नर प्रवीण सिंह गहलोत, कार्यपालन अभियंता राकेश गुप्ता की उपस्थिति में सघन भ्रमण कर नागरिकों से चर्चा कर वार्डो में जनसमस्याओं की जानकारी ली एवं जनसमस्याओं के निदान और व्यवस्था सुधार हेतु आवश्यक निर्देश जोन अधिकारियों को दिये।



महापौर ढेबर ने रामकृष्ण परमहंस वार्ड में सघन भ्रमण करते हुए वहां सामुदायिक भवन की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल निर्माण करने का कार्य जोन स्तर पर प्रस्ताव देकर स्वीकृति लेकर प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिये। उन्होने वार्ड के उद्यान का प्रस्ताव बनाकर सौंदर्यीकरण करवाकर उसे पर्यावरण सुधार हेतु नागरिकों को जागरूक बनाकर संरक्षित करने निर्देश दिये। वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर ढेबर ने जोन अधिकारियों को जारी विकास कार्यो की जानकारी लेकर प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी वर्तमान में जारी विकास कार्यो को तेजी तत्काल प्रदान कर मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ जनहित में पूर्ण करवाना प्राथमिकता बनाकर सुनिश्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता को दिये। महापौर ने प्राकृतिक जलस्त्रोतो के संरक्षण के तौर पर वार्ड के सार्वजनिक कुंओं की सफाई करवाकर ब्लीचिंग करवाकर उसे जनउपयोग हेतु संरक्षित करने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

महापौर ने निगम के शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड क्रमांक 23 का सघन भ्रमण करते हुए वार्ड के महंत तालाब कोटा में विषेष सफाई अभियान चलाकर तालाब से जलकुंभी हटाने के निर्देश दिये। उन्होने कोटा के स्कूल में पहुंचकर प्राथमिक शाला के नन्हें बच्चों से चर्चा कर जानकारी ली एवं इस दौरान वहां कोटा शासकीय प्राथमिक शाला को नगर निगम के माध्यम से आदर्श स्कूल बनाने की समाज हित में मंषा जाहिर की। महापौर ने स्कूल की कक्षा में पहुंचकर बच्चों के बीच बैठकर उनसे पाठ्यक्रम की जानकारी ली एवं पहाड़ा पूछा। इस दौरान बच्चों ने उन्हें पहाड़ा त्वरित रूप से सुनाया। प्रसन्न होकर बच्चों की महापौर ने पीठ थपथपाई। महापौर ने इस संबंध में जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता को स्कूल का सर्वे कर प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश दिये ताकि शीघ्र कोटा स्कूल को समाज हित में मंशा के अनुरूप शासन की योजना के तहत स्वीकृत करवाकर आदर्श स्कूल में आमजनों के गुणवत्ता युक्त विकास हेतु बदला जा सके।

विकलांग जोड़ों का मंगल परिणय राजधानी में 9 को

- राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती सामूहिक विवाह की तैयारिया अंतिम चरण में

रायपुर। आगामी 9 फरवरी को प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए विवाह योग्य विकलांग निशक्त जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा पूरी रस्मो रिवाज के साथ यह सामूहिक विवाह अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत'; कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल ,रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कराया जाएगा निशक्त जनों के सामाजिक पुनर्वास की दिशा में संलग्न विकलांग चेतना परिषद और उक्त सभी सहयोगी संगठनों द्वारा विकलांग जोड़ों के सामूहिक विवाह का यह 13 वा राज्य स्तरीय आयोजन है जो राजधानी रायपुर के आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में होने जा रहा है समारोह की तमाम तैयारियां अंतिम चरणों पर है.

8 को अपरान्ह हल्दी मेहंदी, शाम को संगीत संध्या

छत्तीसगढ़ प्रांत विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल व सह संयोजक श्रीमती अनुराधा दुबे घनश्याम पोद्दार ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम की शुरुआत 8 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से पंजीयन एवं अपराह्न 4:00 से मेहंदी की रस्म से होगी तथा शाम 7:00 बजे से संगीत का कार्यक्रम होगा दूसरे दिन 9 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से सामूहिक विवाह अपराहन 4:00 बजे से आशीर्वाद समारोह रात्रि 6:00 बजे से वैवाहिक जोड़े को उपहार वितरण कार्यक्रमों का क्रम चलेगा!

सामूहिक विवाह के संयोजक वीरेंद्र पांडेय, सहसंयोजक राजेश अग्रवाल, रामगोपाल सैनी, राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि विकलांग विवाह आशीर्वाद समारोह के मुख्य अभ्यागत महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया , विधायक रायपुर ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा , विधायक दक्षिण रायपुर बृजमोहन अग्रवाल होंगे कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सीताराम अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल के अध्यक्ष अरुण शुक्ला रहेंगे विकलांग सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों के संदर्भ में उक्त सभी सहयोगी संस्थाओं की एक संयुक्त बैठक हुई जिसमें संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई बैठक में मुख्य रूप से 8 फरवरी को विकलांग युवक युवतियों के पहुंचने पर उनके स्वागत पंजीयन आवास एवं भोजन की व्यवस्था तय की गई।

संपादकीय

दिल्ली में खुला वादों का पिटारा

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने अपने अपने चुनावी घोषणा पत्रों के माध्यम से वादों का पिटारा खोल दिया है। जिसमें सस्ती और निःशुल्क सुविधाओं के ढ़ेरों वादे किए गए है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने फ्री पानी और सस्ती बिजली का वादा किया था जिसके चलते उसे ऐतिहासिक बहुतम हासिल हुआ था। इस बार भी आम आदमी पार्टी ने 24 घंटे साफ पानी और 20000 लीटर तक हर माह निःशुल्क पानी देने के साथ ही 200 युनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया है। इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने का भरोसा दिलाते हुए लोगों को घर पहुंचाकर रियायती दर पर राशन प्रदान करने का भी लोक लुभावन वादा किया गया है। आम आदमी पार्टी की तर्ज पर कांग्रेस ने भी 300 युनिट तक निःशुल्क बिजली देने का वादा किया है।कांग्रेस ने बिपीएल परिवार के एक सदस्य को एक मुस्त पच्चीस लाख रूपए की राशि देने का भी वादा किया है। वहीं भाजपा ने व्यापारियों को कानूनी तौर पर सिलींग से मुक्ति देने और रेहड़ी पटरी वालों को नियमित करने के लिए मास्टर प्लान बनाने तथा दस लाख बेराजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया है। जाहिर है सभी राजनीतिक दल दिल्ली का दंगल जीतने के लिए मुफ्त खोरी को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। यह मतदाताओं को प्रलोभन परोसने की कोशिश है। दरअसल पिछले कई चुनावों से यह देखा जा रहा है कि वोट कबाड़ने के लिए इस तरह के हथकंड़े अपनाए जा रहे है जो सफल भी रहे है। दिल्ली में ही आम आदमी पार्टी ने इस तरह का हथकंडा अपना कर प्रचंड बहुमत से दिल्ली की गद्दी हथिया ली थी। किसानों की कर्जमाफी का वादा करने वाली पार्टियों ने कई राज्यों में अपनी सरकार बना ली है। यह तो एक तरह का सौदा हो गया है एक हाथ दे और दुसरे हाथ लें। मतदाताओं को प्रलोभन प्ररोसने की यह परंपरा लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है इस पर चुनाव आयोग को हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चि हो सकें।

विचार

वाह ! क्या उम्मीदवार हैं, हमारे ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

दिल्ली के आम चुनाव की चर्चा देश भर में है। कई कारणों से है लेकिन कुछ कारण ऐसे भी हैं, जिनकी वजह से दिल्लीवाले अपना माथा ऊंचा नहीं कर सकते। दिल्ली में शिक्षा-संस्थाओं की भरमार है लेकिन दिल्ली प्रदेश के चुनाव में 51 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे हैं, जो 12 वीं कक्षा या उससे भी कम पढ़े हुए हैं। उनकी संख्या 340 है। 44 प्रतिशत ऐसे हैं, जिनके शिक्षा बीए या उससे थोड़ी ज्यादा है। उनमें से एम.ए. पीएच.डी, डॉक्टर या वकील कितने हैं, कुछ पता नहीं। ये आंकड़े खोजनेवाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' यदि इस तरह के आंकड़े भी सामने लाती तो हम यह अंदाज लगाते कि इन जन-प्रतिनिधियों में कितने लोग सचमुच पढ़े-लिखे लोग हैं और उनमें से कितनों को कानून बनाने की समझ है। दूसरे शब्दों में इन उम्मीदवारों में कितने ऐसे हैं, जिनमें विधायक या सांसद बनने की योग्यता है। इन उम्मीदवारों में 6 ऐसे हैं, जो कहते हैं कि वे दस्तखत करना जानते हैं और वे चाहें तो अखबार भी पढ़ सकते हैं। कुल 672 उम्मीदवारों में 16 ऐसे भी हैं, जो निरक्षर हैं। वे पढ़ना-लिखना जैसी जेहमत नहीं करते। वे दस्तखत की बजाय हर जगह अंगूठा लगाते हैं। यह ठीक है कि बुद्धिमान और चतुर होने के लिए किसी व्यक्ति का डिग्रीधारी होना जरुरी नहीं है लेकिन विधायक और सांसद बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता तो होनी चाहिए या नहीं ? चुनाव आयोग इसका विधान जब करेगा, तब करेगा लेकिन हमारी राजनीतिक पार्टियां क्या कर रही हैं? वे तो चुनावी मशीन बनकर रह गई हैं। वे सिर्फ ऐसे उम्मीदवार चुनती हैं, जो उनके लिए वोट और नोट जुटा सकें। इसीलिए आप देखिए कि इस चुनाव में 20 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बकायदा आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में सभी पार्टियां चुनाव के हम्माम में नंगी हैं। किसी के 51, किसी के 25 और किसी के 20 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं ? ये लोग विधायक बनकर क्या गुल खिलाएंगे ? इन्होंने अपना असली रंग दिखाना अभी से शुरु कर दिया है। मतदाताओं को नशीले पदार्थ पिछले चुनाव के मुकाबले इतनी बेशर्मी से बांटे जा रहे हैं कि उनकी जब्ती इस बार अब तक 21 गुना हो गई है। धन्य है, हमारा लोकतंत्र !!

टेक - ज्ञान

मार्केट में आ रहा iQoo 5जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में एक नया स्मार्टफोन ब्रैंड iQOO आ रहा है। भारत में इस ब्रैंड का पहला फोन 5जी होगा। कंपनी ने हाल में टीजर जारी कर इसकी जानकारी दी है। इंडियन मार्केट में यह स्मार्टफोन भले ही अभी लॉन्च न हुआ हो, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली इसे यूज करते हुए देखे जा चुके हैं। दरअसल, ESPNcricinfo ने विराट कोहली की एक फोटो ट्वीट की है, जिसमें वे फोन पर बात कर रहे हैं।

चौधरी ब्रह्म प्रकाश चुने गए थे दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री

अनिल जैन

> सोशलिस्ट पार्टी के नेता मीर मुश्ताक अहमद ऐसे ही उम्मीदवारों में थे जो हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। पहली विधानसभा का विधिवत गठन होने के बाद चैधरी ब्रह्म प्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने थे। महज 33 वर्ष की उम्र वाले चैधरी प्रकाश देश में उस समय के सबसे युवा मुख्यमंत्री थे। यद्यपि वे आजादी की लडाई में भाग ले चुके थे और दिल्ली में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में गिने जाते थे, लेकिन उनका मुख्यमंत्री बनना महज इत्तेफाक था। हुआ यह था कि चुनाव नतीजे आने के कांग्रेस विधायक दल के नेता का चुनाव हुआ था, जिसमें दिल्ली के सबसे लोकप्रिय नेता देशबंधु गुप्ता को सर्वसम्मति से नेता चुने गए थे। मुख्यमंत्री के तौर पर उनके शपथ ग्रहण का दिन, समय और स्थान भी तय हो गया था, लेकिन दुर्भाग्य से शपथ ग्रहण से पहले ही एक विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 1951

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की नई विधानसभा चुनने के लिए आगामी आठ को होने जा रहे चुनाव को मीडिया के विभिन्न माध्यमों में दिल्ली विधानसभा का सातवां चुनाव बताया जा रहा है, लेकिन वस्तुतः यह आठवां चुनाव है। दिल्ली विधानसभा का पहला चुनाव देश आजाद होने के बाद अक्टूबर 1951 में हुए पहले आम चुनाव के साथ ही हुआ था, जिसका नतीजा मार्च 1952 में आया था।

दिल्ली राज्य विधानसभा का गठन पहली बार 17 मार्च 1952 को पार्ट-सी राज्य सरकार अधिनियम 1951 के तहत किया गया था। उस समय इसकी सदस्य संख्या 48 थी, जिसके लिए दिल्ली के 42 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए थे। इन 42 में से छह सीटें ऐसी थीं, जिन पर दो-दो प्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ था। कोई आरक्षित सीट नहीं थी। पर छह सीटें ऐसी थीं, जिनसे सामान्य वर्ग के और अनुसूचित जाति के विधायक चुने गए थे। इस चुनाव में कुल 186 प्रत्याशी मैदान में थे। 406 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे जिनमें से 186 ने अपने नामांकन वापस ले लिए थे और 34 खारिज हो गए थे। उस समय दिल्ली के मतदाताओं की कुल संख्या 7,44, 668 थी, जिसमें से 5,21,766 लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।

इस चुनाव में कांग्रेस के अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी, भारतीय जनसंघ, किसान मजदूर प्रजा पार्टी, हिंदू महासभा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया शिड्यूल्ड कॉस्ट फेडरेशन, फॉरवर्ड ब्लॉक, रामराज्य परिषद सहित कुल दस पार्टियां मैदान में उतरी थीं। इस चुनाव में कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोडी, सोशलिस्ट पार्टी का हल चक्र, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हसिया बाली, भारतीय जनसंघ का दीपक और हिंदू महासभा का चुनाव चिन्ह घुड़सवार था। चूंकि आजादी के बाद का यह पहला चुनाव था और उस वक्त कांग्रेस के मुकाबले बाकी पार्टियों का वजूद और लोकप्रियता नाममात्र की ही थी, क्योंकि ज्यादातर पार्टियां तो समाजवादी और वामपंथी विचारधारा वाले धडों ने कांग्रेस से मतभेदों के चलते अलग होकर ही बनाई गई थीं। लिहाजा कांग्रेस को भारी बहुमत मिलना स्वाभाविक था। विपक्षी दलों को बहुत कम सफलता मिली थी और कुछ दलों का तो खाता भी नहीं खुल पाया था। कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी जीते थे।

उस चुनाव की सबसे बडी खासियत यह थी कि 1947 में हुए भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान हुई भीषण सांप्रदायिक मारकाट के जख्म हरे होने के बावजूद दिल्ली के सामाजिक राजनीतिक माहौल पर उसका कोई असर नहीं था। दिल्ली के कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गैर मुस्लिम हिंदू बहुल इलाकों से गैर हिंदू उम्मीदवार जीते थे। सोशलिस्ट पार्टी के नेता मीर मुश्ताक अहमद ऐसे ही उम्मीदवारों में थे जो हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। पहली विधानसभा का विधिवत गठन होने के बाद चौधरी ब्रह्म प्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने थे। महज 33 वर्ष की उम्र वाले चौधरी प्रकाश देश में उस समय के सबसे युवा मुख्यमंत्री थे। यद्यपि वे आजादी की लडाई में भाग ले चुके थे और दिल्ली में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में गिने जाते थे, लेकिन उनका मुख्यमंत्री बनना महज इत्तेफाक था।

हुआ यह था कि चुनाव नतीजे आने के कांग्रेस विधायक दल के नेता का चुनाव हुआ था, जिसमें दिल्ली के सबसे लोकप्रिय नेता देशबंधु गुप्ता को सर्वसम्मति से नेता चुने गए थे। मुख्यमंत्री के तौर पर उनके शपथ ग्रहण का दिन, समय और स्थान भी तय हो गया था, लेकिन दुर्भाग्य से शपथ ग्रहण से पहले ही एक विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। इसी घटना के परिणामस्वरूप चौधरी ब्रह्म प्रकाश विधायक दल के नए नेता चुने गए थे। वे पश्चिम दिल्ली के नांगलोई निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। चौधरी ब्रह्म प्रकाश का निर्वाचन भी सर्वानुमति से हुआ और इसकी वजह थी जवाहरलाल नेहरू का उन पर वरदहस्त होना। वे 17 मार्च, 1952 से 12 फरवरी, 1955 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे लेकिन किसी बात पर नेहरू की नाराजगी के चलते ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पडा था।

केन्या में जन्मे चौधरी ब्रह्म प्रकाश 1934 में 16 वर्ष की उम्र में अपने माता-पिता के साथ भारत आकर दिल्ली बस गए थे। स्नातक स्तर की शिक्षा पूरी करने के साथ ही वे स्वाधीनता संग्राम में शामिल हो गए थे। वे कई बार जेल गए और 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भी भूमिगत रहे नेताओं में से एक थे। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी वे सक्रिय राजनीति में बने रहे और चार मर्तबा सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री बने। चौधरी ब्रह्म प्रकाश के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार गुरुमुख निहाल सिंह दिल्ली के मुख्यमंत्री बनाए गए। वे फरवरी, 1955 से मार्च 1956 में विधानसभा की अवधि समाप्त होने तक इस पद पर रहे। उसके बाद 1 अक्टूबर 1956 को दिल्ली विधानसभा को खत्म कर दिया गया। फिर सितंबर 1966 में दिल्ली महानगर परिषद का गठन हुआ दिया गया, जिसमें 56 सदस्यों को जनता द्वारा चुने जाने का तथा पांच सदस्यों को मनोनीत किए जाने का प्रावधान था। परिषद का मुखिया मुख्य कार्यकारी पार्षद कहलाता था। इस महानगर परिषद के पास कानून बनाने की कोई शक्ति नहीं थी। दिल्ली के शासन में इसकी भूमिका केवल एक सलाहकार की थी। वर्ष 1991 में 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अधिनियम, 1991 के तहत केंद्र शासित दिल्ली को औपचारिक तौर पर एक राज्य के रूप में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित कर यहां विधानसभा और मंत्रिपरिषद से संबंधित संवैधानिक प्रावधान निर्धारित किए गए, जिनके मुताबिक 1993 में फिर विधानसभा चुनाव का सिलसिला शुरू हुआ।

– (संवाद)

> केन्या में जन्मे चैधरी ब्रह्म प्रकाश 1934 में 16 वर्ष की उम्र में अपने माता-पिता के साथ भारत आकर दिल्ली बस गए थे। स्नातक स्तर की शिक्षा पूरी करने के साथ ही वे स्वाधीनता संग्राम में शामिल हो गए थे। वे कई बार जेल गए और 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भी भूमिगत रहे नेताओं में से एक थे। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी वे सक्रिय राजनीति में बने रहे और चार मर्तबा सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री बने। चैधरी ब्रह्म प्रकाश के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार गुरुमुख निहाल सिंह दिल्ली के मुख्यमंत्री बनाए गए। वे फरवरी, 1955 से मार्च 1956 में विधानसभा की अवधि समाप्त होने तक इस पद पर रहे। उसके बाद 1 अक्टूबर 1956 को दिल्ली विधानसभा को खत्म कर दिया गया। फिर सितंबर 1966 में दिल्ली महानगर परिषद का गठन हुआ दिया गया, जिसमें 56 सदस्यों को जनता द्वारा चुने जाने का तथा पांच सदस्यों को मनोनीत किए जाने का प्रावधान था।

राजिम का माघी पुन्नी मेला

सोरी

> 101 किमी की यात्रा का समापन होता है और माघ पूर्णिमा से मेला का आगाज होता है, राजिम माघी पुन्नी मेला में विभिन्न जगहों से हजारो साधू संतो का आगमन होता है, प्रतिवर्ष हजारो के संख्या में नागा साधू, संत आदि आते है, तथा विशेष पर्व स्नान तथा संत समागम में भाग लेते है, प्रतिवर्ष होने वाले इस माघी पुन्नी मेला में विभिन्न राज्यों से लाखो की संख्या में लोग आते है और भगवान श्री राजीव लोचन तथा श्री कुलेश्वर नाथ महादेव जी के दर्शन करते है और अपना जीवन धन्य मानते है। लोगो में मान्यता है की भनवान जगन्नाथपुरी जी की यात्रा तब तक पूरी नही मानी जाती जब तक भगवान श्री राजीव लोचन तथा श्री कुलेश्वर नाथ के दर्शन नहीं कर लिए जाते।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित पवित्र धार्मिक नगरी राजिम में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक पंद्रह दिनों का मेला लगता है। राजिम तीन नदियों का संगम है इसलिए इसे त्रिवेणी संगम भी कहा जाता है, यहाँ मुख्य रूप से तीन नदिया बहती है, जिनके नाम क्रमशः महानदी, पैरी नदी तथा सोढुर नदी है, राजिम तीन नदियों का संगम स्थल है, संगम स्थल पर कुलेश्वर महादेव जी विराजमान है। वर्ष 2001 से राजिम मेले को राजीव लोचन महोत्सव के रूप में मनाया जाता था, 2005 से इसे कुम्भ के रूप में मनाया जाता रहा था, और अब 2019 से राजिम पुन्री मेला महोत्सव मनाया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग एवम स्थानीय आयोजन समिति के सहयोग से होता है। मेला की शुरुआत कल्पवाश से होती है पखवाड़े भर पहले से श्रद्धालु पंचकोशी यात्रा प्रारंभ कर देते है पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालु पटेश्वर, फिंगेश्वर, ब्रम्हनेश्वर, कोपेश्वर तथा चम्पेश्वर नाथ के पैदल भ्रमण कर दर्शन करते है तथा धुनी रमाते है। 101 किमी की यात्रा का समापन होता है और माघ पूर्णिमा से मेला का आगाज होता है, राजिम माघी पुन्नी मेला में विभिन्न जगहों से हजारो साधू संतो का आगमन होता है, प्रतिवर्ष हजारो के संख्या में नागा साधू, संत आदि आते है, तथा विशेष पर्व स्नान तथा संत समागम में भाग लेते है, प्रतिवर्ष होने वाले इस माघी पुन्नी मेला में विभिन्न राज्यों से लाखो की संख्या में लोग आते है और भगवान श्री राजीव लोचन तथा श्री कुलेश्वर नाथ महादेव जी के दर्शन करते है और अपना जीवन धन्य मानते है। लोगो में मान्यता है की भनवान जगन्नाथपुरी जी की यात्रा तब तक पूरी नही मानी जाती जब तक भगवान श्री राजीव लोचन तथा श्री कुलेश्वर नाथ के दर्शन नहीं कर लिए जाते, राजिम माघी पुन्नी मेला का अंचल में अपना एक विशेष महत्व है।

राजिम अपने आप में एक विशेष महत्व रखने वाला एक छोटा सा शहर है राजिम गरियाबंद जिले का एक तहसील है प्राचीन समय से राजिम अपने पुरातत्वो और प्राचीन सभ्यताओ के लिए प्रसिद्द है राजिम मुख्य रूप से भगवान श्री राजीव लोचन जी के मंदिर के कारण प्रसिद्द है। राजिम का यह मंदिर आठवीं शताब्दी का है। यहाँ कुलेश्वर महादेव जी का भी मंदिर है। जो संगम स्थल पर विराजमान है। राजिम माघी पुन्नी मेला प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलता है। इस दौरान प्रशासन द्वारा विविध सांस्कृतिक व् धार्मिक आयोजन आदि होते रहते है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

विचार एक जल की तरह

विचार एक जल की तरह है आप उसमें गंदगी मिला दो तो वह नाला बन जाऐगा अगर उसमें सुगंध मिला दो तो वह गंगाजल बन जाऐगा कभी घमंड न करना जिन्दगी मे तकदीर बदलती रहती है शीशा वही रहता है बस तस्वीर बदलती रहती है सदैव प्रसन्न रहें और हँसते रहे।।

– अरूणा राव

बहुत रोती हैं कब्रें

बहुत रोती हैं कब्रें किंतु अब कोई नही सुनता कभी जिनकी उपस्थिति से धरा तक थरथराती थी कुतुबमीनार है साखी इन्हीं ध्वंसावशेषों में आवाम ए हिंद सुन हुँकार उनकी काँप जाती थी।

– ममता अमर

खास पाती

नदी हूँ मैं भी

माना तुम कश्ती हो पर नदी हूँ मैं भी जिधर से गुजरोगे हमसे होकर गुजरना होगा ऐसा कोई कर्ज नहीं जो चुकाया नहीं हमने तुमने जफ़ा किया है तो मेरी वफ़ा से होकर गुजरना होगा मुसलसल बेरुख़ी भी कब नामंजूर है मुझको तेरी नज़र को बस मेरी नज़र से होकर गुजरना होगा मेरी उम्मीद और तुम सांझ की रोशनी के मानिंद शब सुकूं को मेरे करवटों से होकर गुजरना होगा मुझे फना करने की साज़िश कहो कुछ अजीब नहीं है क्या मरे हुए को फिर से मौत से होकर गुजरना होगा। – **अमित कुमार अम्बष्ट**

जिनके चेहरे पे मुस्कान है

जिनके चेहरे पे मुस्कान है पास उनके समाधान है सिर्फ़ इतना सा विज्ञान है है जहाँ ये अगर जान है मौत मंज़िल ही तय आख़िरी फिर बता क्यों परेशान है खेल हैं ये भरोसे के बस एक पत्थर भी भगवान है मुठ्ठियों में ये सारा जहाँ दिल में जो गर तेरे ठान है शक्‌ल हर इक छुपाई गयी बस मुखौटों से पहचान है खुश रहो तुम भी हम भी जिएँ क्या भला इसमें नुक़सान है कोई उसका बिगाड़ेगा क्या जिसका वो रब निगहबान है बहता चल इक नदी सा प्रखर इसमें ही तेरा सम्मान है। – **राजेश प्रखर**

सोच अपनी अपनी जहा तक मै समझता हु

सोच अपनी अपनी जहा तक मै समझता हु अगर जे एन यु ,ए एम यु जैसी देश द्रोही घटनाओं को रोकना है तो हर कालेज युनिवर्सिटी मे छात्र संघ चुनाव पर पुरी तरह बैन होना चाहिए हम बच्चो को पढने भेजते है राजनीति करने नही।

– **बबलू सिंह**

मिलो की दूरियां हैं दिल की

मिलो की दूरियां हैं दिल की खबरें आज भी पहुंचती हैं यह इश्क है जनाब किसी के कहने से कहा रूकती हैं जमाना कितनी भी पैरवी कर ले हुक्मरानों की अब जिस पर फल ज्यादा होते हैं ,डाली वही झुकती है आंधी और तूफान तो आते रहते हैं ,दुनिया हर कोने में रब के हाथ में है सब,जीवन की लौ कहां कभी बुझती है बहुत सुना है समंदर के विशाल और गहरे होने का इतिहास बनती है वो कश्तियां जो लहरों से जूझती है। - **प्रवीण माटी**

खुद ही टूटा किए खुद ही जुड़ते रहे

खुद ही टूटा किए खुद ही जुड़ते रहे यूँ जिंदगी का सफर तय करते रहे.... एक वहम पाले रहे दिल में ताउम्र मीठे वहम के सहारे जिंदगी गुजारते रहे... न है न था प्यार किस्मत में..... फिर भी हाथों की लकीरों को निहारते रहे...... न दे दर्द ए खुदा किसी को इतना दिल रोना चाहे और होंठ मुस्कुराते रहे। - **अर्चना खण्डेलवाल**

अति विनम्र स्वरुप लिए हनु हमारी

अति विनम्र स्वरुप लिए हनु हमारी चेतना का कर दीजे विस्तार दूर विकृतियाँ हमसे रहे शुद्ध बने सदा विचार दुष्ट भाव ना आए कभी हों उज्जवल संस्कार अतुलित बल साहस के देव पुण्य कर्म में रहना साथ शीश नवा कर, हाथ जोड़ कर करते विनम्र प्रार्थना आज सिया वर राम जय जय राम। **डॉ मेनका त्रिपाठी**

मेरे पास है शब्दों का महल

मेरे पास है शब्दों का महल शब्दों को वाक्यों में गढ़ने का हुनर उन्हीं वाक्यों से ग्रंथ और काव्य लिखने का हुनर मर कर भी लोगों के ह्रदय में सालों साल जिंदा रहने की चाबी है मेरी कलम। - **सुनीता पुष्पराज पाण्डे**

लघु कथा– बेड़ियां

रेणु जब विवाह के पश्चात अपने मायके आई तो अपनी प्रिय सहेली अनुभा से मिलने गई। अनुभा अपनी सहेली से मिलकर अत्यंत प्रसन्न हुई। अनुभा बोली- और बता बहन , क्या हाल- चाल हैं? घर ङ्क गृहस्थी कैसी चल रही है? रेणु ने कहा- सब ठीक है।तू मेरी छोड़ अपनी सुना। तू शादी कब कर रही है? रेणु की बात सुनकर अनुभा उदास हो गई और बोली अभी शादी कहाँ बहन।बहुत काम करने शेष है। अनुभा की बात सुनकर रेणु ने कहा- तेरे सिर पर ऐसी कौन सी जिम्मेदारी आ गई जो तुझे पूरी करनी है। अनुभा ने उत्तर दिया- सबसे पहले तो बेड़ियाँ काटनी हैं।रेणु ने फिर पूछा ङ्क कौन ङ्क सी बेड़ियाँ काटनी हैं बहन? तू तो आज़ाद पक्षी की तरह उड़ती घूमती है, फिर भी बेड़ियों की बात करती है। अनुभा ने कहा- तू तो ऐसे बोल रही है, जैसे कुछ जानती ही नहीं।अरे बहन, लड़कियों के पैरों में पड़ी खोखली मर्यादा और आदर्शों की बेड़ियाँ वास्तविक बेड़ियों से कुछ कम हैं क्या? मैं ये भी नहीं समझ पा रही कि ये बेड़ियाँ लड़कियों को ही क्यों पहनाई जाती हैं ?

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1679 - जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1783 - इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गये। 1870 - फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया। 1900 - अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर। 1904 - क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ। 1916 - प्रसिद्ध कवि जानकी वल्लभ शास्त्री का जन्म। 1917 - मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया। 1922 - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। 1924 - रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ।

बेमौसम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

■ पूरे हफ्ते मौसम का बिगड़ा रहेगा मिजाज

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सुबह से मौसम का मिजाज देखकर लगने लगा था कि जमकर बारिश हो सकती है । करीब 11 बजे जमकर हुई बारिश और घने कोहरे से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया । समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अभी 12 दिन शेष है जिससे परिवहन के लिए खरीदी केंद्रों में रखे को धान आज की बारिश से काफी नुकसान पहुंचने का अंदेशा है ।

जम्मू कश्मीर में सक्रिय हुए पश्चिमी विछोभ का असर उत्तरी छत्तीसगढ़ में दिखने लगा है। राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव आ गया है। सोमवार को बस्तर संभाग को छोड़कर पूरे राज्य में ज्यादातर हिस्सों में दिन भर बादल छाए रहे और ठंड महसूस होती रही। पारा सामान्य से तीन डिग्री नीचे रहा। मंगलवार को भी सुबह से यही स्थिति नजर आई। बिलासपुर समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाने व बारिश के साथ ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग द्वारा यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ से लगे मध्यप्रदेश के ऊपर 1.5 किमी पर एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से छत्तीसगढ़ के उत्तरी इलाकों में बलरामपुर, बस्तर में बारिश हो रही है। इसके अलावा प्रदेश के मध्यभाग में अनेक जगहों पर बारिश की संभावना है ।

पूरे सप्ताह पड़ेगी तेज ठंड

मौसम का मिजाज जिस तरह है और पूरे प्रदेश में जिस तरह बारिश हो रही है उससे इस पूरे सप्ताह भर कड़ाके की ठंड पड़ेगी ऐसा अंदेशा है । खरीदी केंद्रों में रखा धान इस सीजन में तीसरी बार बारिश के कारण खराब होगा।

बारिश और बूंदाबांदी से सुबह की शुरूआत, ठंड फिर बढ़ी

पश्चिमी विक्षोभ के सिस्टम का असर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी देखने को मिला। बिलासपुर में अलसुबह आकाश में बदली छाने से अनुमान हो गया था कि बारिश हो सकती है मगर जोरदार बारिश की उम्मीद नही थी । यही नही बारिश के साथ ऐसा धुंध छाया रहा कि दोपहर में सड़कों पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया था । बारिश होने के बाद मौसम एकदम सर्द हो गया है और ठंड बढ़ गई । पिछले तीन दिनों से मौसम साफहोने के बाद ठंड फिर से बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ उत्तर से होकर झारखंड की ओर बढ़ेगा। इस दौरान संभाग समेत शहर में भी गरज-बरस के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। इस बीच सोमवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

बिगड़ा मौसम का मिजाज, बादलों से ढंका आसमान

मंगलवार सुबह बिलासपुर अंबिकापुर सहित कोरबा, कोरिया, चम्पा जांजगीर जिले का मौसम बिगड़ गया है। आसमान बादलों से ढंका है और दोपहर बाद कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश या ओलावृष्टि सरगुजा, सूरजपुर सहित बलरामपुर और जशपुर जिले में इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना भी जताई गई है। इस बीच मौसम बदलने से दोपहर में भी ठंडी हवाएं चल रही हैं जिससे तापमान गिर गया है। इससे लोगों को दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है।

बेलगहना के वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में पुनर्मतदान आज

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के अंतर्गत आज 3 फरवरी को जनपद पंचायत कोटा के ग्राम पंचायत बेलगहना के मतदान केन्द्र-37 के वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में पंच पद के मतपत्र त्रुटि के कारण मतदान प्रभावित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप रिटर्निंग आफिसर कोटा ने पुनर्मतदान कराये जाने की अनुशंसा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्रस्तावित की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त प्रस्ताव कर विचार करने के पश्चात पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त वार्ड के मतदान को शून्य घोषित करते हुए अब 5 फरवरी 2020 को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक का समय निर्धारित किया है। मतगणना उसी दिन मतदान के पश्चात किया जायेगा।



आईएएस अधिकारियों के रिव्यू पिटीशन पर आज होगी सुनवाई

बिलासपुर। निःशक्तजन संस्थान घोटाले मामले में आईएएस अधिकारयियो द्वारा हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन लगाया गया था जिसकी सुनवाई मंगलवार को जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस पीपी साहू की बैंच में हुई जो अधूरी रही अब इसकी अगली सुनवाई कल दोपहर बाद होगी। गौरतलब है कि भाजपा शासनकाल के दौरान करीब 14 वर्षों तक फर्जी एनजीओ बनाकर एक हजार करोड़ रुपए का घोटाला करने का आरोप है। जिसमें वर्तमान व रिटायर हो चुके कई अफसरों के नाम शामिल हैं। रायपुर के कुंदनसिंह ठाकुर ने जनहित याचिका दायर की थी जिस पर कोहराम मचा हुआ है।

बिलासपुर । कलेक्टर डॉ.संजय अलंग और पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने आज नवगठित पेंड्रा गौरेला मरवाही जिले में संयुक्त रूप से भ्रमण कर आगामी 10 फरवरी को जिले के उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लिया।

शासन के आदेशानुसार 62 साल का सेवाकाल लागू करे वेदान्ता : ऐक्टू

बालको-कोरबा। अल्युमिनियम कामगार संघ-ऐक्टू के तत्वाधान में श्रम जागरूकता अभियान के तहत आज़ाद चौक परसाभांठा में आयोजित आमसभा में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ सरकार के 62 साल के सेवाकाल को लागू करने, श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन करने, औद्योगिक संबंधों को सही ढंग से अनुपालन, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, बालको में चोरी छिपे हो रही बाहरी भर्ती बंद करने,बेवजह बर्खास्तगी/निलंबन कर श्रमिकों में डर पैदा करने, अप्रेंटिशों को रेगुलर करने, ठेका कामगार को न्यूनतम वेतन इक्कीस हज़ार रुपये करने, बालको हास्पिटल के संविदा कर्मियों को रेगुलर करने, श्रमिको की नौकरी छीनने वाली वेतन समझौता को रद्द करने, ठेका कामगारों को बालको हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, सी एस आर मद का सही व अनिवार्य क्रियान्वयन, सेवानिवृत्त कर्मियों को समुचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, आवास आबंटन एवम अनुरक्षण का सही क्रियान्वयन जैसे श्रमिकों के कई ज्वलंत मुद्दों पर आमसभा में वक्ताओं ने अपनी बात रखी।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार एक की मौत, एक घायल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । ट्रेक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दूपहिया वाहन चालक को ठोकर मार दी जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने भादवि की धारा 279 337 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले के विवेचना में ले लिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरहागांव निवासी राजाराम कश्यप उम्र 55 वर्ष शाम लगभग 6 बजे अपने भांचा संतराम कश्यप के साथ दूपहिया वाहन से जरहागांव रोड से तखतपुर की ओर जा रहा था कि तखतपुर की ओर से आ रही तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 10 एल 0195 का चालक के ठोकर मित्र मिलन ढाबा के पास मार दी। जिससे राजाराम राजाराम कश्यप की तखतपुर अस्पातल ले जाते समय रास्ते में ही मृत्यु हो गई एवं पीछे बैठे संतराम घायल हो गया। रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 03/2020 में धारा 279 337 304ए कायम कर विवेचना में ले लिया है।

बालिका छात्रावास अधीक्षिका पर प्रताड़ित करने का आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले में संचालित छात्रवासों में अधीक्षिकाओ पर गाहे -बगाहे आरोप लगते रहते है लेकिन कुछ अधीक्षिका ऐसे भी है जो हमेशा विवादित रहते है। संवेदन शील कहे जाने वाले बालिका छात्रावास में बालिकाओ को प्रताड़ित करने और अधीक्षिका द्वारा परिजनों से बदसलूकी किये जाने की शिकायत कलेक्टर से की गयी ह। परिजन सुनीता उपाध्याय और किरण साहू के कलेक्टर से मिलकर कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की अधीक्षिका बिमला भास्कर और सह अधीक्षिका अनीता सक्सेना पर गंभीर आरोप लगते हुए कार्यवाही की मांग की गयी है पात्र में आरोप है की दिसंबर 2019 में जगराता नमक छात्रा अधीक्षिका से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की गयी थी लेकिन समय पर खिड़की दरवाजा तोड़ कर उसकी जान बचाई जा सकी थी इसकी सुचना अधीक्षिका और सह अधीक्षिका को दिए जाने के बावजूद वह मौके पर नहीं पहुंची वही परिजनों ने बताया की अधीक्षिका द्वारा छात्राओ के लिए शासन द्वारा खेल सामग्री मुहैया कराइ जाती है जिसे अधीक्षिका बिमला भासकर अपने घर ले जाती है इसके पूर्व इस विद्यालय में वंदन नमक अधीक्षिका पदस्थ थी जिसकी झूटी शिकायत करवाकर बिमला भास्कर ने वह से हटवा दिया जिससे वह अपनी मनमानी कर सके पात्र में कहा गया है की बिमला भास्कर इसके पूर्व रामपुर स्थित अनुसूचित मेट्रिक छात्रावास में पदस्थ थी जहाँ से गंभीर शिकायतों के बाद वहां से स्थान्तरित किया गया था इसके बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है यहाँ बताना लाजमी होगा की परिजनों द्वारा सीधे अधीक्षिका से शिकायत करने पर उन्होंने दो तुक कह दिया की तुम्हारी औकात क्या है शिकायत की बात कहने पर उन्होंने कहा की मै शिक्षा अधियकारी को जो बोलूंगी वही करेंगे यहाँ कोई जाँच करने नहीं आएगा इन बातो से परेशां होकर परिजनों ने कलेकटर कोरबा से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

मौसम ने फिर बदली करवट, दिन भर हुई रिमझिम बारिश ने बढ़ाई ठंड

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट बदल बैठा। रात में शुरू हुई रिमझिम बारिश मंगलवार को रह-रह कर दिन में भी होती रही। इससे मौसम में ठंडक एक बार फिर से बढ़ गई। इसके चलते जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। बाजारों और सड़कों पर भी लोग कम दिखाई दिए।

रह-रह कर बदलता मौसम परेशानी का कारण बना हुआ है। कभी कोहरा, कभी बादल तो कभी बरसात के चलते ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। कभी तो लगता है कि सर्दी अलविदा कहने को है, फिर एक दिन पहले टाटा-बाय बाय कहती मालूम पड़ रही सर्दी अगले ही दिन दोबारा आ धमकती है। सोमवार को दिन में तो आसमान में धूप खिली हुई थी, लेकिन रात में अचानक आसमान में बादल आ घिरे। मंगलवार कि सुबह अचानक बूंदाबांदी शुरू हो गई। मंगलवार को सुबह से पुरे दिन भर बूंदाबांदी जारी रहा । यह सिलसिला रह-रह कर दिन भर चलता रहा। इसके अलावा सुबह में सड़कों पर हल्का कोहरा भी दिखाई दिया। कहीं-कहीं कोहरा अधिक भी रहा। इससे मार्ग पर चलने वाले लोगों को परेशानी रही। बादलों के झुंड दिन भर आसमान में छाए रहे। इस कारण मौसम में ठंडक बढ़ी रही। उधर बूंदाबांदी के चलते नगर में जगह-जगह कीचड़ की समस्या पैदा हो गई, जिससे राहगीरों को दिन भर परेशानी का सामना करना पड़ा।खराब मौसम और शीतलहर थमे ठीक से सप्ताहभर नहीं हुआ है और एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से शाम तक आसमान में बादल छाने के साथ ठंडी हवा चलती रही। शहर समेत आसपास के गांवों में भी रिमझिम बारिश हुई। तापमान गिरने के साथ शाम को सर्द हवाएं शुरू हो गईं। ठंड बढ़ने से लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। खराब मौसम से किसानों के खेतों में तैयार हो रही दलहन-तिलहन फसल पर खतरा मंडराने लगा है।

कोरबा एरिया में एटक का वर्चस्व, एचएमएस सदस्यता में दूसरे नंबर पर

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र ने वर्ष 2019 में श्रम संगठनों की सदस्यता की अंतिम सूची जारी कर दी है। कोरबा एरिया में ट्रेड यूनियन एटक 2266 सदस्यों के साथ पहले नंबर पर है। वहीं एचएमएस 1791 सदस्यों के साथ दूसरे नंबर पर है। 1738 सदस्यों वाली श्रमिक संगठन इंटक तीसरे स्थान पर है। कोरबा एरिया में बीएमएस 1600 सदस्यों के साथ चौथे नंबर पर है। एटक कार्यालय कोरबा एरिया में एटक के पहले स्थान पर आने को लेकर सभी इकाइयों के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने इस पर खुशी जताई। आगे भी अधिक से अधिक सदस्यता बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान कामरेड धरमा राव, सुभाष सिंह, उमेश शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, कमर बॉक्स, प्रमोद सिंह, रेवत मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, राजेश पांडे, नरेंद्र दास, मृत्युंजय कुमार, उज्ज्वल बनर्जी, अरविंद चंद्रा, नंद किशोर साहू, विश्वजीत मुखर्जी, रमाकांत शर्मा, सुबोल दास, नरेंद्र राठौर, मनहरण पटेल, राम लाल साहू, नवीन चौबे, ज्ञान चंद साहू, लालबाबू सिंह, सुनील राठौर व अन्य उपस्थित रहे। एसईसीएल में 4 श्रमिक संगठन एटक, एचएमएस, बीएमएस व इंटक हर वर्ष सदस्यता अभियान चलाते हैं। इसके यूनियन प्रबंधन को सदस्यता सूची सौंपते हैं। जिसके आधार पर सूची के आधार पर कर्मियों को बुलाकर प्रबंधन सत्यापन करता है।

निजी स्कूलों की मनमानी सुविधा नहीं फिर भी हो रहा संचालन

■ बी-वन खसरा और संचालन अनुमति का देना होगा विवरण

■ 319 स्कूलों को जारी की गई है जानकारी प्रपत्र

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। स्कूल में एडमिशन के समय सुविधाओं का सब्जबाग दिखाकर अभिभावकों को गुमराह किया जाता है। स्कूल में खेल मैदान, पार्किंग, शौचालय, पुस्तकालय आदि अनिवार्य हैं। इन अनिवार्यताओं के बाद भी शहर में ही बिना पार्किंग और खेल मैदान के कई स्कूल संचालित हो रहे हैं। सड़क मार्ग से लगे स्कूल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। स्कूलों में पढ़ाई के अलावा पिकनिक, ग्रुपिंग प?ोटो, खेल आयोजन आदि के नाम पर बच्चों के माध्यम से पैसे मंगाना आम बात है। इस तरह की अव्यवस्थाओं के संबंध में अभिभावकों की ओर से प्रशासन से शिकायत भी की जाती है, किंतु प्रशासन की कार्रवाई नोटिस तक ही सीमित रहती है।

लंबे अर्से बाद निजी स्कूल पर लगाम कसने की तेरी की जा रही है . स्कूल प्रबंधनों से उनके स्कूल संचालन भूमि की जानकारी शिक्षा विभाग से मांगी गई है। शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ शिक्षाविदों के लिए निजी स्कूल का संचालन कमाई का जरिया बन चुका है। छोटे से बड़े गांवों में स्कूलों का संचालन गांव के तरक्की का पर्याय माना जा रहा है। अकेले कोरबा निगम क्षेत्र के अंतर्गत 98 निजी स्कूल संचालित हैं। स्कूलों की वैधता के बारे काफी अर्से से पूछपरख नहीं हुई है। शहरी क्षेत्र के अधिकांश स्कूल किराए के भवन में चल रहे हैं। स्वयं की स्कूल बताने वाले अधिकांश संस्थानों के जमीन संबंधी दस्तावेज नहीं है। स्कूल निर्माण के नाम पर जमीन को बेजा कब्जा किया गया है। सूचना की तामिल पहले ही सख्ती से की गई होती तो शिक्षा के व्यवसायीकरण का विस्तार नहीं होता। प?ीस के नाम पर स्कूलों में लूट मची है। ऊंची किश्त लेकर बच्चों को हाईप्रोप?ाइल सोसासटी की शिक्षा दी जा रही है। शहरी और सरकारी स्कूलों में पढ़ाई स्तर में भिन्नता होने से दोहरी नागरिकता समाज में पनपने लगी है। शिक्षा विभाग की ओर से प्रारंभिक सामान्य जानकारी मांगी है। जानकारी देने की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित था। अब तक कितने स्कूलों ने जानकारी भेजी है, यह स्पष्ट नहीं हुआ है। शिक्षा विभाग से जारी प्रपत्र अब भी कई स्कूलों को नहीं मिला है। ऐसे में पूरी जानकारी आना संभव नहीं।

आरटीई फीस पूरी पढ़ाई अधूरी

शिक्षा के अधिकार के तहत प्रत्येक निजी स्कूलों में निर्धारित सीट का 25 प?ीसदी गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है। जिन बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है, उनका ट्यूशन फीस शासन निर्वहन करता है। शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश देना भी व्यवसाय बन गया है। निजी स्कूलों की ओर से जिस तरह की सुविधा दिए जाने का दावा कर शासन से ट्यूशन प?ीस ली जाती है, उसका सही आकलन नहीं होता। स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों से जितनी मेहनत कराई जाती है, उन्हें उतना वेतन नहीं दिया जाता। निजी स्कूलों में शिक्षकों का शोषण सामान्य बात है।

इनका कहना है

निजी स्कूलों के संचालन संबंधित दस्तावेजों की सामान्य जानकारी मांगी है। इसमें स्कूल भूमि का राजस्व रिकॉर्ड बी-वन खसरा व संचालन शुरुआत में प्रशासन से ली गई अनुमोदन की जानकारी शामिल है। जानकारी नहीं देने वाले स्कूलों को पि?र से रिमांडर पत्र जारी किया जाएगा। इसके बाद भी जानकारी नहीं आने पर नोटिस जारी किया जाएगा।

-सतीश कुमार पांडेय, डीईओ

फैक्ट फाइल

संचालित निजी

- स्कूल- 319
- हाईस्कूल- 42
- हायर सेकेंडरी- 21
- दर्ज संख्या- 159500

जल्द बदलेगा स्कूली पाठ्यक्रम, छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों, धरोहरों को करेंगे शामिल: ताम्रध्वज साहू

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उतई के वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए ।इस कार्यक्रम में अध्यक्षता दुर्ग विद्यायक अरुण वोरा ने किया।विशेष रूप से डिकेन्द्र हिरवानी,रविन्द्र वर्मा,तोषण साहू,दीपक सिंह शामिल हुए।सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में सरस्वती के तैल चित्र में पूजा के साथ हुए. अपने उद्बोधन में मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे लाने में हमेशा तत्पर रहता है , दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में व्यवस्थित विकास होगा साथ ही दल गत राजनीति

से दूर होकर विकास करने की सफलता हासिल करेंगे। सबके साथ मिलकर विकास को आगे लाने की योजना है ।उतई नगर पंचायत को भी विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है, अभी हालही में स्वीकृत करके 1करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत करने की योजना पूरी हो चुकी है ,साथ ही पुराइया तालाब की सौंदर्यीकरण होना चाहिए ।रिसाली को जल्द ही 1 साल में खड़ा कर दिया ।सरकार की कोशिश रहेगी कि अमूलचुक परिवर्तन होगा ,जिसमे छत्तीसगढ के संस्कृति , पुरखा के जीवनी ,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की भूमिका,सहित नरवा ,गरवा, घुरवा को भी शामिल करेंगे । दुर्ग जिले के सभी स्कूल को मॉडर्न बनाने की योजना होना चाहिए । शाला परिवार , के कुछ मांगो को भी पूरा करेंगे, मैं घोषणा नही करूँगा बल्कि जो भी मांगे आएगी उसे जल्द ही पूरा करूँगा , अध्यक्षता कर रहे दुर्ग विद्यायक अरुण वोरा ने कहा कि उतई से मेरा पुराना रिश्ता है जो मेरे पापा मोतीलाल वोरा से जुड़ा था इसलिए यहां आके खुसी मिलता है , क्योकि हमारे क्षेत्र ही बदला है लेकिन रिश्ते आज भी वही है जो हमेशा जिंदा रहेंगे,इस स्कूल के लिए जो भी मदद की दरकार होगी उसे पूरा किया जाएगा । इस कार्यक्रम में प्रावीण्य सूची में नाम आने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कार दिया गया, साथ खेलकूद में प्रथम द्वितीय स्थान पाने वालों को भी को मंत्री ताम्रध्वज साहू के हाथों सम्मान दिया गया ।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने किया कैलेण्डर का विमोचन

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की समय-सीमा बैठक पश्चात अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर के.के. बेहार, एसडीएम जे.आर. चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर और डिप्टी कलेक्टर निर्भय साहू सहित समस्त विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

पेट दर्द के बहाने स्कूल न जाकर नाबालिक युवती ने की आत्महत्या, हुई मौत

धमतरी। जिले के भखारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौराबांधा में एक नाबालिग युवती ने अपने आप को आग के हवाले कर दी है जिन्हें पड़ोसियों की मदद से

तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी लाया गया वही युवती का इलाज जारी है परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवती आज पेट दर्द होने की बात कहते हुए स्कूल नहीं गई और माता पिता से घर पर ही रहने की बात कही थी वही दोपहर जब युवती के घर से पड़ोसियों ने चिल्लाने की आवाज सुनी जिसके बाद लोग घर में जाकर देखा तो नाबालिग युवती आग से झुलस चुकी थी जिसे फौरन इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया बताया जा रहा है कि मामला प्रेम प्रसंग का है जिसके चलते युवती ने यह आत्मघाती कदम उठाया युवती 90 प्रतिशत तक झुलस चुकी थी। जिसे अस्पताल में इलाज के दौरान आज सुबह अस्पताल में दम तोड दिया।

शहर के मुख्य बाजार पर मोबाईल चोरी की घटना बढ़ी

धमतरी। इन दिनों चोरों द्वारा शहर के मुख्य बाजार एवं बडा बाजार कहा जाने वाला इतवारी बाजार में आने वाले ग्राहकों के पर चोरों की शातिर नजर मोबाईल पर बनी हुई है। इतवारी बाजार आने वाले ग्राहकों की जेब से लगातार मोबाईल चोरी की शिकायत बढ़ती जा रही है आज और कल में चार लोगों के मोबाईल पर चोरो ने अपना हाथ साफकर दिया है । सल्हेवार पारा निवासी मनोज सोनी अरुण, सोनी और विजय मिश्रा ने बताया कि बाजार में सब्जी खरीदते वक्त उनकी जेब से चोरो ने मोबाईल पार कर दिया है । मामले की पुलिस में शिकायत की गयी है परंतु पुलिस ने उन्हें जांच का आश्वासन देते हुए रवाना कर दिया । इतवारी बाजार में ऐसा रोजाना हो रहा वही स्थानीय लोगो का आरोप है कि पुलिस मामले को गम्भीरता से नहीं ले रही है । इस सम्बंध में कोतवाली थाना प्रभारी भावेश गौतम ने बताया कि मामले की शिकायत आई है पुलिस चोरों को जल्द पकड़ लेगी

विश्व कैंसर दिवस पर नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

धमतरी। आज धमतरी में विश्व कैंसर दिवस के मौके पर धमतरी जिला अस्पताल में नि:शुल्क कैंसर से संबंधित शिविर लगाकर 86 लोगों का स्कैनिंग किया गया। उक्त जांच पर 05 मुख के कैंसर के मरीज तथा 01 स्तन कैंसर रोग के संभावित मरीज मिले तथा उच्चरक्तचाप के 09 मरीज तथा रक्तशर्किरा के 20 मरीज पाये गये। तथा जांच के लिये आये मरीजों को स्वस्थ रहने हेतु परहेज एवं सुझाव दिये। उक्त नि:शुल्क शिविर में लगभग 100 से भी अधिक लोगों ने अपना जांच करवाया।

मतदाताओं ने ग्रामीण सत्ता चुनने के पर्व में उत्साह पूर्वक निभाई भागीदारी

- पंचायत आम चुनाव का तीसरा चरण, जिले के तीन विकासखंडों में हुई वोटिंग

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। पंचायत आम चुनाव के तीसरे चरण में जिले के अंबागढ़ चौकी, मोहला और मानपुर में वोटिंग हुई। मतदाताओं ने तीनों विकासखंडों के 422 मतदान केन्द्रों में जिला पंचायत सदस्यों, जनपद सदस्यों, सरपंचों और वार्ड पंचों के चुनाव के लिए मतदान किया। मतदान केन्द्रों में मतदान शुरू होने से पहले ही मतदाताओं की कतारें लग गई थी। पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि चुनने ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। युवाओं के साथ बड़े बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने भी लोकतंत्र की

इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

तीसरे चरण में 185 सरपंचों, 2 हजार 416 वार्ड पंचों, 47 जनपद सदस्यों और 5 जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान हुआ। तीसरे चरण में सुबह 9 बजे तक 14.96 प्रतिशत मतदान हो चुका था। सुबह 11 बजे तक 35.27 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके थे। दोपहर एक बजे तक आधे से अधिक मतदाता वोट डाल चुके थे। इस अवधि तक 51.33 प्रतिशत मतदान हो चुका था। एक बजे तक की स्थिति में 51.82 प्रतिशत पुरूष तथा 50.86 प्रतिशत महिला मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके थे। अपरान्ह 3 बजे तक 68.66 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इस समय तक 68.76 पुरूष तथा 68.55 प्रतिशत महिला मतदाता वोट डाल चुके थे।

तीसरे चरण में अंबागढ़ चौकी विकासखंड में 146, मोहला विकासखंड में 143 तथा मानपुर विकासखंड में 133 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। अंबागढ़ चौकी विकासखंड में 69 सरपंच, 893 वार्ड पंच, 17 जनपद सदस्य, दो जिला पंचायत सदस्य, मोहला विकासखंड में 57 सरपंच, 742 वार्ड पंच, 15 जनपद सदस्य, एक जिला पंचायत सदस्य तथा मानपुर विकासखंड में 59 सरपंच, 781 वार्ड पंच, 15 जनपद सदस्य तथा 2 जिला पंचायत सदस्य के चुनाव के लिए मतदाताओं ने मतदान किया। तीनों विकासखंडों में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 92 हजार 837 थी। इन विकासखंडों में 79 नक्सल अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र, 101 नक्सल संवेदनशील मतदान केन्द्र, 63 राजनैतिक संवेदनशील मतदान केन्द्र तथा 188 सामान्य मतदान केन्द्र थे। मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया था।

डॉ. केएस राय ने दिया कैंसर जागरूकता का संदेश

आरंग। स्थानीय सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में विश्व कैंसर दिवस पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि विश्व कैंसर दिवस पखवाड़ा 30 जनवरी से 4 फरवरी तक जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क जांच सुविधा व जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत मनाया जाता है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग जिला रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर से भी कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है ।इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला तथा स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विद्यालय से 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।चित्रकला में प्रथम स्थान पर चि. करण प्रजापति , द्वितीय चि.रोहन प्रजापति और तृतीय कुमारी रेणुका निषाद रही ,तथा स्लोगन प्रतियोगिता में कुमारी साक्षी पटेल प्रथम स्थान, चि. अनुराग सिंह ठाकुर द्वितीय, कुमारी सुषमा साहू तृतीय स्थान पर रहे जिनको पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकरके सम्मानित किया गया ।

अरुण बंटी छाबड़ा को चंडीगढ़ में फिल्म के महा नायक रजा मुराद ने आईकॉन अवार्ड से किया सम्मानित

भाटापारा। भाटापारा क्षेत्र मे अरुण बंटी छाबड़ा का व्यक्तित्व एक सेवा भावी व्यक्ति के रुप मे जाना जाता है, जिनके संवेदनाओं की सुगंधि विविध क्षेत्रों मे फैली हुई है, फिर चाहे वह कला का क्षेत्र हो या पीड़ित लाचार का सेवा क्षेत्र हो हर जगह उनकी सक्रियता मय उपस्थिति बयां करती है उनकी रचनात्मकता एवं संवेदना को, अभी कुछ वर्षों से उनके द्वारा संचालित एंबुलेंस सेवा एवं मुक्ति रथ गहन संवेदना का प्रतिरुप नजर आ रहें हैं, वहीं समय समय पर उनके द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रतिभा प्रोत्साहन जैसे आयोजन उनकी संवेदना भरी रचनात्मकता को उल्लेखित कर रहें है, इसके अलावा अन्य सामाजिक धार्मिक गतिविधियों मे उनकी निरंतर सक्रियता भी एक तरह से उनके व्यक्तित्व को प्रकट करती है

चंडीगढ़ मे संवेदना का सम्मान

विविध क्षेत्रों मे उत्कृष्टता को तलाशने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से पुरे देश से एन्टी करेप्सन फ़ाउन्डेशन आफ इंडिया द्वारा नेशनल ग्रेट आइकान एवार्ड का आयोजन पंजाब के चंडीगढ़ मे किया गया था, जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे हिन्दी फ़िल्मों के महानायक रजा मुराद तथा फ़ाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र जी अरोरा उपस्थित थे, उनके कर कमलों से आइकान एवार्ड का राष्ट्रीय सम्मान अरुण बंटी छाबड़ा को उनके विविध क्षेत्रों मे उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया।

पहले बाघ अब के बाद कड़बग्घा के गांव में घुसने से दहशत में है ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। विगत दिनों पूर्व बाघ के दहशत से उभर भी नही पाये थे, फिर अचानक लकडबगघा के आने की दहशत में ग्रामीणों ने एक बार फिर दहशत का माहौल बना हुआ है। धमतरी से लगे ग्राम पोटियाडीह में गांव के अंदर लकड़बग्घा घुसने की खबर से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।वही लकड़बग्घा को देखने मौके पर लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा है।बताया जा रहा है कि पोटियाडीह गांव के प्राथमिक

विद्यालय के पीछे एक बाड़ी में लकड़बग्घा घुस गया था जिसको लेकर ग्रामीण काफी डरे सहमे हुए है वही गांव के लोग अपने अपने दरवाजा खिड़की बंद कर दिए है। ग्रामीणों द्वारा गांव में लकड़बग्घा घुसने की सूचना वन विभाग को देने के बाद वन विभाग की टीम और अर्जुनी थाना की पुलिस मौके पर पहुँची है। लोगो को उक्त स्थान से हटाकर लकड़बग्घा की तलाश कर रही है वन विभाग की टीम ने बताया कि गांव में लकड़बग्घा घुसने की खबर मिली है जिसके चलते सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है वही अंधेरा होने के चलते सर्च ऑपरेशन में दिक्कत होने की बात वन विभाग कह रही है।

बकायादारों से 385 करोड़ की वसूली में जुटा निगम प्रशासन

धमतरी। नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी राजस्व वसूली के लिए लक्ष्य पूरा करने में नाकाम साबित हुए है। अब वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में सिर्फ दो माह शेष है, ऐसे में उनके समक्ष 3,85 करोड़ की वसूली की चुनौती है। उधर नोटिस जारी करने के बाद भी टैक्स जमा नही करने वाले बड़े बकायादारों पर कार्रवाई करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारी सूची तैयार करने में जुट गए है। राजस्व वसूली क नाम पर नगर निगम का हाल खराब है। राजस्व शाखा में 32 एआरओ, 3 आरआई और 1 राजस्व अधिकारियों की तैनाती के बाद भी टैक्स वसूली में अपेक्षित परिणाम नही आ रहे है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष अब समापन की ओर है, टैक्स वसूलने के लिए फरवरी और मार्च का महीना ही शेष रह गया है। इसमें भी विविध कारणों से पन्द्रह दिन छुट्टियों में निकल जाएगा। ऐसे में 45 दिन में राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नही है।निगम सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में कुल 6 करोड़ 87 लाख 53 हजार रूपए राजस्व वसूली का लक्ष्य था। लेकिन जनवरी महीने तक सिर्फ 3 करोड़ 2 लाख रूपए (45 फीसदी) की वसूली हुई है। इस तरह अब भी 3 करोड़ 85 लाख रूपए बकायादारों की जेब में है।

बनाई जा रही है सुची.

उधर टैक्स वसूली को लेकर निगम के राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों पर दबाव काफी बढ़ गया है। ऐसे में वे बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी टैक्स जमा कराने में दिलचस्पी नही दिखाने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफकार्रवाई करने के लिए सूची तैयार कर रहा है। बताया गया है कि अब जल्द ही संपत्ति कुर्क करने के अलावा नल कनेक्शन काटने की भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। लंबे समय से टैक्स जमा नही करने वालों की सूची अब विशेष अभियान चलाया जाएगा। अब ऐसे लोगों का नल कनेक्शन भी काटा जाएगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान के बाद नवनिर्वाचित पंच-सरपंचों को प्रमाण पत्र वितरण

धमतरी। कुरूद प्रथम चरण के तहत हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान व परिणाम के बाद रिटर्निंग आफिसर ने ब्लॉक मुख्यालय कुरूद में जनपद सदस्यों सरपंचो एवं पंचो को विधिवत निर्वाचित होने की घोषणा कर प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिस हेतु दिनभर विजयी प्रत्याशियों की भीड़ रही।28 जनवरी को कुरूद ब्लॉक के 105 पंचायतों में जिला के क्षेत्र क्रंण् 1, 2, 3, 4 तथा 25 जनपद सदस्य एवं 104 ग्राम पंचायतो में पंच.सरपंच का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें विजयी प्रत्याशियों के निर्वाचित होने की विधिवत घोषणा गुरूवार को ब्लॉक मुख्यालय में रिटर्निंग आफिसर भूपेन्द्र गावड़े ने जनपद कार्यालय में किया। साथ ही उन्हें विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसके तहत जनपद क्षेत्र क्रं 1 सेमरा सी से पदमा साहू 2 तर्रागोंदी कांति साहू 3 भेण्डरा

हंसकुमारी सिन्हा 4 गाड़ाडीह आर पुरूषोत्तम सिन्हा 5 सुपेला;सेमरा हुमेन्द्र गजेन्द्र 6 कोसमर्रा संतोष साहू 7 भुसरेंगा गजेन्द्र साहू 8 बगौद चन्द्रकला कोसले 9 कातलबोड़ रविन्द्र कुमार साहू 10 मंदरौद थानूराम साहू 11परखंदा गीता ध्रुव 12 गुदगुदा जानसिंग यादव 13 सिवनीकला धनेश्वरी साहू 14 नारी तामेश्वरी साहू 15 धूमा धरमपाल साहू 16 अछोटी धनेश्वरी यादव 17 मरौद धर्मिन साहू 18 जोरातराई परमेश्वरी साहू 19 सिर्री लोकेश साहू 20 कोड़ापार देवकुमारी साहू 21 दरबा पुरूषोत्तम साहू 22 अंवरी सुनिल गायकवाड़ 23 चर्रा दुलेश्वर ध्रुव 24 जीजामगांव हेमेश्वरी बांधे तथा 25 मड़ेली शारदा साहू ;निर्विरोधद्ध निर्वाचित हुई है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं DINESH JAIN S/O LAXMI CHAND निवासी HNO.355, WARD NO.12, AZAD CHOWK, MANPUR, RAJNANDGAON (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम DINESH KUMAR JAIN S/O LAXMI CHAND रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम DINESH KUMAR JAIN S/O LAXMI CHAND से ही जाना पहचाना जावे।

DINESH KUMAR JAIN
HNO.355, WARD NO.12, AZAD CHOWK, MANPUR, RAJNANDGAON (C.G)

दिशा-निर्देश | राजिम पुन्नी मेला तैयारी की भी समीक्षा

ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मेलन में मैदानी अमले की उपस्थिति जरूरी : कलेक्टर

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। वहीं राजिम पुन्नी मेला तैयारी की समीक्षा के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में ग्राम पंचायत के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों की प्रथम सम्मेलन 11 फरवरी को होना है। उक्त सम्मेलन में समस्त विभागों के मैदानी अमले की उपस्थिति जरूरी है। सम्मेलन में मैदानी अमले विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देंगे। कलेक्टर ने शासन की महत्वकांक्षी योजना - मुख्यमंत्री हाट-बाजार योजना और सुपोषण अभियान की समीक्षा करते हुए विभाग द्वारा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सुपोषित बनाने समाजसेवी संस्थाओं एवं अधिकारियों को गोद लेने हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोक सेवा

गारंटी के तहत प्रकरण लंबित रखने वाले विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

9 फरवरी से 21 फरवरी तक राजिम माघी पुन्नी मेला

जिले के पवित्र धार्मिक नगरी राजिम में आगामी 9 फरवरी माघ पुर्णिमा से 21 फरवरी महाशिवरात्रि तक राजिम माघी पुन्नी मेला आयोजित होगा। कलेक्टर श्री धावड़े ने उक्त मेला आयोजन के संबंध में विभागों को सौपे गये दायित्वों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अवगत कराया कि उक्त आयोजन के दौरान 9 फरवरी को पंच-सरपंच सम्मेलन, 10 फरवरी को किसान सम्मेलन, 12 फरवरी को वन समिति का सम्मेलन, 14 फरवरी को युवा सम्मेलन, 16 फरवरी को आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन, 18 फरवरी को बिहान एवं मितानिन सम्मेलन तथा 19 फरवरी को आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसमें संबंधित विभाग के मंत्री मुख्य अतिथि होंगे। उक्त आयोजन हेतु आमंत्रण पत्र से लेकर समुचित व्यवस्था का दायित्व संबंधित विभाग का होगा। कलेक्टर ने कहा कि इस आयोजन में विभागीय प्रतिवेदन का वाचन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। प्रतिवेदन में विभागीय उपलब्धियों का समावेश हो, सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। उक्त प्रदर्शनी जीवंत हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेला स्थल की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था बेहतर हो।

बेमौसम बारिश से लोग हुए परेशान, दिनचर्या में आया बदलाव

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। पश्चिमी विछोभ के चलते हुए मौसम के परिवर्तन ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है, अचानक हुई बारिश ने एक तरफजहां लोगो को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया वही कई प्रशासनिक व्यवस्था की भी पोल खोल कर रख दी है, खुले में पड़ा धान , सड़को में बहता नाली का पानी जिले की हकीकत बया करता आ रहा है। ऐसे में सरकारी दावे महज खोखला दावा बन कर रह गए है ।

नगरपालिका की पोल - बे मौसम बारिश ने नगरपालिका के सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी, कुछ दिनों पहले नए पालिकाध्यक्ष और पार्षदो सहित अधिकारियों के फोटो सेशन की पोल बे मौसम बरसात ने खोल दी, जब गटर का गंदा पानी सड़को पर बहने लगा ।

घरों में दुबके लोग - जिले में बेमौसम बारिश की बूंदों ने उतरते ठंड में लोगो की ठिठुरन बड़ा दी है मौसम में कुछ दिनों से बदलाव के चलते बदली और बूंदाबांदी की वजह से लोगो को घरों में रहने मजबूर कर दिया। लोगो को सुबह और शाम होते ही झुंड बनाकर आग तापते देखा जा रहा है। बता दे कि आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश की वजह से ठंडी हवावो की वजह से ठंड कहर भी बढ़ने लगा। जिसके चलते सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगो की संख्या में भी फिर कमी आना शुरू हो गया। लोग चैक चैराहो में झुंड बना कर चाय ठेलों में आग तापते नजर आ रहे। आने वाले कुछ दिनों ऐसे ही ठंड का कहर और जारी रहने की उम्मीद बताई जा रही हैं।

खुले में पड़ा करोड़ों का धान

सोसायटियों करोड़ों का धान खुले में पड़ा है लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बावजूद भी विभागों को फर्क नहीं पड़ा, वही किसान के माथे में अब चिंता की लकीरें साफदेखी जा सकती है, पहले टोकन की मारामारी फिर सोसायटियों में होने वाले नखरे किसानों के लिये पहले ही परेशानी का सबब थे वही बारिश की दोहरी मार ने किसानों को और बेबश कर दिया, अब जब 1 दिसम्बर से शुरू हुई धान खरीदी भी अब अपने अंतिम चरणों मे है अगर धान खरीदी की तारीख आगे न बड़ी तो उन किसानों का क्या होगा जो अब तक शिर्फटोकन कटवाने घण्टो लाइन में लगे अपनी बारी का इंतजार करते है।

विजय जुलूस में पड़ा खलल

कल लोरमी ब्लाक में हुए मतदान के बाद जीते प्रत्याशियों के विजय जुलूस में भी बेमौसम बारिश ने खलल डाल दी है, लगभग 25 दिनों की जी तोड़ मेहनत के बाद मिलने वाली खुशी का जशन बारिश की वजह से फीका पड़ने लगा है।

ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार राजाराम कश्यप की दर्दनाक मौत

- बाइक सवार का दुसरा साथी घायल संतराम बिलासपुर सिम्स से इलाज उपरांत वापस लौट आया है

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। ट्रैक्टर की ठोकर से घायल बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई है घटना में बाइक सवार का एक साथी घायल हो गया था जिसे तखतपुर के शासकीय अस्पताल में भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे बिलासपुर सिम्स के लिए रिफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी लगते ही जरहागांव पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर घायलो को इलाज के लिए तखतपुर भेजी है और परिजनों के रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच मे जुटी हुई है। घटना जरहांगांव थाने के बिलासपुर रोड़ के मुबईया ढाबा व मित्र मिलन ढाबा की मध्य की है रविवार शाम 6.30 बजे पर छतौना निवास राजाराम कश्यप उम्र 55 वर्ष अपने साथी सतराम के साथ बाइक से तखतपुर जा रहा था। तभी सामने तखतपुर की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी जिससे दोनो सवार बाइक से गिर गये। ठोकर इतना जोरदार था कि हादसे में राजाराम कश्यप उम्र 55 वर्ष की गंभीर चोट लगने की कारण अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। राजाराम कश्यप के साथ सवार संतराम भी घायल था जिससे तखतपुर के अस्पताल ले जाया गया। जहां राजाराम कश्यप मृत्यु होने की पुष्टि हुई वहीं संतराम के प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे ईलाज के लिए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया था। घटना के बाद टैऊक्टर चालक ट्राली को लेकर भाग रहा था जिसे परिजनों के शिकायत पर जरहागांव पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है. वही ट्रैक्टर और ट्राली जिसमे टेंट का सामान लोड है. पुलिस ने जब्त कर ली है. वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को परिजनों को सौंपा दिया गया है। वहीं घायल संतराम स्वस्थ होकर सिम्स से वापस अपने गांव आ गया है। बहरहाल परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस धारा 304 ए, 279, 337 आईपीसी में अपराध कायम कर जांच में जुटी हुई है।

मलेरिया मुक्त बीजापुर बनाने शत-प्रतिशत जांच करें : कुंजाम

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री के. डी. कुंजाम ने बीजापरु जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए शत्प्रतिशत मास स्क्रीनिग करने डॉ. बीआर पुजारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग को आवश्यक निर्देश दिए गए।

आश्रम, पोटाकेबिन, छात्रावास में बच्चों की मलेरिया जांच व सीआरपीएफ छग सशस्त्र बल कैम्पों में भी जाकर मलेरिया के जांच करने को कहा। उन्होने कहा कि आश्रम पोटाकेबिन, छात्रावासों के बच्चों को मलेरिया से मौत होगी तो संबंधित अधिकारी और अधीक्षक के ऊपर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगे। श्री कुंजाम ने मेडाराम जाने वाले रास्ते में कैम्प लगाकर मलेरिया की जांच के लिए जनपद सीईओं भोपालपटनम एवं डॉ पुजारी को कहा। डॉ बीआर पुजारी ने मलेरिया जांच की जानकारी देते हुए हाल ही में कोरोना वायरस के बारे में भी बताया। श्री पुजारी ने बताया कि नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बुखार के साथ सर्दी, जुखाम, सिरदर्द गले में खराश जैसी समस्याएं उत्पन्न हो तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने को कहा।

उन्होंने कोरोना वायरस के लक्षण व बचाव के बारे में भी बताया। कलेक्टर श्री केडी कुंजाम ने ऐसे बीमारियों से सतर्क रहने की सलाह दी। श्री कुंजाम ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए एनीमिक महिलाओं को पौष्टिक आहार सही मात्रा में खिलाने एवं जिले में एनीमिक महिलाओं की जानकारी ली। समय सीमा की बैठक में वन धन योजना, धान खरीदी, बारदाना, असंगठित कामगारों पेंषन योजना, कृषि, बिजली, प्रधानमंत्री सड़क योजना, पषु धन योजना, सोलर पम्प सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

तुलतुली के सरकारी स्कूल के बच्चे अंग्रेजी में देते है जवाब

- प्राईवेट स्कूल से कम नहीं होती स्कूल में पढ़ाई
- कबाड़ के जुगाड़ मॉडल से सीखते है विभिन्न तकनीकी

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला मुख्यालय से 25 कि.मी. की दूरी में शासकीय प्राथमिक शाला सरईपारा तुलतुली में बच्चे एवं शिक्षक प्राईवेट स्कूल की भांति प्रतिदिन शाला आते हैं शाला में बच्चों के लिए अलग ड्रेस कोड शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के द्वारा निर्धारित किया गया है जिसमें सभी शिक्षकों के लिए परिचय पत्र बना है बच्चों के लिए परिचय पत्र आई.डी. कार्ड, टाई बेल्ट, जूता मोजा एवं बेच के साथ शाला में आते है एवं सभी बच्चे अपना नाम अंग्रेजी में जवाब देते है और पढ़ते है ।साथ ही सभी बच्चे अपना खुद निर्धारण कर मैं क्या बना चाहता हूं । जैसे कि मैं पढ़ लिख कर कलेक्टर, प्रधानमंत्री, पायलेट बनना चाहता हूं । इनका सूची फ्लेक्स द्वारा बनाया गया है। बच्चे शाला में आकर सर्वप्रथम सूची को देखते है और उत्साहित रहते है एवं शाला प्रबंधन समिति भी बढ़चढ़कर बैठक एवं शाला के गतिविधियों में हिस्सा लेते है और सहयोग करते है ।साथ ही एक मॉडल कबाड़ से जुगाड़ कर पालकों एवं शिक्षकों के सहयोग से बनाया गया है जिसमें तालाब, झरना, मंदिर, बिजली, उत्पादन केन्द्र, मछलीपालन, खेती, सिंचाई, सड़क, मोटर गाड़ी, दूरी कि.मी. में एवं यातायात के साधन, यातायात के नियमों, फ्लेक्स द्वारा बनाया गया है । साथ ही सभी जंगली जानवरों एवं जन्तुओं का मॉडल बना हुआ है एवं पानी में रहने वाले जीव जन्तुओं के बारे में बच्चे आसानी से समझ पाते है । शाला में गार्डन, बागवानी, औषधि पौधो का लगभग 20, 25 प्रजाति के पौधे है और उनका नामों का तक्ती लगाया गया है ।जिसमें शाला आकर्षक सजावट को देख बच्चे हर्ष उल्लास के साथ पढ़ाई करते है। शाला में प्रतिवर्ष दर्ज संख्या में वृद्धि होती है जिसमें शाला के प्रधान अध्यापक पुनीत राम राना एवं सभी पालकों का अथक प्रयास एवं सहयोग सराहनीय है ।

पूर्व वनमंत्री के फर्जी मतदान का आरोप ग़लत और बेबुनियाद : ज्योति कुमार

बीजापुर। पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा के फ़र्ज़ी मतदान के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने कहा की बेलनार ग्राम के लोग बंगापाल शिविर में रहते है और बंगापाल शिविर के मतदाता सूची में उनका नाम है। इसलिए ये बंगापाल के मतदाता केंद्र में मतदान किए। कहीं भी किसी भी तरह का फ़र्ज़ी मतदान नही हुआ। जब यही लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करते थे तो पूर्व मंत्री जी के लिए सब कुछ ठीक ठाक लगता था लेकिन अब ये लोग किसी अन्य के पक्ष में वोट डालते है तो उनको ग़लत और फ़र्ज़ी लगता है, पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा जी को लोकतंत्र का सम्मान करना चाहिए और क्षेत्र की जनता के जनमत का सम्मान करते हुए उसे ससम्मान पूर्वक स्वीकार करना चाहिए पूर्व वनमंत्री जी का यह बयान क्षेत्र की मतदाताओं का और लोकतंत्र का अपमान है। और महेश गागड़ा जी को बीजापुर की जनता और मतदाताओं से माफी माँगनी चाहिए। पंचायत चुनावों में कांग्रेस की जीत से ये सिद्ध हो गया है कि क्षेत्र की जनता भाजपा और महेश गागड़ा जी को पूरी तरह से नकार चुकी है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को पिलाई विटामिन की खुराक

- नवजात शिशु के जन्म पर पार्षद की ओर से 3 नवजात को 51सौ का सौंपा चेक

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। सोमवार को राजापारा आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक एक में 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों का शिशु संरक्षण सप्ताह मनाया गया है। यह शिशु सरंक्षण सप्ताह प्रति 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर विशिष्ट अतिथि पूर्व नपाप अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बीरेश ठाकुर राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया एल्डरमैन सोमेश सोनी उपस्थित रहे। शिशु सरंक्षण सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि नपाप अध्यक्ष सरोज ठाकुर ने देवभूमि राजापारा में माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम में नवजात शिशु व छोटे बच्चों को विटामिन की खुराक पिलाकर कुष्ठ रोग से लड़ने की शपथ लिया गया ।इसके बाद पूर्व नपाप अध्यक्ष व बविप्रा के सदस्य ने भी नन्हे बच्चों को विटामिन की खुराक पिलाकर कुष्ठ रोग से लड़ने व शासन की योजनाओं का सही समय पर बच्चों व गर्भवती माताओं को देकर आने वाली गम्भीर बीमारियों को दूर भगाने की बात कही गई। कार्यक्रम के पश्चात चुनाव के दौरान राजापारा पार्षद ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों के अनुसार वार्ड में किसी भी नवजात के जन्म पर 51सौ रुपए देने की घोषणा किया था।उसी के अनुसार अपने चुनावी वादों को पूरा करते वार्ड के तीन नवजात शिशुओं की माताओं को 51 सौ का चेक देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया।शिशु सरंक्षण सप्ताह कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि नपाप अध्यक्ष सरोज ठाकुर ने कहा की महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में नॉनिहाल बच्चों को समय समय विटामिन पोलियो ड्रॉप सहित बच्चों के वजन त्योहार के अलावा गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर बीमारी को दूर भगाए।

टिकेश्वर प्रसाद गबेल अपने प्रतिद्वंद्वियों से 6215 मतों से विजयी

सक्ती। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 20 से टिकेश्वर गबेल अपने प्रतिद्वंदी अमित राठौर कमल किशोर पटेल राजाराम पटेल क्षेत्र क्रमांक 20 में प्रत्याशी चुनावी मैदान में चुनाव लड़ रहे थे जिसमें टिकेश्वर प्रसाद गबेल के द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वियों को 62 15 मतों से जीत हासिल कर विजय प्राप्त किया टिकेश्वर गबेल व कमल किशोर पटेल इस चुनावी समर में आमने-सामने प्रतिद्वंदी के रूप में लड़ रहे थे जिसमें टिकेश्वर गबेल को 18 677 मत प्राप्त हुए वही प्रतिद्वंदी कमल किशोर पटेल को 12462 मत प्राप्त हुए जिसके अनुसार टिकेश्वर गबेल 6215 मतों से विजय प्राप्त किया बता दें कि जिला पंचायत 20 नंबर क्षेत्र क्रमांक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित राठौर शक्ति विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के बहुत ही करीबी में जाने माने जाते हैं परंतु क्षेत्र में लगातार महंत के करीब रहने वाले प्रत्याशियों की करारी हार हो रही है कहीं ऐसा तो नहीं की 1 वर्ष के अंदर ही शक्ति विधानसभा क्षेत्र वासियों का कांग्रेस के लोगों से मोहभंग हो रहा है ।

मुंगेली से अजय साहू बने प्रदेश युवा प्रकोष्ठ साहू संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव

मुंगेली। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश सयुक्त सचिव युवा प्रकोष्ठ का दायित्व मुंगेली के अजय साहू को देते हुए युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरजीत साहू ने युवाओं को उनके पूर्व में किए गए सामाजिक दायित्वों के निर्वहन व रचनात्मक कार्यो में सक्रियता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश संयुक्त सचिव युवा प्रकोष्ठ साहू संघ के रूप में अजय साहू को जिम्मेदारी दी है। प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरजीत साहू ने अजय साहू को बधाई देते हुए कहा कि समाज के मुख्यधारा से जुड़कर रचनात्मक कार्यक्रमो को सफल बनाने अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है जिस पर अजय साहू ने उन्होंने समाजिक कार्यों में पूरी उर्जा व क्षमता के साथ जुट कर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है।

कलेक्टर ने प्रदान किया नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने मुंगेली जिले के जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 लौदा के नवनिर्वाचित सदस्य वशीउल्ला शेख एवं जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्ठा के नवनिर्वाचित सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भुरे ने जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को नई जिम्मेदारी मिलने पर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सदस्यों के शुभचिंतक उपस्थित थे।

सर्व ब्राह्मण नि:शुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार

मुंगेली। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में ब्राह्मण परिवार के बच्चों का निःशुल्क उपनयन संस्कार दिनांक 16 फरवरी ''सीताअष्टमी'' के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। सुचिता, संयम, नियम से जीवन जीने के लिए उपनयन संस्कार जीवन में आवश्यक है। कार्यक्रम को आचार्यो की उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाज से वेदियां बनाकर पूजा, पाठ एवं हवन कर यह कार्यक्रम कराया जायेगा। मंडपाच्छादन, हरिद्रालेपन, मातृकापूजन, मंडप एवं मुंडन, बरुआ खिलाई का कार्य पूर्ण वैदिक एवं धार्मिक रीति-रिवाजों से किया जाता है। परिवार व समाज के लोग शगुन के रुप में भीखी प्रदान कर बटुकों को आशीर्वाद देते है और अन्त में बैण्ड बाजे के साथ समस्त बटुकों की बारात (शोभा यात्रा) निकाली जाती है एवं मंदिर जाकर भगवान से आशीर्वाद लिया जाता है। इसमें बटुकों के परिवारजनों के साथ-साथ कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सदस्यगण नृत्य के साथ बारात को भव्यता प्रदान कर वातावरण को भावुक बना देते है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की महिला मंडल लगातार सारे आयोजन में सहयोगी के रुप में रहती है एवं पूरे समय मधुर मंगल गीतों से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करती है। वास्तव में सामूहिक कार्यक्रम का जो आनंद आता है वह अविस्मरणीय होता है। धर्म, संस्कार एवं भावनाओं के ऐसे आयोजन कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज वर्ष भर लगातार करते आ रहें है। निःशुल्क आयोजन में लगातार बटुकों के पंजीयन प्राप्त होते जा रहे है। बटुकों के नाम का पंजीयन प्रारंभ है अंतिम तिथि 10 फरवरी है। पिछले वर्ष 51 बटुकों का उपनयन संस्कार हमारी संस्था द्वारा करवाया गया था। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज पूर्णतः धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए भव्यता से यह कार्यक्रम लगातार आयोजित करता आ रहा है।

चुनई

समाज के सभी वर्गो ने बढ़-चढ़कर की अपनी भागीदारी सुनिश्चित, अंतिम चरण का मतदान संपन्न

तृतीय चरण के मतदान के लिए मतदाताओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

- कलेक्टर डॉ. भुरे ने दी स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर जिले के लोगों को बधाई

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तहत मुंगेली जिले के जनपद पंचायत लोरमी क्षेत्र में तृतीय और अंतिम चरण का मतदान आज स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया। तृतीय चरण के मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। समाज के सभी वर्गो ने मतदान में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। दोपहर 3 बजे तक 65.20 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान की। इनमें 62.87 प्रतिशत पुरूष एवं 67.58 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। मतदान की प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सकती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जनपद पंचायत लोरमी क्षेत्र में तृतीय और अंतिम चरण के मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर लोगों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के प्रतिनिधियों को अपनी बधाई दी है। उन्होने कहा है कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में मतदाताओं की अहम भूमिका होती है। पंचायत निर्वाचन में जिले के मतदाताओं ने भारी उत्साह से हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अपना भरोसा जताया। यह मतदाताओं की जागरूकता का परिचायक है।

जनपद पंचायत लोरमी क्षेत्र में तृतीय और अंतिम चरण के निर्वाचन में विभिन्न मतदान केंद्रों में आम मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग, वयोवृद्ध और नये मतदाताओं द्वारा भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया गया। इसी कड़ी में ग्राम धरमपुरा के मतदान केंद्र क्रमांक 176-177 में प्रियंका सोनवानी, अमरौतीन सोनवानी, श्रीमती चित्ररेखा सोनवानी, पीनाक सोनवानी, त्रिवेणी, केवल प्रसाद, शिवप्रसाद खाण्डे, चैतराम सहित अनेक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इसी तरह ग्राम बैगाकापा के मतदान केंद्र क्रमांक 292 में रामकुमार बंजारे, संतोष, मूलचंद, देवल प्रसाद, रोशन काठले सहित अनेक मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रगट की। इसी तरह ग्राम पंचायत अखरार, ग्राम पंचायत गोड़खाम्ही सहित अनेक मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी भूमिका अदा की।

बारिश से धान खरीदी पर हुआ असर, कुछ केंद्रों में खरीदी को लेकर संस्पेंस

- सुबह से शाम तक रुक-रुक कर हो रही थी बारिश

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले में सुबह 11 बजे से रुक रुक कर हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। वही सबसे बुरा असर धान खरीदी पर पड़ा। केन्द्रों में बारिश की वजह से तौलाई की जगह पूरी तरह से भीग जाने की वजह से किसानों को धान खरीदी के लिए अगली तारीख दे दिया गया। इससे धान लेकर मंडी पहुंचे किसानों को निराश हो कर लौटना पड़ा।चालू विपणन वर्ष में धान खरीदी को लेकर नित बदल रहे नियमों से हलाकान किसानों को चुनाव में तीन दिन अवकाश घोषित होने के साथ ही अब मौसम की मार दोहरी मुसीबत बन कर टूट रही है। मंडी पहुचे किसानों ने किसी तरह व्यवस्था कर धान भीगने से बचा तो लिया किन्तु सब मंडी से वापस लौटे किसानों के सामने अब अपने धान को बारिश से बचा कर रखने की चुनौती तो है ही,साथ ही दोबारा इस धान को लेकर आने का खर्च भी उन्हें वहन करना होगा।

मंगलवार की सुबह 11 बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला देर रात्रि तक दिन भर जारी रहा। रूक रूक कर दिन भर होती रही बारिश से समान्य जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। सड़कों में पूरी तरह से विरानी छायी रही। पानी और कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबके रहे। आवश्यक काम होने पर ही वे घर से बाहर निकले। बारिश की वजह से बाजार में भी विरानी छाई रही। ठंड के कहर से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते रहे। सबसे अधिक परेशानी दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों को हुई। बारिश और कड़ाके की सर्दी के बावजूद वे ना केवल अपने काम में पहुंचे,अपितु पानी से जूझते हुए अपने काम में भी जुटे रहे।

प्रभावित हुई धान की खरीदी

मौसम की इस बेईमानी से एक बार फिर अन्नदाता किसान सबसे अधिक प्रभावित हुए। रुक रुक कर हो रही बारिश को बावजूद किसान धान बेचने के लिए मंडी पहुंचे थे। लेकिन बारिश की वजह से मंडी में ना तो धान को उतारने के लिए सूखी जगह बची थी और ना ही तौलाई के लिए। वहीं वातावरण में नमी की वजह से धान की नमी का माप सही ना होने से भी केन्द्रों में धान की खरीदी प्रभावित होने की बात कही जा रही है। जिले के सभी 22 खरीदी केंद्रों में 4 फरवरी के लिए 714 किसानों को टोकन जारी किया गया था जहा 33177 किवंटल धान खरीदी का लछ्य था लेकिन खराब मौसम की वजह से किसी तरह देर शाम तक 74 किसानों के 3906 किवंटल धान की तौलाई ही पाई शेष को अगली तारीख का टोकन थमा कर वापस भेज दिया गया ।

धान भीगने की चिंता -कुछ केंद्रों में अचानक हुए मौषम में परिवर्तन से धान भीगने की चिंता बनी हुई हैं वही अधिकारी समितियों में पर्याप्त सुरछा व्यवस्था होने से किसी प्रकार के नुकसान नही होने का दावा कर रहे है ।

बारिश के पश्चात भी कुछ केंद्रों में हुई खरीदी -मंगलवार को सुबह से ही मौषम खराब था ऐसे में यदि मंडी के दो केंद्रों को यदि छोड़ दिया जाए तो बचे शेष 20 केंद्रों में हुई खरीदी को लेकर यह मामला अधिकारियों में चरचा का विषय बना रहा कि आखिर 3906 किवंटल की खरीदी देर शाम तक कैसे हो गई जब कि सुबह 11 बजे से ही शाम 6 बजे तक रुक रुक बारिश होती रही आखिर इन खरीदी केंद्र में क्या किसानों को धान पलटना भरना या तोलना नही पड़ रहा क्या जिसे लेकर अधिकारियों ने जिन केंद्रों में खरीदी हुई वहा सत्यापन कर कार्यवाही की बात कही वही दूसरी ओर बारिश में भी धान खरीदी होने को लेकर सवाल उठना लाजमी है ।

भाजपा के बाद सीपीआई ने भी लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर के द्वारा पत्रकार वार्ता कर आरोप लगाया है कि हाल ही में हो रहे पंचायत चुनाव में भारी गड़बड़ी किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत क्षेत्र क्र. 1 पुसगुड़ी व मतदाता क्र.5 विकास खंड उसूर में ये मामला सामने आया है वहां के प्रत्याशी श्रीमती पार्वती अगनपल्ली को रात होने का हवाला देकर सुबह गिनती करने की बात कही और सुबह होने पर गिनती हो गया है। और तुम हार गई हो कहा गया। ये संदेह के दायरे में आता है इसका जांच होना चाहिए। साथ ही सीपीआई जिला सचिव ने सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि ये सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई है। जैसे, पूर्ण शराब बंदी, बेरोजगारी भत्ता, जेलो में बन्द निर्दोष ग्रामीणो को रिहा करना,धान की खरीदी में भारी अव्यवस्था किसानों को हो रही भारी परेशानी साथ ही सीएए के बात, एनपीआर एनआरसी का भी विरोध करते हुए कहा कि ये कानून जनविरोधी कानून है। जिसका सीपीआई पुरज़ोर तरीके से विरोध करती है।

नगर पंचायत केशकाल में कांग्रेस का कब्जा

विधानसभा केशकाल के लोकप्रिय विधायक संतराम नेताम ने फहराया परचम

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल। कांग्रेस द्वारा नगर पंचायत केशकाल से कब्जा करते हुए आज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 5 जिला पंचायत व तीनों जनपद पंचायत में विधानसभा केशकाल के लोकप्रिय विधायक संतराम नेताम ने फहराया परचम कावागांव, चूरेगांव, कुवें, रावबेड़ा, कोरकोटटी, में पहली बार हुआ मतदान। संवेदन शील क्षेत्रो में सुरक्षा के दृस्टि से पूर्ण बन्दोबस्त पुलिस प्रसासन द्वरा केशकाल बड़े राजपुर व धनोरा थाना के समस्त स्टाप व सी आर पी एफ आई टी बी पी के 13 बटालियन ने संभाल रखा था सुरक्षा का मोर्चा। केशकाल के इतिहास में पहली बार धुर नक्सल गढ़ में भी हुआ खुला मतदान बेखोफ ग्रामीणों ने भारी उत्साह से किया बढ़ चढ़ के किया मतदान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहुचे रिटीर्निंग आफिसर व तहसीलदार

केशकाल राकेश साहू ने कावागांव सहित इरागांव बड़ेखाली, पडडे, हिचका, पहुच मतदान कर्मियो का हौसला बढ़ाया उनसे बास्त करने पर बताया को पुलिस प्रसासन सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वरा इस चुनाव प्रकिया में सक्रियता के साथ कार्य करने के चलते कोई भी दुविधा उतप्पन नही हुआ और रात 12 बजे तक मतदान दल द्वरा केशकाल महाविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम पहुंचे। स्थानीय विधायक सन्तराम नेताम के विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 3 जनपद केशकाल 11 पर कांग्रेस ने कब्जा किया वही बड़े राजपुर ब्लाक में 11 से अधिक में कांग्रेस ने बाजी मारी व फरसगांव में भी 10 सीट लेकर जनपद में अध्यक्ष बनने की बात की साथ ही कांग्रेस समर्थित 6 जिला पंचायत मे कांग्रेस का ही कब्जा हुआ वही पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने भी फिर से भारी अंतर से जीत दर्ज किया वही जनपद में केशकाल अधिवक्ता महेंद्र नेताम ने जनपद में तीसरी बार जीत दर्ज किया इस बीच विधायक सन्त राम नेताम से बात करने पर उन्होंने कहा कि विधानसभा अंतर्गत 3 ब्लाक के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के मेहनत के चलते आज इतना बड़ा विजय करने के साथ साथ जिला में अध्यक्ष पद के लिए कब्जा बनाया है साथ ही इसके साथ ही तीनो जनपद में भी कांग्रेस के अध्यक्ष उपाध्यक्ष होने की बात कही इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीनों ब्लाक में सरपंच की संख्या में भी कांग्रेस का ही बहुमत है सरपंच संघ में भी कांग्रेस का ही कब्जा हुआ है इस अवसर नव नियुक्त विजयी प्रत्याशियों को बधाई भी दी व विकास कार्यो में तेजी लाने सभी का सहयोग होने की बात की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के विधायक सन्त राम की अहम भूमिका रही जिसके चलते उन्होंने मिशाल के तौर पर अपने ग्रह ग्राम पलना को पूर्ण रूप से निर्विरोध चुनाव कराया

कलेक्टर ने नर्वाचन हेमंत ध्रुव को सौंपा प्रमाण पत्र

कांकेर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के स्पष्ट रुझान मिलने के बाद जिला कलेक्टर के. एल. चौहान द्वारा कांग्रेस के समर्थित जिला पंचायत सदस्य चुनाव में क्षेत्र क्र.7 से विजयी प्रत्याशी हेमंत धुर्व को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपते हुए दिया बधाई । इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य बीरेश ठाकुर, वरिष्ठ कार्यकर्ता राघवेंद्र राजपूत, नीरा साहु महिला कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित थे।

पंच-सरपंचों का सम्मिलन 11 को

अम्बिकापुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सारांश मित्तर ने बताया है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिले के ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित पंच एवं सरपंचो का प्रथम सम्मिलन पूरे जिले के ग्राम पंचायतों 11 फरवरी 2020 को होगा। प्रथम सम्मिलन के दिन ही पंच एवं सरपंच पदभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रथम सम्मिलन की कार्यवाही हेतु ग्राम पंचायत का सचिव (विहित प्राधिनियम) सरपंच एवं समस्त पंचों को प्रथम सम्मिलन में उपस्थित होने हेतु पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 20 में वर्णित प्रावधान अनुसार सम्मिलन की सूचना प्ररूप दो में जारी करने निर्देशित किया है। प्रथम सम्मिलन की कार्यवाही समस्त ग्राम पंचायतों में एक ही दिन अर्थात 11 फरवरी 2020 को होगी।

तीसरे चरण में 88.06 प्रतिशत मतदान

अम्बिकापुर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तीसरे चरण में जिले के लुण्ड्रा तथा बतौली जनपद में 3 फरवरी को सम्पन्न हुए मतदान में दोनों जनपदों का औसत मतदान प्रतिशत 88.06 प्रतिशत रहा। लुण्ड्रा जनपद पंचायत में 88.01 तथा बतौली में 88.13 मतदन प्रतिशत रहा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा जनपद पंचायत में 88.01 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 88.55 तथा महिला मतदाताओं का प्रतिशत 87.47 है। इसी प्रकार बतौली जनपद पंचायत में 88.13 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 88.91 तथा महिला मतदाताओं का प्रतिशत 87.37 है। इस प्रकार दोनों जनपद पंचायतों में सम्पन्न हुए मतदान का औसत प्रतिशत 88.06 रहा।

नेशनल लोक अदालत 8 को

अम्बिकापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायधीश श्री बी.पी. वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन बैंक अधिकारियों इंश्योरेंस कम्पनी के अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न हुआ। नेशलन लोक आदालत में बैंक प्री-लिटिगेशन, एन.आई.एक्ट एवं मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित अधिक से अधिक मामलों का निराकरण किये जाने हेतु आवश्यक प्रयास करने कहा गया। बैठक में स्थायी लोक आदालत के चेयरमेन आनंदराम ढिड़ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जनार्दन खरे, अधिवक्ता अशोक दुबे, आर.एन0प्रसाद, प्रशांत त्रिपाठी, डॉ. जे.पी. श्रीवास्तव, विनोद कुमार दुबे, जे.पी. गुप्ता, सतीशचन्द्र मिश्रा, लक्ष्मी सिन्हा, राजन वर्मा, इन्दु हयारण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अभिनव अनूप, नगर निगम अम्बिकापुर के सहादेन राम, अभय कुमार वर्मा, बैंक आफ बड़ौदा के संजय साहू, ओरियन्टल बैंक आफ कॉमर्स के सुनील कुमार सहित अन्य बैंक अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

भाजपा को तीन सीट...

प्रचार की जिम्मेदारी उन्हें मिली है, वही जिम्मेदारी निभाने वे दिल्ली जा रहे हैं।

पति-पत्नी के विवाद में....

सामने आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पारुल माथुर,एसडीओपी एवं थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में ले लिया है। व महिला को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।

वक्त पर मिलेगा...

परिवहन प्राधिकार नियुक्त किया गया है।

बस संचालकों द्वारा यात्री बस अनुज्ञापपत्र जारी करने, नवीनीकरण सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण के लिए डिवीजनल कार्यालयों द्वारा लेट लतीफी और परमिट जारी के लिए बस संचालकों के बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने की शिकायतें आ रही थी। सही समय पर बस परमिट जारी होने से आवागमन में काफी दिक्कत होती है। इससे यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। मंत्री श्री अकबर ने इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पारदर्शिता और समय-सीमा में यात्री बस परमिट जारी करने अधिकारियों को निर्देशित किए है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए यात्री बसों का आवागमन निरंतर बनाया रखा जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, छत्तीसगढ़ द्वारा परिवहन कार्यालयों में स्थायी अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए परिवहन मुख्यालय इन्द्रावती भवन, तृतीय तल, सी ब्लॉक, अटल नगर, नवा रायपुर में 3 से 7 फरवरी तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयवार अनुज्ञापत्रों का नवीनीकरण एवं वाहनों के प्रतिस्थापना संबंधी प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही संपन्न की जा रही है।

जिला पंचायत सुकमा...

की और विकास कार्य को देख चुनाव में हमे अपना मत दिया। आने वाले दिनों में जिले के उन इलाकों में स्कूल खोले जाएंगे, जहां स्कूल नहीं है। वहां बिजली पहुंचाने का काम किया जाएगा, जहां बिजली नहीं है। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव तक सरकार की योजना पहुंचे और उनका लाभ जनता को मिले।

सर्जिकल स्ट्राइक पर...

की तरफ इशारा करते हुए कहा कि दिल्ली को ऐसी राजनीति नहीं चाहिए जो आतंकी हमले के समय भारत के पक्ष को कमजोर करे, जो अपने बयानों से दुश्मन को भारत पर वार करने का मौका दे दे।

'दिल्ली को दोष देने वाली नहीं, दिशा देने वाली सरकार चाहिए'

उन्होंने कहा, 'दिल्ली को दोष देने वाली नहीं, दिशा देने वाली सरकार चाहिए। दिल्ली को रोड़े अटकाने वाली और नफरत फैलाने वाली राजनीति से मुक्ति चाहिए। दिल्ली को उलझाने वाली नहीं, सुलझाने वाली राजनीति चाहिए। दिल्ली को विकास की योजनाएं रोकने वाली नहीं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास वाला नेतृत्व चाहिए।'

'गरीबों की भलाई वाली केंद्र की योजनाओं की राह में अटकाए गए रोड़े'- अरविंद केजरीवाल पर गरीबविरोधी होने का आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि गरीबों की भलाई वाली योजनाओं की राह में दिल्ली में रोड़े अटकाए गए। उन्होंने कहा, 'आप सोचिए, जो गरीब का हित चाहेगा, जिसके दिल में गरीब के लिए दर्द होगा, क्या वह गरीब को सरकार की योजनाओं से वंचित करेगा क्या? कितना भी राजनीतिक विरोध हो लेकिन गरीबों की भलाई में कोई रोड़े अटकाएगा क्या? लेकिन दिल्ली में पिछले 5 साल से गरीबों की भलाई की राह में रोड़े अटकाना ही चल रहा है। केंद्र की योजनाओं को लागू होने से पहले ही यहां मना कर दिया गया है। (शेम-शेम के नारे) अब 11 फरवरी के बाद आपको शेम-शेम नहीं बोलना पड़ेगा।

बीजेपी के पक्ष में...

पक्ष और दूसरी तरफ फैसलों के खिलाफ खड़ा विपक्ष है। आज देश की राजधानी को इस दशक का 2030 तक का दिल्ली का रास्ता दिखाना है। यह काम आप सभी दिल्ली के मेरे मतदाता भाइयों-बहनों को 8 फरवरी को करना है। दिल्ली और देश के हित में इस बार एकजुट और एक स्वर में पूरी ताकत के साथ हमें खड़ा होना है।

निर्भया: दोषियों को...

नहीं उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं को अपने दायित्व का पालन करना चाहिए। इससे पहले आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि निर्भया के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी दी जानी चाहिए, यह पूरे देश की मंशा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि दोषियों को जुलाई 2019 को ही फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है लेकिन राज्य सरकार के अधीन जेल प्रशासन ने इसमें प्रक्रियायें पूरी नहीं की जिसके कारण देरी हो रही है।

मैंशनिंग रजिस्ट्रार...

विशेष उल्लेख किया और त्वरित सुनवाई का अनुरोध किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इसके लिए मेंशनिग रजिस्ट्रार के पास जाएं।

जाकिया-जाफरी...

कोर्ट ने कहा- कितने समय तक चलता रहेगा ऐसा

न्यायालय ने यह अनुरोध स्वीकार करके मामले की सुनवाई के लिए 14 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी, लेकिन उसने कहा, इस मामले में पहले ही छह बार सुनवाई टल चुकी है। हम इसे कितने लंबे समय तक ऐसे ही रखेंगे। आप हमें एक तारीख बताएं जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित रहें। गौरतलब है कि तीन दिसंबर 2018 को भी न्यायमूर्ति खानविलकर और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की पीठ ने ये सुनवाई याचिकाकर्ता जाकिया जाफरी और तीस्ता सीतलवाड़ के लिए पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के अनुरोध पर स्थगित की थी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों की बैठक

नारायणपुर। कलेक्टर श्री पी.एस. एम की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। श्री एल्मा ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम लोकार्पण-भूपिमपूजन और शिलान्यास आदि के साथ ही अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले निर्माण कार्यो के लोकार्पण-भूमिपूजन और शिलान्यास की जानकारी दी। इसके साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री और सहायता राशि वितरण के बारे में भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल ग्राम बांसिंग-ओरछा विकासखंड में बैठक में बताया गया कि लगभग 10-11 विभागों द्वारा विभागीय योजना के प्रदर्शनी स्टॉल लगाये जाएगें। बैठक में बताया गया कि मैराथन के लिए 11 हजार धावकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। दौड़ जिला मुख्यालय से प्रातः 6.30 बजे शुरू होगी, जो 21 किलोमीटर की दूरी तय कर ग्राम बासिंग पहुंचेगी। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल विजयी धावकों को पुरस्कृत करेंगे । कलेक्टर श्री एल्मा ने बैठक में कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। धावकों के रूकने, भोजन व्यवस्था और आने वाले विशिष्ट अतिथियों के लिए सभी तैयारियां गुणवत्ता के साथ पूरी कर ली जाये। उन्होंने बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)
रा.प्र.क्र./202001140400095/ अ-6/2019-20

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शीतल चौरसिया पति राजेश चौरसिया पता- राजापारा कांकेर द्वारा मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नंबर 12 बी, प्लाट नंबर 27, क्षेत्रफल 408 वर्गमीटर, पक्का मकान, वार्षिक भू भाटक 171.44 रु. कुमारी बाई बेवा महेशधर, जितेन्द्र, विजेन्द्र पिता महेशधर, रमेश धर, पिता महिधर, रविकिरण, रामधर, राजेन्द्रधर, पिता संतोषधर शर्मा, श्रीमती उषा किरण शर्मा, श्रीमती अरूण शुक्ला, श्रीमती बबीता दुबे, जगदीश शर्मा पिता स्व. शांतिधर शर्मा निवासी मांझापारा कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका के पिता खातेदार रामधर पिता संतोषधर शर्मा की मृत्यु दिनांक 07.04.2013 को एवं माता जी आशा लता शर्मा की मृत्यु दिनांक 27.12.2019 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक खातेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर आवेदिका/ विधिक वारिस का नाम दर्ज किए जाने इस न्यायालय में छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ला में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/01/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील
नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 60461/निविदा सूचना क्रमांक : 16/व.ले.लि./2019-20 दिनांक 01.02.2020
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 20.02.2020 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

सिस्टम निविदा क्रं.	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
60461		खारंग जलाशय सैच्य क्षेत्र के विकसित 3150 हे. (जल उपभोक्ता संस्था बिरकोना, खम्हरिया, गुडी एवं खमतराई के अंतर्गत) कृषि क्षेत्र में अंडर ग्राउंड पाईप लाईन सिस्टम से काडा एवं जल प्रबंधन संरचनाओं का निर्माण कार्य योजना अंतर्गत शामिल आवश्यक सर्वेक्षण कार्य, प्लानिंग, डिजाइन, ड्राईंग, लेआउट प्लान, इस्टीमेट हेतु संबंधित ग्रामों का नक्शा, लेजर, खसरा बी-1 आदि का रेवेन्यू विभाग से संग्रहण यू. जी.पी.एल. सिस्टम की संपूर्ण ले-आउट प्लानिंग हेतु नक्शे तैयार करना, कार्यों के निर्माण हेतु संबंधित कृषकों से सहमति प्राप्त करना, ले-आउट करना एवं संबंधित कृषकों से फंक्शनल ग्रांट का 10 प्रतिशत भाग काडा एवं जल प्रबंधन कार्य हेतु एकत्रित करना, लेआउट उपरांत यू.जी.पी.एल. सिस्टम की संपूर्णता हेतु जल संसाधन विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन करते हुए यू.पी. व्ही.सी. पाईप लाईनों का निर्माण एवं सभी निर्धारित ज्वाइंट पर आवश्यक एवं सफल जल बहाव हेतु आवश्यक वाल्व इत्यादि संरचनाओं का निर्माण करना तथा प्रस्तावित 3150 हेक्टेयर क्षेत्र के 10 प्रतिशत भाग (315 हेक्टे.) में मापदण्डों के अनुसार माइक्रो एरीगेशन प्रणाली का निर्माण (समस्त कार्यों हेतु आवश्यक सभी सामग्रियों हेतु एवं मशीनों का लीज लिफ्ट सहित) संपूर्ण निर्मित की गई काडा नालियों एवं जल प्रबंधन कार्यों से सिंचाई हेतु आवश्यक सभी प्रकार की व्यवस्थाएं, प्रबंधन आदि कार्य सहित राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय अधिकृत संस्था/फर्म से निरंतर थर्ड पार्टी द्वारा मूल्यांकन कराना तथा उपरोक्त कार्यों के आरंभ से पूर्ण होने तक निरंतर संबंधित कृषकों, ग्रामवासियों के साथ निर्धारित गाईड लाईन के अनुरूप एवं समय-समय पर प्रसारित होने वाले विभागीय आदेशानुसार वर्कशाप, सेमीनार, ट्रेनिंग, डिमास्ट्रेशन एवं कृषकों की जन भागीदारी एवं जिम्मेदारी हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषकों को एग्रीकल्टर, हार्टीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों को परिचित कराते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।	रु.1026.83 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.02.2020 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-76561/9
कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला बिलासपुर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
अधिसूचना

क्रमांक 08/अ-82/2017-18 बिलासपुर, दिनांक 28/12/2019

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्तापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात में अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इसका उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है -

अनुसूची

भूमि का वर्णन -
1. जिला - बिलासपुर
2. तहसील - बिल्हा
3. ग्राम/ नगर - बिल्हा
4. भूमि का क्षेत्रफल - 0.449 हेक्टेयर

क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टे.में)	क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टे.में)	क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टे.में)
1	2	3	1	2	3	1	2	3
1	59/43	0.125	4	59/105	0.045	7	59/26 ख	0.004
2	59/31	0.081	5	59/85	0.012	8	59 में से	0.045
3	59/40क	0.101	6	59/38ख/1	0.036			
कुल योग							8	0.449

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिल्हा के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

जी-76576/1
छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
आदेशानुसार
(डॉ. संजय अलंग)
कलेक्टर, जिला- बिलासपुर
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

वर्तमान समाज का आइना दिखायेगी थप्पड़ : दीया मिर्जा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म थप्पड़ वर्तमान समाज का आइना दिखायेगी। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू और दीया मिर्जा ने मुख्य भूमिका निभायी है। दीया मिर्जा ने कहा, मेरी कोशिश है कि मैं मानवीय कहानियों का हिस्सा बनूं, जो सच्चाई को दर्शाती हैं। यह कहानी हमें सोचने और संभवतः सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मजबूर करती है। दीया मिर्जा ने कहा, तापसी एक भयंकर शेरनी है और मैं हमेशा उनके काम की उत्साही प्रशंसक रही हूं। ऐसी अविश्वसनीय कास्ट का हिस्सा बनना खुशी की बात है जो सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण है। भूषण कुमार निर्मित थप्पड़ 28 फरवरी को रिलीज होगी।

जयललिता के किरदार में ढलना बड़ा चैलेंज : कंगना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि जयललिता के किरदार में ढ़लना उनके लिये एक बहुत बड़ा चैलेंज था। कंगना रनौत जल्द ही तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की बायोपिक मूवी 'थलाइवी' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म जयललिता की कहानी पर आधारित है। फिल्म में कंगना जयललिता के सभी उम्र का किरदार निभाती नजर आएंगी। कंगना ने जयललिता की तारीफकरते हुए कहा कि वह एक ग्लैमरस स्टार थी। कंगना ने कहा, वो मेरी जैसी नहीं थी। वह एक बहुत ग्लैमरस स्टार थीं...जैसे बॉलीवुड में ऐश्वर्या राय। उनके इस किरदार में ढ़लना मेरे लिए बहुत बड़ा चैलेंज था क्योंकि मुझे ग्लैमर के लिए कम ही जाना जाता है लेकिन हमारे बीच एक चीज कॉमन है कि उन्हें भी अपने काम से संतुष्टी नहीं थी और मेरे साथ भी वैसा ही है। ए.एल.विजय के निर्देशन में बनी थलाइवी में कंगना का लुक काफी हद तक जयललिता के जैसे रखा गया है। कंगना के ड्रेसअप पर काफी काम किया गया है।

ये फिल्में न देखतीं तो हिना खान के लिए 'डरना' आसान न होता

टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और फिर टीवी रिऐलिटी शो 'बिग बॉस' से घर-घर में फेमस हुईं ऐक्ट्रेस हिना खान अब बॉलिवुड में कदम रख चुकी हैं। उनकी पहली फिल्म 'हैक्ड' रिलीज के लिए तैयार है और इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और फिर टीवी रिऐलिटी शो 'बिग बॉस' से घर-घर में फेमस हुईं ऐक्ट्रेस हिना खान अब बॉलिवुड में कदम रख चुकी हैं। उनकी पहली फिल्म 'हैक्ड' रिलीज के लिए तैयार है और इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। हिना की यह फिल्म एक ऐसी लड़की की कहानी है जिसके एकतरफा प्यार में एक लड़का उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स हैक कर उसे ब्लैकमेल करता है।

ऐसे की अपने किरदार की तैयारीः अपनी इस फिल्म के लिए हिना ने खास तैयारियां की थीं। उन्होंने अपने किरदार को बेहतर तरीके से पर्दे पर उतारने के लिए जूही चावला की 'डर' और माधुरी दीक्षित की 'अंजाम' देखी थी। इस बारे में उन्होंने कहा, 'जाहिर तौर पर मैंने इन फिल्मों को पहले भी देखा था लेकिन मैंने इन्हें फिर से देखा। इन फिल्मों ने मुझे यह बताया कि जब कोई व्यक्ति आपका पीछा करता है तो आपको सायकलॉजिकली और इमोशनली कैसा महसूस होता है।'

दिशा पाटनी की पहली फिल्म 'एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' नहीं थी

अगर मंगल फिल्म की बात करें तो पोस्टर से लेकर ट्रेलर तक आदित्य रॉय कपूर और दिशा पाटनी की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई दी है। इसे लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। पिछले दिनों दिशा ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक सवाल के जवाब में इसका खुलासा कर ही दिया कि कि उन्हें कौन सा सीन सबसे अधिक पंसद है। बॉलिवुड की इस समय सबसे चर्चित ऐक्ट्रेस हैं दिशा पाटनी। चाहें उनकी फिल्म हो या फिर उनकी तस्वीरें, फैंस को बेसब्री से उनका इंतजार करता है। दिशा फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'मलंग' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस बीच दिशा से जुड़ी एक बात है, जिसके बारे में बेहद कम लो जानते हैं। जी हां, ज्यादातर लोग जानते हैं कि क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' दिशा की पहली फिल्म थी। अगर आप भी यही जानते हैं तो अब इसे करेक्ट कर लीजिए। यह उनकी पहली फिल्म नहीं थी।

QUIZ TIME

1) एशिया का सबसे बड़ा पशु-फॉर्म हरियाणा में कहाँ पर स्थित है? (रोहतक / हिसार)
2) समुद्र मंथन से जो भयंकर विष निकला था उसका क्या नाम था?
3) देश के 25वें उच्च न्यायालय के रूप में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय कहाँ स्थापित किया गया है?
(क) विशाखापट्टनम (ख) अमरावती (ग) विजयवाड़ा (घ) गुण्टूर
4) एक जलीय पर्यावरण तंत्र में शैवाल प्रस्फुटन का प्रमुख कारण हैः
(क) जैव आवर्धन (ख) सुपोषण (ग) वैष्विक तापीकरण
5) दुनिया का सबसे बड़ा जीवित कृंतक का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) हिसार (2) हलाहल (3) अमरावती (4) सुपोषण (5) कैपीबारा

रणबीर-आलिया को लेकर टाइटैनिक का रीमेक बनाना चाहते हैं जैकी भगनानी

'जवानी जानेमन' और जल्द रिलीज होनेवाली फिल्म 'बेल बॉटम' किसी फिल्म को रीमेक नहीं है जबकि दूसरी ओर 'कुली नंबर 1' एक रीमेक है। यह तो लोगों की पसंद पर निर्भर करता है। जैकी भगनानी से पूछा गया कि क्या आप फुल टाइम प्रोड्यूसर बनने की तैयारी कर रहे हैं।

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता जैकी भगनानी ने कहा है कि वह रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को लेकर टाइटैनिक का रीमेक बनाना चाहते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार वासु भगनानी के पुत्र जैकी भगनानी फिल्मों में एक्टिंग करने के अलावा फिल्म निर्माण में भी सक्रिय हैं। वह हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म टाइटैनिक की रीमेक बनाना चाहते है। जैकी भगनानी ने कहा, मुझे हॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित फिल्म टाइटैनिक का रीमेक बनाना अच्छा लगेगा। जहां तक कलाकारों की बात है तो मुझे फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को जैक और रोज की भूमिका निभाते देखना अच्छा लगेगा। जैकी भगनानी से बॉलीवुड में बढ़ रहे रीमेक के चलन के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमारे पास दोनों तरह की फिल्में बन रही हैं। उदाहरण के लिए हमारी हालिया रिलीज़ फिल्म

एक्शन करते नज़र आएंगे कार्तिक आर्यन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आने वाली फिल्म में एक्शन करते नजर आयेंगे। कार्तिक आर्यन ने इमोशन, कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा जैसे जॉनर्स में दमदार अभिनय दिखाया है लेकिन वह अब तक किसी भी एक्शन फिल्म में नज़र नहीं आए हैं। कार्तिक अब एक्शन फिल्म भी करते दिखाई देंगे। 'तानाजी द अनसंग वॉरियर' जैसी शानदार एक्शन फिल्म बनाने वाले निर्देशक ओम राउत ने अपनी अगली एक्शन फिल्म के लिए कार्तिक कास्ट कर लिया है।

800 अंक चढ़ा सेंसेक्स, बजट के दिन की गिरावट से हो जाएगा आज ही रिकवर?

- **बजट का दर्द भुलाकर बजट के दिन की दशक के सबसे बड़ी गिरावट से बाहर निकल आया है**

नई दिल्ली। दो दिनों तक बजट से निराश बाजार आज रिकवरी मोड में है। अच्छी बढ़त के साथ शुरू हुआ शेयर बाजार का कारोबार लगातार हरे जोन में है और महज डेढ़ घंटे में ही निवेशकों ने 2 लाख करोड़ रुपये बना लिए। भारतीय शेयर बाजार बजट का दर्द भुलाकर बजट के दिन की दशक के सबसे बड़ी गिरावट से बाहर निकल आया है। सोमवार को भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। उधर करॉना वायरस के कारण कच्चे तेल की की कीमत भी 13 महीने के लो पर पहुंच गई है, जिसका बाजार पर असर देखने को मिल रहा है।

दोपहर 12 बजे के आसपास बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 800 से ज्यादा अंकों की बढ़त के साथ कारोबार करता देखा गया। 12 बजे तक के कारोबार में इंडेक्स 40,702.22 का हाई और 40,117.46 का लो देख चुका है। कारोबार की शुरुआत 306 अंकों की बढ़त के साथ 40,178.74 के स्तर पर हुई थी। वहीं निफ्टी भी 224.50 अंक चढ़कर 11,932.40 के स्तर पर देखा गया।

क्या हैं कारण?

- ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल का 13 महीने के लो पर आना। बता दें कि घरलू मांग का 80त हिस्सा आयात से पूरा होता है।
- रुपये में मजबूती का असर। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 16 पैसे मजबूत हुआ।
- मार्च से पहले बंपर डिविडेंड की उम्मीद से शेयरों में लिवाली बढ़ रही है। बजट में DDT खत्म कर दिया गया इसलिए यह उम्मीद बढ़ गई है कि कंपनियां 1 अप्रैल से पहले डिविडेंड पेमेंट कर देंगी।
- करॉना वायरस के बावजूद ग्लोबल मार्केट्स से पॉजिटिव संकेत मिले हैं, जिससे भारतीय शेयर बाजार पॉजिटिव दिख रहा है।

दोपहर 12 बजे के आसपास सेंसेक्स के जिन शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी दिखाई दे रही है उनमें आईसीआईसीआई बैंक, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और आईटीसी प्रमुख हैं।

इन सबप शेयरों में 3 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी दिखाई दी। वहीं सिर्फ तीन शेयर ऐसे हैं जो लाल निशान पर हैं। ये हैं- भारती एयरटेल, एचयूएल और बजाज ऑटो।

बजाज ऑटो की बिक्री 3.11 प्रतिशत घटी

मुंबई (वार्ता)। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने इस वर्ष जनवरी में 394473 वाहनों की बिक्री की जो पिछले वर्ष के इसी महीने में बेचे गये407150 वाहनों की तुलना में 3.11 प्रतिशत कम है।

कंपनी के मंगलवार को यहां जारी बिक्री के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2020 में उसने 332342 मोटरसाइकिलों की बिक्री की जो पिछले वर्ष जनवरी में बेचे गये 350460 वाहनों की तुलना में 5.08 प्रतिशत कम है। कंपनी ने इस महीने में 174546 मोटरसाइकिलों का निर्यात किया जो जनवरी 2019में विदेश भेजे गये 147102 वाहनों की तुलना में 18.65 प्रतिशत अधिक है। हालांकि कंपनी की मोटरसाइकिल की घरेलू बिक्री22.40प्रतिशत गिरकर 157796वाहनों पर आ गयी।

कंपनी ने जनवरी 2020 में 62131 व्यावसायिक वाहनों की बिक्री की जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेचे गये 56690वाहनों की मुलना में 9.60 प्रतिशत अधिक है। तिपहिया वाहनों के निर्यात में जहां पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है वहीं घरेलू बिक्री में 25 फीसदी की बढोतरी हुयी है।

88 साल बाद फिर टाटा की हो जाएगी एयर इंडिया!

- **एयर इंडिया के लिए 17 मार्च तक बोलियां मंगाई गई हैं और टाटा ग्रुप इसके लिए बोली के प्लान को अंतिम रूप देने के बेहद करीब**
- **टाटा ग्रुप सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ मिलकर एयर इंडिया के लिए बोली लगाने की तैयारी कर रहा है**

मुंबई। जिस एयरलाइन्स की 88 साल पहले जेआरडी टाटा ने नींव रखी थी, ऐसा लगता है वह फिर टाटा की होने वाली है। संकट से जूझ रही एयर इंडिया के लिए 17 मार्च तक बोलियां मंगाई गई हैं और टाटा ग्रुप इस नैशनल कैरियर के लिए अपनी दावेदारी को लेकर अपने प्लान को अंतिम रूप देने के बेहद करीब है। टाटा ग्रुप सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ मिलकर एयर इंडिया के लिए बोली लगाने की तैयारी कर रहा है और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों मिलकर इस अधिग्रहण को स्वरूप देने के लिए काम शुरू कर चुके हैं।

बता दें कि साल 1932 में जेआरडी टाटा ने ही एयर इंडिया की नींव रखी थी और 1946 में इसका नैशनलाइजेशन कर दिया गया था। शुरुआत में इसका नाम टाटा एयरलाइन्स हुआ करता था और नैशनलाइजेशन के बाद 1948 में इसका नाम एयर इंडिया कर दिया गया था। अब यह एयरलाइन वापस टाटा घराने के पास जा सकती है। टाटा ग्रुप प्लान को सफल बनाने की कोशिश में जुटा है। उसके प्लान में एयर एशिया इंडिया का मर्जर(इसमें टाटा की 51% हिस्सेदारी) और एयर इंडिया एक्सप्रेस शामिल हैं, जो एयर इंडिया की 100% सब्सिडियरी है।

खबरें ऐसी भी हैं कि टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया एक्सप्रेस खरीदने की मंजूरी के लिए मलयेशियाई आंत्रप्रन्योर टोनी फर्नांडिस से भी संपर्क किया है, जो एयर एशिया में 49% हिस्सेदारी रखते हैं। शेयरधारक समझौते के मुताबिक, अगर फर्नांडिस तैयार नहीं हैं तो टाटा ग्रुप किसी अन्य बजट एयरलाइन्स में 10 फीसदी से ज्यादा निवेश नहीं कर सकता।

एयर एशिया को विदेशी उड़ान के लिए मंजूरी का इंतजार

मामले से वाकिफ सूत्रों के मुताबिक, जल्द एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। टाटा ग्रुप ने एयर एशिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के मर्जर का प्रस्ताव रखा है। सूत्र ने बताया, 'इस मर्जर से भारतीय एविएशन सेक्टर में फर्नांडिस का बड़ा शेयर हो जाएगा, इसलिए दोनों पार्टनर्स के लिए जीत का ही सीन है।'

एयर एशिया की शुरुआत टाटा ग्रुप और फर्नांडिस के बीच एक जॉइंट वेंचर के तहत 2013 में हुई थी। टाटा एक और फुल-सर्विस कैरियर विस्तारा ऑपरेट करता है, जो सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ जॉइंट वेंचर है।

आलू की खेती से करोड़पति बना गुजरात का यह परिवार

अहमदाबाद। गुजरात में 10 सदस्यों वाला एक परिवार करोड़ों की कमाई कर रहा है, वह भी आलू की खेती से। स्पेशल किस्म का औसतन 20,000 मीट्रिक टन आलू पैदा कर यह परिवार हर साल 25 करोड़ रुपये कमा रहा है। अरावली जिले के दौलपुर काम्पा गांव के जितेश पटेल एक आलू किसान हैं। उन्होंने कृषि विज्ञान की पढ़ाई से हासिल ज्ञान का इस्तेमाल आलू की लेडी रोसेटा (LR) किस्म की खेती पर किया और उनकी और उनके परिवार की किस्तम ही बदल गई।

आलू की रुक्र किस्म का इस्तेमाल ज्यादातर चिप्स और वेफर्स बनाने में इस्तेमाल होता है। आज पटेल परिवार बालाजी और आईटीसी जैसी बड़ी चिप्स बनाने वाली कंपनियों को आलू की सप्लाई करता है। जितेश का परिवार पिछले 26 सालों से आलू की खेती कर रहा है। जितेश बताते हैं, 'साल 2005 में जब मैंने कृषि विज्ञान में एमएससी की पढ़ाई पूरी की थी तब मेरा उद्देश्य कृषि में लौटना ही था। पहले मेरा परिवार आलू की टेबल वराइटी की खेती करता था, मैंने इसमें वराइटी लाने का फैसला किया।'

पटेल ने LR किस्म के आलू की खेती साल 2007 में शुरू की। उस समय इसकी खेती वह 10 एकड़ जमीन पर करते थे। उन्होंने बताया, 'पैदावार अच्छी होने लगी तो उन्होंने पूरे परिवार को इसकी खेती में शामिल करने के बारे में सोचा।' इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स बताते हैं इस किस्म के आलुओं की मांग बढ़ने वाली है।

सेल की बिक्री जनवरी में 35 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकारी कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने बिक्री में वृद्धि की गति को बनाए रखते हुए गत जनवरी में 16.59 लाख टन की बिक्री दर्ज की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने अप्रैल से जनवरी (10 महीने) के दौरान, पिछले वर्ष की इसी अवधि की बिक्री की तुलना में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। कंपनी ने दिसंबर और नवंबर-2019 के दौरान भी बिक्री में क्रमशः 47 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। जनवरी में सेल ने 1.82 लाख टन स्टील का निर्यात किया, जो किसी भी महीने में कंपनी द्वारा सबसे अच्छा निर्यात प्रदर्शन है।

चुनाव: मतदाताओं को मुफ्त में दिल्ली लायेगी स्पाइसजेट

गुरुग्राम (वार्ता)। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दिन किसी जरूरी काम से शहर से बाहर रहने वाले मतदाताओं को मुफ्त में दिल्ली लाने के लिए अभियान की शुरुआत की है।

एयरलाइन ने आज बताया कि इसमें यात्रियों को सिर्फकर की राशि का भुगतान करना होगा। यह सुविधा विदेशों में गये दिल्ली के मतदाताओं के लिए भी है। उसने बताया कि दिल्ली से बाहर पढ़ाई करने वाले छात्र या काम करने वाले पेशेवर 05 फरवरी तक पंजीकरण करा सकेंगे।

वैसे मतदाता जो 08 फरवरी को दिल्ली आकर उसी दिन वापस जाना चाहते हैं उनके लिए दोनों तरफकी यात्रा के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी। जो मतदाता 07 फरवरी को दिल्ली आकर 08 फरवरी को वापस जाना चाहते हैं या 08 फरवरी को दिल्ली आकर 09 फरवरी को वापस जाना चाहते वे एक तरफ की यात्रा पर ही इसका लाभ उठा सकेंगे।

दो महीने पहले की शादी, दहेज के लालच में कर रहा था दूसरी शादी पुलिस पहुंची

■ युवक ने कबूला की मोटे दहेज के लालच में आकर बनाई थी दूसरी शादी की योजना

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। पहली पत्नी को धोखा देकर दूसरी शादी का प्रयास करने का एक मामला प्रकाश में आया है। दरअसल एनएमडीसी विधुत विभाग में कार्यरत कर्मचारी हाशिम अहमद ने डोंगरगढ़ मुस्लिम युवती से अपने परिवार वालो की रजामंदी से 14 तारीख को निकाह किया जाना तय किया। शादी की सारी तैयारियां हो चुकी थी कार्ड भी लड़की वालों ने बंटवा दिए थे जानकारी के मुताबिक लड़की वालो ने हाशिम द्वारा मांग किये जाने पर ढाई लाख रुपये नकद एवं एक सोने की अंगूठी दे दी। अब तक सब ठीक चल रहा था। अचानक ही उस समय बचेली नगर में भूचाल आ गया जब पता चला की एक हिन्दू युवती जो शिक्षिका है। वो अपने साथ कुछ शादी के फोटो एवं शादी का प्रमाण पत्र,मौलवी द्वारा कराया गया निकाह नामा जिसमे उसका नाम बदलकर वहीदा बेगम रखा गया है उसे लेकर थाना पहुंची।

युवती ने आरोप लगाया की हाशिम ने नवंबर 2019 में युवती से रायपुर में शादी की है एवं कुछ दिनों से फोन नही उठा रहा था मैं उनके घर गयी एवं उनकी माता जी को शादी की बात बताई जिसके बाद परिवार वालो ने उसे भलाबुरा कहकर अपनाने से इनकार कर

भगा दिया। मामले की खबर लगते ही नगर के दोनों धर्म के लोग थाने पहुंचे एवं महिला के साथ न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी शील आदित्य सिंह ने फौरन पतासाजी करके डोंगरगढ़ में रहने वाली लड़की के परिजनों से संपर्क कर उन्हें सारी बात बताई।

जिसके बाद लड़की के परिवार वालो के ऊपर मानो पहाड़ टूट गया। उनके मुताबिक शादी की सारी तैयारिया की जा चुकी थी। उन्होंने रकम जुटाने के लिए अपनी जमीन कौड़ियों के भाव बेचकर शादी की तैयारियां शुरू कर दी थी लड़के के बड़े भाई वसीम ने शादी जल्दी करने का लगातार दबाव बनाए रखा था ।

इस बीच ये खबर बचेली में शोशल मीडिया में आग की तरह फैल गयी। कई समाजसेवी एवं हिन्दू संगठन के लोग थाने पहुंचे एवं इस मामले में बचेली वाली पीड़िता को इंसाफदिलाने की गुहार थाना प्रभारी से लगाई। हाशिम को थाने लाया गया जहां पूछताछ पर उसने लोगो के सामने कबूला की मैं डोंगरगढ़ में शादी करने के बाद बचेली वाली हिन्दू युवती को तलाक देने वाला था। लड़के की बाते सुनकर उपस्थित सभी लोग सन्न रह गए।

पीड़िता ने भी लड़के के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का मन बना लिया था। अगले दिन डोंगरगढ़ वाले मुस्लिम परिवार को बुलाया गया। उन्होंने मुस्लिम समाज के सामने अपनी आप बीती सुनाई। समाज के द्वारा उन्हें आपसी तालमेल से मामला खत्म करने का सुझाव दिया गया।

जिसके बाद उन्हें रजामंदी से उचित मुवावजा दिलवाया गया ।इस बीच थाना प्रभारी की उपस्थिति में सर्व समाज एवं मुस्लिम समाज के बीच इन चीजों को लेकर एक बैठक मंगलभवन में रखी गयी परंतु मामले में एक नया मोड़ आ गया। शिक्षिका युवती ने अचानक अज्ञात कारणो से लड़के के साथ रहने की इक्षा जाहिर की जिससे आहत होकर समाज के लोग वापिस जाने लगे लोगो का कहना था की इतना सब कुछ होने के बावजूद युवती हाशिम के साथ रहने को राजी है तो इसमें समाज क्या कर सकता है। इस दौरान मुस्लिम समाज के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा युवक की तरफदारी करके माहौल खराब करने की कोशिश की गई परंतु मुस्लिम समाज के सदर,खजांची एवं वरिष्ठ जनों द्वारा समझदारी का परिचय देते हुए मामले को शांत किया गया एवं पूरा सहयोग प्रदान किया। उपस्थित दोनों धर्म के लोगो ने थानाप्रभारी शील आदित्य सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया जिनकी वजह से डोंगरगढ़ वाली युवती की जिंदगी बर्बाद होने से बची। इस तरह की घटनाओं से बचेली के लोगो मे आक्रोश की भावना उत्पन्न हो रही है।

लोगो का कहना है कि दोनों धर्म के लोगो को मिलकर इस समस्या से निपटना होगा अब देखने वाली बात है कि बचेली जैसी सर्व धर्म प्रेम भाव वाली नगरी में इस तरह की समस्या से कैसे निपटा जाएगा। हालांकि इस मामले में किसी भी पक्ष ने अभी तक पुलिस को लिखित शिकायत नही की है।

कोरिया की 5 जिला पंचायत सीट पर भाजपा का कब्जा

■ विधायक भरतपुर ने बचाई लाज

■ तीन पर कांग्रेस, एक मे गोंडवाना व एक निर्दलीय

■ भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनने की संभावना

धान खरीदी मुद्दा बना हार का कारण

पंचायत चुनाव ग्रामीण छेत्रो में ग्रामीण सरकार चुनने में महत्वपूर्ण है जहाँ इस बार सत्ता के लिए स्थानीय मुद्दे के स्थान पर धान खरीदी पूरे चुनाव में मुख्य मुद्दा बना रहा वही खरीदी केंद्रों में हो रही समस्या व अधिकारियों के द्वारा की जा रही कार्यवाही को लेकर किसानों में काफी नाराजगी था जिसका ही परिणाम है कि इस बार जिला पंचायत में कांग्रेश समर्पित प्रत्याशी को स्पष्ट बहुमत नही मिला जो कि अब जिले चरचा का केंद्र बिंदु बना हुआ है ।

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कोरिया जिले के 10 जिला पंचायत सदस्यों के लिये तीन चरणों मे जिला पंचायत सीटों पर चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे भाजपा को पांच सीटों पर बढ़त मिली वही कोरिया की वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष कलावती मरकाम भी हार गई चुनाव ।

विदित है कि जिले में हुए तीन चरणों मे हुए चुनाव में प्रथम चरण में कोरिया जिले के 04 जिला पंचायत सदस्य के लिए 28 जनवरी को हुई मतगणना में इसके परिणाम काफी चौंकाने वाले थे जहां जिले की 4 जिला पंचायत सीटों में 2 पर भाजपा 1 पर कांग्रेस व एक मे निर्दलीय समर्थित उम्मीदवारों ने कब्जा कर लिया है। वहीं जिले के दूसरे चरण में हए 02 जिला पंचायत सीटों में एक पर गोंडवाना समर्थित उम्मीदवार व 1 कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के खाते में गई। वही जिले के तीसरे चरण में हुए शेष 04 जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए मतदान में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार ने 01 और भाजपा समर्थित उम्मीदवार ने 03 सीट पर कब्जा जमाया।जहा अंतिम चरण के परिणाम 05 जनवरी को घोषित करने की संभावना है ।वही त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अंतिम चरण में शेष 04 सीट के लिए सोमवार को हुए मतदान के बाद देर रात तक मतगणना हुई। हालांकि अभी निर्वाचन कार्यालय से अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।सोमवार को हुए चुनाव में 4 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए हुए मतगणना के बाद सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर तीन सीट पर भाजपा व एक मे कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। जिला पंचायत के लिए बड़े अंतर से अधिकांश प्रत्याशियों ने चुनाव में अपना दबदबा बरकरार रखा वही अब भाजपा पाँच सीटे मिलने के पश्चात जिला पंचायत में अपना अध्यछ उपाध्यक्ष बनाने में जादुई आकड़ो के करीब है ।

किसी ने शायद ही यह सोचा होगा कि कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले कोरिया जिले में धान खरीदी मुद्दा व चुने हुए जनप्रतिनिधि की नाराजगी ज़िला पंचायत में वो नजारा दिखायेगा कि भरोसा करना मुश्किल हो जाए। जबकि राज्य की सत्ता पर कांग्रेश क़ाबिज़ थी वही ज़िला पंचायत पर वर्तमान में पाँच सीटों पर कांग्रेस क़ाबिज़ थी, वही गोंडवाना के सहयोग से कांग्रेस ने पूर्व में ज़िला पंचायत अध्यक्ष पर क़ब्ज़ा कर लिया था। यह आलम तब था जबकि ज़िले के तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा क़ाबिज़ थी।अब जबकि तीनों विधानसभा सीट में कांग्रेश है तब ज़िला पंचायत में कांग्रेस महज़ तीन सीटों पर सिमट गई है। आलम यह था कि कांग्रेस को अंतिम समय मे मंत्री सहित पूरी ताक़त झोंकने के बावजूद ज़िला पंचायत अध्यक्ष रही कलावती मरकाम को जीता नहीं पाई। जब कि कोरिया ज़िले के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में चार ज़िला पंचायत क्षेत्र हैं, चारों पर कांग्रेस हार गई। वही एक ईलाके में तो कांग्रेस जमानत भी नही बचा पाई वही निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले वेदांती तिवारी ने कांग्रेश से अलग होकर जीत दर्ज की जब कि मनेंद्रगढ़ विधानसभा में एक ज़िला पंचायत क्षेत्र था,यहाँ भी कांग्रेस के लिए अच्छी खबर नहीं आई।

उसूर में केरिपु 229 बटालियन ने लगाया मेडिकल कैम्प

बीजापुर। जिले के उसूर में केरिपु 229 के द्वारा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। केरिपु बल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी बेंजामिन सेब एव दल के द्वारा उसूर स्थानीय एवं आसपास ग्राम से आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेडिकल कैम्प में टेकमेटला, गलगम, नड़पल्ली, और पेरमापल्ली से ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आये थे। सीएचसी उसूर के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी विष्णु कुमार कटुवा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। आयोजन में केरिपु 229 कमाण्डेंट विवेक कुमार भण्डराल, उप कमांडेंट दिलावर सिंह, सहायक सेनानी, पी0सुभाष चन्द्रा, थाना प्रभारी उसूर निरीक्षक शशिकांत भारद्वाज एवं उसूर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

एनएमडीसी प्रबंधन ने मजदूर यूनियनों को चर्चा का दिया न्योता

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली पिछले कई दिनों से संयुक्त खदान मजदूर संघ (एस के एम एस) द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएमडीसी चेकपोस्ट में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसे देखते हुए एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद से एक लेटर जारी किया गया है जिसमे फेडरेशन के प्रतिनिधियों से 12 फरवरी को यूनियन की मांगों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई है। यूनियन के सचिव टीजे शंकर राव ने बताया की लेटर जारी होने के बाद से उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही की जा रही है। 12 फरवरी को हैदराबाद मुख्यालय में बैठक आहूत की गई है। तब तक शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। 12 तारीख की बैठक में एनएमडीसी हमारी मांगो को लेकर सकारात्मक परिणाम देता है तो आंदोलन समाप्त होगा यदि हमारी मांगे नही मानी जाती है तो उस स्थिति में आंदोलन उग्र करके उत्पादन पूरी तरह से प्रभावित किया जाएगा। अब 12 फरवरी की बैठक में क्या सहमति बनती है यह देखने वाली बात है।

क्षेत्रीय नेताओं की विफलता, कांग्रेस की जीती बाजी पलटा दी

■ कुआकोंडा में 2 सीट आते ही जिला सरकार की तस्वीर हुई साफ

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के खत्म होते ही चुनाव परिणाम की दन्तेवाड़ा में तस्वीर साफ हो गयी।जनादेश जिला पंचायत सदस्य में 02 गीदम ब्लाक 1 दन्तेवाड़ा ब्लाक और 02 गीदम ब्लाक में बीजेपी की झोली में जा गिरी। 05 सीट लेकर भाजपा अपना दबदबा बरकरार रखने में कामयाब हुई। तो 1 सीट सीपीआई पर भी बीजेपी अपना दावा ठोक रही है। क्योकि वहाँ पर भी बीजेपी ने सीपीआई से टाई ऑफभूमिका में चुनाव लड़ा था।

इधर कांग्रेस को महज 03 सीटों पर जीत मिली, इसके अलावा 01 सीट विधायक देवती महेंद्र कर्मा की बेटी तूलिका कर्मा ने निर्दलीय लड़कर अपनी राजनीतिक कलाकौशल के बल जीत ली. जिसके वजह से कांग्रेस को 1 सीट गिफ्ट के तौर पर मिल गयी. और मुकाबले में कांग्रेस 4 सीटों पर आ गयी। कुआकोंडा में भाजपा ने परचम लहरा दिया.अंतिम निर्णायक परिणाम में भाजपा की नंदलाल मालती मुड़ामी और पायके मरकाम ने प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कर विपक्षियों को धराशाही कर दिया। गीदम ब्लाक और कुआकोंडा ब्लाक के चारो सीटों में हार मिलने की वजह से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की कार्यक्षमता पर बड़े सवालिया निशान खड़े हो गये। कांग्रेस सरकार बनते ही छद्म आवरण ओढ़कर क्षेत्रीय राजनीति में अपने आपको दिग्गज बताने वाले नेताओं को अपने ब्लाक पर हार की नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जो प्रदेश की भूपेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच पहुँचाने में विफल रहे. साथ ही बड़े नेताओं की सच्चाई भी उजागर हो गयी कि जनता के बीच उनकी पकड़ का स्तर क्या है।

विश्व कैंसर दिवस पर हुआ निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

कोंडागॉव। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के कंवर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्वास्थ्य केंद्र जिला चिकित्सालय,हेल्थ एंड वैलनेस सेन्टर, शामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंसर दिवस मनाया गया।कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु ग्रामीणों के साथ रैली निकाली गई एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इस बार विश्व कैंसर दिवस की थीम मैं हु और मैं रहूंगा/रहूंगी रखी गयी है। लीगों को जागरूक करते बताया गया कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका अगर सही वक्त पर इलाज नही हुआ तो मरीज की जान जाना तय है। इस जानलेवा बीमारी से दुनिया मे सबसे ज्यादा मौते होती है। कैंसर की बीमारी कई तरह की होती है,महिलाओं एवं पुरषो में इसके लक्षण अलग अलग होते है।

कुपोषण और एनीमिया को जड़ से समाप्त करने हितग्राहयों दिया जा रहा पौष्टिक गर्भ भोजन

नवप्रदेश संवाददाता

नाराणपुर। नारायणपुर जिले के पूरे क्षेत्र में कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से समाप्त करने कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरपालिका, खाद्य, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। खनिज न्यास निधि का उपयोग करते हुए माह अक्टूबर से विशेष रूप से 12 माह के लिए अभियान चलाया गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत 1333 शिशुवती महिलाओं, 2295 छह माह से 3 वर्ष के कुपोषित बच्चों और 15 से 49 वर्ष के एनीमिया पीड़ित 3215 महिलाओं सहित कुल 6943 हितग्रहियों को उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए गर्भ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही 14471 हितग्राहियों को सप्ताह में दो दिवस मंगलवार और शुक्रवार को उबाल कर अंडा दिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रविकांत ध्रुवे ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत से अब तक चार माह में मध्यम कुपोषित 302 बच्चे कुपोषण से बाहर आ चुके है। वही इसी अवधि में गंभीर कुपोषण से मध्यम कुपोषण की श्रेणी आये बच्चों की संख्या 133 हो गई है।

वकीलों ने आवास निर्माण के लिए जमीन की मांग को लेकर राजस्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। उर्जाधानी में कोरबा में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ताओ को कम दर पर आवास निर्माण के लिए जमीन की मांग लम्बे अर्से से की जा रही है। जिससे अधिवक्ताओ का घर का सपना साकार हो सके। इसके लिए जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने राजस्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल से मुलाकात कर आवास निर्माण के लिए जमीन दिलाने की मांग की है।

उर्जाधानी में कार्यरत वकीलों ने आवास निर्माण के लिए एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। लम्बे समय से वकीलों के लिए भूमि

आबंटन की मांग की जा रही है। इसके लिए सोसायटी का निर्माण कराया गया है। जमीन आबंटन के लिए मंगलवार को राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से भेंट कर स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रवीन्द्र पराशर, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सदस्य अधिवक्ता सुधीर निगम, सोमनाथ राठौर, संजय शाह ने अधिवक्ताओं को आवास हेतु भूमि आवंटित कराने के लिए ज्ञापन सौंपा है ।

अनदेखी बचेली आनलाइन सट्टा कारोबार चरम पर सटोरियों को पुलिस का खौफ नहीं

नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। तकनीक के चलते अन्य जगह की तरह अब बचेली नगर में भी सट्टा बाजार का सिस्टम बदल गया है। मोबाइल से एप डाउनलोड कर वेबसाइट व्हाट्स एप और फोन के माध्यम से सट्टा लगाया जा रहा है। इसमें पुरानी तकनीक से पर्ची काटना और परिणाम घोषित होने का सिस्टम अब बंद हो चुका है। इसमें अभी भी खाईवाल और गेम प्लानर एजेंटों के माध्यम से बचेली में कई युवाओं के साथ मोबाइल पर सट्टा चला रहे हैं। बचेली में भी कई हजार रुपए रोजाना का जुआ-सट्टा का कारोबार चल रहा है।

सूत्रों के मुताबिक बचेली में इन जगहों में खेला जा रहा ऑनलाइन सट्टा मुख्य मार्ग की कुछ दुकानों, लेबर हार्ट, मुख्य बाजार, कुछ चाय की दुकानों, कुछ पान ठेलो, कुछ सेलून, आदि जगह पर चोरी छिपे सट्टा खिलाया जा रहा है। सट्टे के फैले इस जाल में युवाओं के साथ गरीब व मध्यम वर्ग के लोग फंसते जा रहे हैं। कई लोगो ने सट्टे में हारकर अपनी जान गवाई है। ऑनलाइन जुआ सट्टा कारोबार के तार बचेली सहित के आसपास के क्षेत्रो में कैंसर की तरह फैल रहा है। सीधे मुंबई व अन्य जगह से जुडक़र खाईवाल व एजेंट के जरिये इस खेल में कई लोग अपने रुपए दांव पर लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस ऑनलाइन खेल खेलने वाले को कई नंबर्स में से किसी एक नंबर को चुनना होता है। उस पर शर्त लगानी पड़ती है। सही नंबर

आने पर जीता हुआ माना जाता है। कई लोगों के सट्टे के कारोबार में कदम रखने के बाद आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। कई परिवार बर्बाद हो चुके है। दिहाड़ी मजदूर ज्यादा प्रभावित होते है। कईयों ने सट्टे में पैसा लगाने के लिए घरों के बर्तन तक बेच दिए है ऑनलाइन सट्टे के इस खेल में गेम प्लानर, खाईवाल, सटोरिये पुलिस की पकड़ से दूर है । सूत्रों का कहना है कि ऑफ्लाइन ताश के पत्तों के जरिए पर्चिया काटने व समूह में खेलने के कारण पकड़ में आ जाते हैं, लेकिन अब मोबाइल के जरिये गेम होने से पुलिस के लिए इन लोगों तक पहुंच बनाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

परिवार की मोटी कमाई लग रही दांव पर

बचेली में सट्टा मटका में मुंबई, नाइट का ज्यादा क्रेज प्ले स्टोर से डाउनलोड सट्टा मटका एप में टाइम बाजार, मिलन डे, कल्याण नाइट, मैन, मैन मुंबई डे, मिलन नाइट, श्रीदेवी आदि प्रमुख खेल है, जिसे बचेली में चोरी छिपे खेला जा रहा है। सट्टा मटका में रिस्क ज्यादा होता है, लेकिन फायदा भी अच्छा खासा होता है। ऐसे में कई लोगों ने अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर इस जुए में जुड़ गए है। ऑनलाइन टिप्स व जानकारी देकर फंसाया जा रहा युवाओं को सट्टा मटका के लिए टिप्स और जानकारी देने के लिए ऐप और कई वेबसाइट है। इन पर सट्टा मटका के रिजल्ट लाइव दिखाए जाते हैं। इसके अलावा कई एप है जो सट्टा मटका के नतीजों का पहले से आंकलन करते हैं। इन ऐप और वेबसाइट में सट्टा मटका से जुड़े नंबर्स बताए जाते हैं। जो जीतने के लिए जरूरी होते हैं। इन वेबसाइट पर प्रत्येक सट्टा मटका की टाइमिंग लिखी होती है। जैसे वो कब से कब तक खुलेगा और क्या नतीजा आ सकता है आदि।

सटोरिये हुए हाइटेक, पुलिस नहीं ले रही साइबर एक्सपर्ट का सहारा : शॉर्टकट पैसा कमाने की लालच में युवा सट्टे की गिरफ्त में उलझ रहे हैं। ऐसे में ऑनलाइन कारोबार को रोकने के लिए पुलिस को तकनीक से लैस होकर कार्रवाई करनी होगी। अभी भी पुलिस के हाथ सिर्फ ताश के पत्तों के जरिए जुआ खेलने वाले तक ही पहुंच पाते है।

थाना प्रभारी श्री शील आदित्य सिंह : बचेली थाना प्रभारी शील आदित्य सिंह के मुताबिक ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालो को साइबर एक्सपर्ट की मदद से पता तलाश किया जा रहा है। बहुत ही जल्द सट्टा खिलाने वालो के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

न्यूज गैलेरी

सुनील गावसकर को मदद करने 'मैदान' में उतरे सचिन तेंडुलकर

बांद्रा में खोलना चाहते हैं क्रिकेट अकैडमी

मुंबई। लिटिल मास्टर सुनील गावसकर की मदद के लिए मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर आगे आए हैं। उन्होंने गावसकर के फंसे प्लॉट पर उनके साथ मिलकर क्रिकेट अकैडमी खोलने का प्रस्ताव रखा है। इस बारे में तेंडुलकर ने 24 दिसंबर को गावसकर के साथ मातोश्री का दौरा किया और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावसकर को मदद करने के लिए सचिन तेंडुलकर ने 'पैडअप' कर लिया है। दरअसल, इन दोनों ने संयुक्त रूप से बांद्रा प्लॉट पर एक क्रिकेट अकादमी शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। दरअसल, यह प्लॉट 31 वर्ष पहले सुनील गावसकर के ट्रस्ट को अलॉट किया गया था, लेकिन काफी समय तक कोई कंस्ट्रक्शन नहीं हुआ तो महाराष्ट्र हाउसिंग ऐंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) 'गावसकर ट्रस्ट' से वापस लेना चाहता है। अब इस मामले में गावसकर की मदद के लिए सचिन आगे आए हैं। रंगशारदा सभागार के पास 21,348-वर्ग फुट का भूखंड 31 साल पहले सुनील गावसकर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को एक इनडोर क्रिकेट अकादमी स्थापित करने के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन कई वर्षों में कोई निर्माण नहीं किया गया था। दिसंबर में अथॉरिटी ने राज्य सरकार से यह कहते हुए प्लॉट को वापस लेने की बात कही कि 'गावसकर ट्रस्ट' के साथ डील खत्म हो गई है। म्हाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गावसकर के ट्रस्ट को तीन साल के भीतर प्लॉट पर अकादमी का निर्माण करना था। ट्रस्ट को यह जमीन 60 के लिए आवंटित की गई थी और 1999, 2002 और 2007 में नियम और शर्तों को संशोधित किया गया था। ट्रस्ट को बाहरी स्रोतों से वित्त जुटाने की भी अनुमति दी गई थी, लेकिन 2011 में, म्हाडा को अतिक्रमण की शिकायतें मिलीं। ट्रस्ट के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव भी रखा गया था। गावसकर और सचिन उद्धव के साथ मातोश्री में मुलाकात करने के तीन दिन बाद बांद्रा पश्चिम के भाजपा विधायक और मुंबई क्रिकेट असोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आशीष शेलार ने उद्धव को लिखा कि म्हाडा को भूखंड को वापस लेने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने अपने पत्र में लिखा- गावसकर की उपलब्धियों पर हमें गर्व है और हम चाहते हैं कि उनके अनुभवों का देश को फायदा मिले, लेकिन प्लॉट को अलॉट किए 3 दशक हो गए। अब तक न तो लीज साइन हुई और न ही प्लॉट को सुरक्षित करने की कोई व्यवस्था उन्होंने की। इस तरह उस प्लॉट का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। अगर अथॉरिटी प्लॉट वापस चाहते है तो उसे दिया जाना चाहिए।

रणजी में 12000 रनों के एवरेस्ट पर पहुंचे जाफर

नागपुर (वार्ता)। विदर्भ के बल्लेबाज वसीम जाफर केरल के खिलाफ मंगलवार को रणजी ट्राफी मुकाबले के दौरान इस टूर्नामेंट में 12000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। 41 वर्षीय जाफर ने 1996-97 में रणजी में पदार्पण किया था और वह मुंबई तथा विदर्भ की तरफ से रणजी में खेले हैं। वह भारत के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने रणजी में 150 मैच खेले हैं। वर्ष 2018 में वह रणजी में 11000 रन बनाने वाले भी पहले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने भारत के लिए 31 टेस्ट मैच में 1944 रन बनाए हैं। जाफर ने अपने टेस्ट करियर में पांच शतक और 11 अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक भी लगाया है।

ओडिशा, उत्तर प्रदेश सीनियर राष्ट्रीय महिला हाकी में जीते

कोल्लम। ओडिशा और उत्तर प्रदेश ने सोमवार को यहां 10वीं हाकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2020 (ए डिविजन) के पांचवें दिन जीत दर्ज की। ग्रुप ए में ओडिशा ने हाकी एचआईएम के खिलाफ 6-1 की आसान जीत दर्ज की जबकि उत्तर प्रदेश हाकी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हाकी चंडीगढ़ को 3-2 से हराया। हाकी गंगपुर ओडिशा और भारतीय खेल प्राधिकरण के बीच मुकाबले को रद्द कर दिया गया।

बेल्जियम के खिलाफ भारत के कप्तान होंगे मनप्रीत, राजकुमार पाल नया चेहरा

नई दिल्ली। दुनिया की नंबर एक टीम बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के मुकाबलों में मनप्रीत सिंह भारतीय टीम के कप्तान होंगे जबकि 24 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा राजकुमार पाल है ।हरमनप्रीत सिंह आठ और नौ फरवरी को भुवनेश्वर में होने वाले मैचों में भारत के उपकप्तान होंगे । राजकुमार पाल ने पिछले सत्र में भारतीय जूनियर टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन किया । जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी । अनुभवी पी आर श्रीजेश , कृष्ण पाठक, गुरिंदर सिंह, अमित रोहिदास, सुरेंदर कुमार, जरमनप्रीत सिंह, रूपिंदर पाल सिंह भी टीम में है । मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा ,''इन मैचों का मकसद ओलंपिक चयन के लिये टीम का सही संयोजन तलाशना है और हर खिलाड़ी को अपना दावा पुख्ता करने का मौका देना है ।'' टीम : पी आर श्रीजेश, के बी पाठक, हरमनप्रीत सिंह, गुरिंदर सिंह, अमित रोहिदास, सुरेंदर कुमार, जरमनप्रीत सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, चिंग्लेनसना सिंह, राज कुमार पाल, दिलप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, रमनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, शमशेर सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह, कोथाजीत सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा, नीलाकांता शर्मा, गुरजंत सिंह, एस वी सुनील ।

नागल टाटा महाराष्ट्र ओपन से बाहर

पणजी। भारत के सुमित नागल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां तीसरे टाटा ओपन महाराष्ट्र के पुरुष एकल के पहले दौर में सर्बिया के विक्टर ट्रोइकी के खिलाफ शिकस्त के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 12वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी के खिलाफ 6-2, 6-7, 1-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। वापसी कर रहे जर्मनी के सेड्रिक मार्सेल स्टीब ने पिछले साल के उप विजेता इवो कार्लोविच को पहले ही दौर में 6-3 6-4 से हराकर उलटफेर किया। पांचवें वरीय युइची सुगिता ने भी इटली के थमास फाबियानो के खिलाफ 6-3 6-0 की जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई।

राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए स्टेडियम के इस्तेमाल की सशर्त अनुमति

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने आगामी 21 मार्च को मानस भवन में होने वाले न्यायिक अकादमी की पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में आ रहे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्टेडियम का उपयोग करने की सशर्त अनुमति दी है।

जबलपुर (वार्ता)। मुख्य न्यायाधीश ए के मित्तल और न्यायाधीश वीके शुक्ला की युगलपीठ ने कहा है कि जिला प्रशासन को स्टेडियम का इस्तेमाल करने के बाद उसे उसके पुराने स्वरूप में वापस लौटाना होगा। प्रकरण को विशेष परिस्थिति का मानते हुए युगलपीठ ने यह निर्देश देकर मामले का निराकरण कर दिया।

यह मामला जबलपुर जिला मजिस्ट्रेट की ओर से दायर किया गया था जिसमें कहा गया था कि सतीश वर्मा की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने 2 दिसंबर 2015 को राईट टाउन स्टेडियम का इस्तेमाल सिर्फ खेल की गतिविधियों के लिए ही करने के आदेश दिए थे। प्रशासन का कहना था कि आगामी 21 मार्च को न्यायिक अकादमी के मानस भवन में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया शरद अरविन्द बोबड़े के साथ कई जानी मानी हस्तियाँ आ रही हैं। चूंकि कार्यक्रम में राष्ट्रपति आ रहे हैं और उनकी सुरक्षा के अलग मापदण्ड होते हैं। इस आयोजन के लिए स्टेडियम की करीब 14 फीट दीवार तोडना पड़ेगी, ताकि राष्ट्रपति का कारकेड मानस भवन तक पहुंच सके।

प्रशासन का यह भी कहना था कि कार्यक्रम के लिए जो भी नुकसान होता है, उसको सही करके स्टेडियम को उसके पुराने स्वरूप में लौटा दिया जाएगा। इन आधारों के साथ मामले में राईट टाउन स्टेडियम का इस्तेमाल करने की इजाजत देने की प्रार्थना हाईकोर्ट से की गई थी। सुनवाई पश्चात् विशेष परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए स्टेडियम के इस्तेमाल की अनुमति देकर मामले का पटाक्षेप कर दिया।

न्यूजीलैंड दौरा | रोहित की जगह मयंक वनडे टीम में, पृथ्वी और सैनी टेस्ट टीम में शामिल, मयंक लेंगे रोहित की जगह

पृथ्वी और मयंक करेंगे ओपनिंग, राहुल मध्यक्रम में

भारतीय टीम पांच मैचों की टी-20 सीरीज में ऐतिहासिक कामयाबी हासिल करने के बाद सातवें आसमान पर है और उपकप्तान रोहित शर्मा के चोट के कारण शेष दौरे से बाहर हो जाने के बावजूद टीम इंडिया बुधवार से शुरु हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी अपना विजय रथ दौड़ाने के इरादे से उतरेगी।

हैमिल्टन (वार्ता)। रोहित चोट के कारण वनडे और टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं और भारतीय कप्तान विराट कोहली ने साफतौर पर संकेत दे दिया है कि हैमिल्टन में होने वाले पहले वनडे में पृथ्वी शॉ और मयंक अग्रवाल ओपनिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि टी-20 सीरीज में मैन ऑफ द सीरीज रहे ओपनर लोकेश राहुल को पांचवें नंबर पर उतारा जाएगा।

मयंक को चोटिल रोहित की जगह वनडे टीम में शामिल किया गया है और इस मैच से उन्हें अपना वनडे पदार्पण करने का मौका मिलेगा। पृथ्वी पहले ही चोटिल शिखर धवन की जगह वनडे टीम में शामिल कर लिए गए थे। यह लंबे समय बाद पहला मौका होगा जब रोहित और शिखर दोनों ही वनडे टीम में नहीं होंगे और एक नयी ओपनिंग जोड़ी भारत की तरफ से पारी की शुरुआत करेगी। कप्तान विराट ने मैच से एक दिन पहले कहा,÷यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रोहित इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। क्रिकेट के सभी प्रारुप में वह पहली पसंद होते है और टीम में और जिस तरह से वह प्रदर्शन करते हैं उसका प्रभाव देखने को मिलता है। उन्होंने कहा,÷पृथ्वी टीम में हैं और वह रोहित की जगह टीम में शामिल हुए मयंक के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। राहुल पांचवें नंबर पर खेलेंगे। हम चाहते हैं कि वह इस नंबर पर बल्लेबाजी करें और साथ ही विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी संभालें। भारतीय सलामी जोड़ी को रोहित और शिखर की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी संभालनी होगी और बड़ी साझेदारी करनी होगी जिससे न्यूजीलैंड पर शुरुआत से ही दवाब बढ़ाया जा सके। पृथ्वी और मयंक को बेहतर खेल का प्रदर्शन कर बड़ा स्कोर बनाना होगा जिससे मध्यक्रम पर दवाब नहीं बढ़े। मध्यक्रम में विराट, श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल पर दारोमदार होगा जबकि गेंदबाजी की कमान फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी संभालेंगे। विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी-20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन किया था और इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी उनका प्रदर्शन उम्दा रहा था। अय्यर भी फॉर्म में चल रहे हैं और राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के पांचों मैच में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। बुमराह जहां एक ओर अपनी गेंदबाजी से मेहमान टीम पर कहर बरपा सकते हैं तो वहीं दूसरे छोर से शमी भी विपक्षी टीम के बल्लेबाजों को खासा परेशान करने का माद्दा रखते हैं। भारत ने इससे पहले पिछले वर्ष न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज 4-1 से जीती थी और अभी भी उसने टी-20 में कीवी टीम को 5-0 से रौंदा था जिससे टीम इंडिया का आत्मविश्वास मजबूत हुआ है। न्यूजीलैंड दौरे से पहले पिछले वर्ष के अंत में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई तीन मैचों की सीरीज भी भारत ने 2-1 से जीती थी।

विलियम्सन पहले दो वनडे से बाहर

हैमिलटन (वार्ता)। भारत से टी-20 सीरीज 0-5 से हार चुकी न्यूजीलैंड की टीम को बुधवार से शुरू होने वाली वनडे सीरीज की पूर्वसंध्या पर गहरा झटका लगा है जब उसके कप्तान केन विलियम्सन बाएं कंधे में चोट के चलते पहले दो वनडे से बाहर हो गए हैं।

विलियम्सन की जगह टॉम लाथम कप्तानी संभालेंगे। विलियम्सन की जगह मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। विलियम्सन को तीसरे टी-20 के दौरान चोट लगी थी जिसके बाद वह

टीम को क्षेत्ररक्षण में सुधार की जरुरत : विराट

हैमिल्टन (वार्ता)। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज 5-0 से जीतने के बावजूद भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को कहा कि टीम को अपने क्षेत्ररक्षण में अब भी सुधार करने की जरुरत है। विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे की पूर्वसंध्या पर मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में क्षेत्ररक्षण में सुधार पर विशेष जोर दिया। भारत ने यह सीरीज 5-0 से जीती लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और कई कैच टपकाए गए थे। इसी बात को लेकर भारतीय कप्तान ने क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरुरत पर बल दिया है। भारतीय कप्तान ने कहा, हमें क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा। अगर आप देखें तो टीम में औसतन खिलाड़ी की उम्र ज्यादा से ज्यादा 27 वर्ष की है तो हमें इस हिसाब से फील्डिंग करनी होगी।

कोरोना के कारण चीन में डब्ल्यूसीबीए लीग स्थगित

बीजिंग (वार्ता)। चीन बॉस्केटबॉल संघ (सीबीए) ने देश में फैले कोरोना वायरस के कारण चीन महिला बॉस्केटबॉल संघ (डब्ल्यूसीबीए) लीग को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की।

डब्ल्यूसीबीए ने वर्ष 2019-20 का सत्र दो जनवरी से शुरु किया था जिसमें 18 राउंड के मैच खेले गए थे। इस लीग को 13 फरवरी से दोबारा शुरु होना था लेकिन देश में फैले कोरोना वायरस के कारण इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट को भी स्थगित कर दिया गया था जिसका आयोजन चीन के हेनान में फरवरी के अंत में होना था। सीबीए ने बयान जारी कर कहा कि यह फैसला देश में फैले कोरोना वायरस के चलते लिया गया है जिसके कारण चीन में अब तक 360 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

साउथ अफ्रीका दौरे में मैक्सवेल की वापसी

विस्फोटक बल्लेबाज ग्लैन मैक्सवेल की दक्षिण अफ्रीका दौरे पर होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से पिछले साल अक्टूबर में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान खेल से ब्रेक लिया था।

कैनबरा। विस्फोटक बल्लेबाज ग्लैन मैक्सवेल की दक्षिण अफ्रीका दौरे पर होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से पिछले साल अक्टूबर में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान खेल से ब्रेक लिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल जनववरी में भारत दौरे के लिए खुद को उपलब्ध बताया था। लेकिन भारत दौरे के लिए मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। उनकी जगह मार्नस लाबुशाने को चुना गया था। मैक्सवेल के अलावा उनके बीबीएल टीम साथी मार्कस स्टॉईनिस को टीम में जगह नहीं मिली है। स्टॉईनिस ने बीबीएल में पिछले महीने 79 गेंदों पर 147 रनों की नाबाद पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया को 21 फरवरी से जोहानिसबर्ग में तीन मैचों की वनडे और तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है।

टी-20 टीम: आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, मिच मार्श, ग्लैन मैक्सवेल, जे. रिचर्डसन, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

वनडे टीम: आरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशाने, मिच मार्श, ग्लैन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

फिट इण्डिया-गोकी ने लॉन्च किया फिट इण्डिया एक्टिव संडे

नई दिल्ली (वार्ता)। फिट इण्डिया और गोकी ने आपस में मिलकर फिट इण्डिया एक्टिव संडे लांच किया है जिसका एकमात्र उद्देश्य भारतीयों को फिट बनाना है। फिट इण्डिया एक्टिव संडे ऐसी कई गतिविधियों में से एक है, जिन्हें फिट इण्डिया मिशन ऑफिस और गोकी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को स्वस्थ बनाने के लिए अंजाम दिया है। फिट इण्डिया एक्टिव संडे का आयोजन 50 स्थानों में गोकी के सर्टिफाईड चैम्पियनों द्वारा किया जाएगा। ये चैम्पियन कई गतिविधियों जैसे फंक्शनल ड्रिल्स, प्रॉप- बेस्ड ड्रिल्स, वॉकिंग, हेरिटेज वॉक, जॉगिंग, नैचुरल ट्रेल, लोंग रन, स्पीड ड्रिल, बॉडी वेट वर्कआउट, योग, मेडिटेशन, फुटबॉल, कबड्डी, साइक्लिंग और चाइल्डहुड गेम्स का आयोजन करेंगे। इस मुहिम के आगे बढ़ने के साथ देश भर में कई अन्य स्थानों पर भी इन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

मानसी बीबीसी महिला अवॉर्ड | **आठ मार्च को दिया जाएगा पुरूस्कार**

मैरी, सिंधू, विनेश और दुती दावेदार

छह बार की विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम, बैडमिंटन की पहली भारतीय विश्व चैंपियन पीवी सिंधू, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण विजेता पहलवान विनेश फोगाट, स्टार फर्राटा धाविका दुती चंद और पैरा बैडमिंटन चैंपियन मानसी जोशी को बीबीसी ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। बीबीसी न्यूज में भारतीय भाषाओं की प्रमुख रुपा झा और बिजनेस डेवलपमेंट एशिया पैसिफिक प्रमुख इंदुशेखर सिन्हा ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमैन ऑफ द इयर पुरस्कार पहली बार शुरु किया गया है और विजेता खिलाड़ी को आठ मार्च को एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार दिया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में युवा महिला पहलवान सोनम मलिक मौजूद थीं जिन्होंने हाल में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक को हराया था।

रुपा झा ने बताया कि इन पांच नामितों के नामों का चयन खेल पत्रकारों, विशेषज्ञों और खेल लेखकों की 40 सदस्यीय जूरी ने अपनी वोटिंग से किया है। विजेता का फैसला जनता की वोटिंग से होगा और जनता के लिए वोटिंग आज से शुरु हो गयी है जो 17 फरवरी को रात 11 बजे तक खुली रहेगी। एक व्यक्ति एक खिलाड़ी के लिए ही वोट कर पाएगा। वोटिंग लाइन छह भाषाओं में होगी ताकि हर एक किसी को अपनी पसंद के हिसाब से खिलाड़ी चुनने का मौका मिल सके। आठ मार्च को विजेता की घोषणा होगी और उसे इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एक लीजेंड खिलाड़ी को लाइफटाइम पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। रुपा ने साथ ही बताया कि इन पांच नामित खिलाड़ियों के जीवन के संघर्ष और सफलता की कहानी का प्रसारण किया जाएगा।

रोहताश एलब्रुस फतेह करने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही

हिसार (वार्ता)। हरियाणा के हिसार जिले के मलापुर गांव के रोहताश खिलेरी ने विंटर तथा समर सीजन में यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस को फतेह करने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने विंटर सीजन में इस चोटी पर जाने का भारतीय रिकॉर्ड बनाया है। विंटर सीजन में अभी तक कोई भी भारतीय पर्वतारोही इस चोटी पर नहीं पहुंचा है। रोहताश ने एक फरवरी को दोपहर करीब डेढ बजे यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोहताश इस चोटी को पहले समर सीजन में फतेह कर चुके है और इस बार वह यहां पर 24 घंटे रूकने का विश्व रिकॉर्ड बनाने के प्रयास में थे लेकिन रोहताश के साथ गए गाइड की हालत खराब होने के चलते उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए अपने रिकॉर्ड से ज्यादा गाइड की जान बचाना जरूरी समझा और इस मिशन को टाल दिया। रोहताश भले ही विश्व रिकॉर्ड नहीं बना पाए, लेकिन विंटर सीजन में इस सबसे ऊंची चोटी को फतेह करने वाले वह पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए है।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में भी विशेषज्ञों की ओपीडी, 12 विभागों के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क इलाज

अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञों द्वारा अब तक 229 स्लम क्षेत्रों में उपचार

प्रदेश की 1628 स्लम्स में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल टीम का नियमित कैंप, 2.16 लाख लोगों का इलाज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य शासन ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में नया आयाम जोड़ा है। स्लम क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल टीम के नियमित शिविर के साथ ही अब विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ भी लोगों का निःशुल्क इलाज कर रहे हैं। प्रदेश के 13 नगर निगमों में 12 अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। योजना के अंतर्गत निजी एवं सरकारी क्षेत्र के नामी विशेषज्ञों ने अब तक 229 शिविरों में मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं दी हैं। स्लम क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा मुहैया कराने स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक विशेषज्ञों को इस योजना से जोड़ रहा है।

सभी नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए सरकार मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही लोगों के बीच भी पहुंचकर जांच व उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दे रही हैं। जिला अस्पतालों में ख्याति प्राप्त सुपरस्पेशिलस्टों की ओपीडी सेवा के बाद अब मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में भी लोगों को विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परामर्श सुलभ हो रही है। योजना शुरू होने के बाद से अब तक तीन हजार 233 शिविरों में प्रदेश के करीब दो लाख 16 हजार शहरी आबादी को चिकित्सा सेवा मुहैया कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल टीम एक हजार 628 स्लम्स में इलाज के लिए नियमित पहुंच रही है।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में नगर निगम वाले 13 शहरों में सरकारी और निजी अस्पतालों के अस्थि रोग, त्वचा रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, दंत रोग, मधुमेह, कान-नाक-गला, कैंसर व न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ तथा एम.डी. मेडिसीन की निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्लम क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में मलेरिया, एचआईव्ही, मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ, उच्च रक्तचाप, नेत्र विकार व गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ ही बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

योजना के अंतर्गत पिछले चार महीनों में कुल आठ हजार 723 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। स्लम क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में 49 हजार 517 लोगों के उच्च रक्तचाप, 29 हजार 042 लोगों की मधुमेह, 16 हजार 617 लोगों की रक्त-अल्पता (एनिमिया), तीन हजार 851 लोगों के नेत्र विकार, 351 लोगों की टीबी, 391 लोगों की कुष्ठ और एक हजार 753 लोगों की एचआईव्ही जांच की गई है। मोबाइल मेडिकल दलों ने इस दौरान तीन हजार 852 गर्भवती महिलाओं की जांच और 936 शिशुओं का टीकाकरण किया है। डायरिया पीड़ित दो हजार से अधिक मरीजों का उपचार भी इन शिविरों में किया गया है। जांच एवं उपचार के बाद कुल एक लाख 15 हजार लोगों को निःशुल्क दवाईयां दी गई हैं।

गांधी जयंती के मौके पर पिछले साल 2 अक्टूबर को योजना की शुरूआत से अब तक कुल दो लाख 15 हजार 777 लोगों का इलाज किया गया है। बिलासपुर नगर निगम में 99 हजार 475, रायपुर में 36 हजार 368, कोरबा में 21 हजार 114, भिलाई में दस हजार 921, जगदलपुर में आठ हजार 420, दुर्ग में आठ हजार 395 और रायगढ़ में सात हजार 892 लोगों को निःशुल्क उपचार, चिकित्सा परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गई हैं। राजनांदगांव नगर निगम में छह हजार 676, बिरगांव में छह हजार 096, चिरमिरी में चार हजार 254, चरोदा में तीन हजार 581, धमतरी में एक हजार 176 एवं अंबिकापुर में 909 लोगों का उपचार हुआ है।

मोबाइल मेडिकल टीमों द्वारा पिछले चार महीनों में नगर निगम वाले 13 शहरों की एक हजार 628 स्लम्स में तीन हजार 233 शिविर लगाए गए हैं। इस दौरान भिलाई नगर में एक हजार 025, दुर्ग में 759, रायपुर में 349, कोरबा में 319, राजनांदगांव में 117, चिरमिरी में 116 और चरोदा में 108 शिविर आयोजित किए गए हैं। रायगढ़ में 98, बिलासपुर में 92, अंबिकापुर में 86, बिरगांव और जगदलपुर में 67-67 तथा धमतरी नगर निगम में 30 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से स्लम क्षेत्रों में इलाज मुहैया कराया गया है।

अबूझमाड़ में 8 को शांति के लिए दौड़ेंगे देश-विदेश के हजारों धावक

■ मुख्यमंत्री दिखाएंगे धावकों को हरी झंडी

रायपुर (नवप्रदेश)। अबूझमाड़ में इस वर्ष भी पीस हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मैराथन का शुभारंभ करेंगे। इस दौड़ में शामिल होने के लिए अब तक देश-विदेश के हजारों धावकों ने अपना पंजीयन करा लिया है।

सूत्रों ने बताया कि अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन 08 फरवरी को जिला मुख्यालय के बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल खेल मैदान से प्रातः 6.30 बजे से किया जाएगा। करीब 21 किलोमीटर के इस हाफ मैराथन का समापन विकासखंड ओरछा के ग्राम बासिंग में सुबह 10.30 बजे होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इस अवसर पर मंत्री कवासी लखमा, प्रभारी मंत्री रूद्र कुमार गुरू, बस्तर के सांसद दीपक बैज, कोण्डगांव विधायक मोहन मरकाम, नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप, नपा अध्यक्ष सुनीता मांझी सहित अन्य गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि गत वर्ष हुए पीस हॉफ मैराथन में न केवल देश-प्रदेश के धावकों ने हिस्सा लिया था, बल्कि विदेश के धावकों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

मंत्री टीएस सिंहदेव पहुंचे आयुर्वेदिक कालेज

रायपुर। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव आज आयुर्वेदिक कालेज पहुंचे और यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर श्री सिंहदेव ने समस्याओं के जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव आज शासकीय आयुर्वेदिक कालेज पहुंचे थे। वे यहां स्वशासी समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक समाप्ति के बाद कालेज के छात्र-छात्राओं ने मंत्री श्री सिंहदेव से मुलाकात की तथा कालेज तक आने-जाने के लिए बस उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर श्री सिंदेव ने जल्द ही बस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा कालेज के कार्यक्रम के लिए नजदीक स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम का उपयोग करने का निर्देश भी दिया।

स्कूलों में कम्प्यूटर लैब और ई-क्लास रूम से होगी पढ़ाई

प्रदेश के चार हजार 330 हायर सेकेण्डरी और हाई स्कूल चयनित

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल और हाई स्कूल के बच्चे अब स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई करेंगे। प्रदेश में पहली बार प्रदेश के चार हजार 330 हायर सेकेण्डरी और हाई स्कूल स्कूलों में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित 'ई-क्लास' रूम और लैब की स्थापना की जा रही है। प्रदेश के इन स्कूलों में आधुनिक तकनीकी से उच्च गुणवत्ता पूर्ण पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा देने का इंतजाम किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से इन स्कूलों में शिक्षा अब 'ब्लैक-बोर्ड से की-बोर्ड' की ओर अग्रसर हो रही है। प्रथम चरण में राज्य के सात जिले रायपुर, बालोद, बेमेतरा, महासमुंद, राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी जिले के 515 स्कूलों में ई-क्लास कम्प्यूटर लैब तथा 768 स्कूलों में डिजिटल क्लास रूम की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी आज राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आईसीटी योजना के अंतर्गत 50 मास्टर ट्रेनर्स के चार दिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र में दी।